राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 69
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 23 सितंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 भव्य रामलीला का मंचन : बाल मन्दिर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल के छात्रों की भव्य राम लीला

पेज 5 ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी केस: शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच की मांग, मुस्लिम पक्ष को जवाब के लिए नोटिस

पेज 7 ईरान में महिला क्रांति और तेज, हिजाब के खिलाफ प्रदर्शनों में अब तक 9 की मौत

# पीएफआई पर एनआईए की छापेमारी, 106 गिरफ्तार

## संगठन के प्रमुख ओमा सालम भी अरेस्ट, जांच एजेसियों के 500 अफसर सर्च ऑपरेशन में शामिल



नई दिल्ली। एनआईए की कार्रवाई के बाद केरल-कर्नाटक समेत कई राज्यों में पीएफआई कार्यकर्ताओं ने सेंट्रल एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार आधी रात से 15 राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 93 ठिकानों पर छापेमारी की, जो अब तक जारी है। टेरर फंडिंग केस में हो रही इस कार्रवाई में पीएफआई से जुड़े 106 सदस्यों को अरेस्ट किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गिरफ्तार होने वालों में संगठन प्रमुख ओमा सालम भी शामिल है।

एनआईए और ईडी के 500 अफसर सर्च ऑपरेशन में शामिल थे। एनआईए के सूत्रों ने बताया- 5 मामलों में 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये पीएफआई नेता, कैडर आतंकवाद और आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसे, हथियार चलाने के ट्रेनिंग देने वाले लोग हैं। ये लोगों को प्रतिबंधित संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने का काम करते थे।

एनआईए और ईडी की यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, असम, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी और राजस्थान में चल रही है। इधर, कार्रवाई के बीच गृह मंत्रालय में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। मीटिंग में NSA अजीत डोभाल, गृह सचिव अजय भल्ला और एनआईए के महानिदेशक मौजूद रहे।

छापेमारी के दौरान से गिरफ्तार किए गए पीएफआई से जुड़े 18 आरोपियों को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी को 4 दिन की एनआईए की हिरासत में भेज दिया।

### झारखंड में बैन है संगठन, केंद्र के भी रडार पर

**समाज में सांप्रदायिकता फैलाने के आरोप में पीएफआई अभी सिर्फ झारखंड में ही बैन है। इसके खिलाफ संगठन ने कोर्ट में अपील भी की है। वहीं केंद्र सरकार भी पीएफआई पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। इसके लिए अगस्त में ही एक टीम बनाई गई थी, जिसे 3 मोर्चे पर काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।**

### छापेमारी के विरोध में सड़क पर उतरे पीएफआई कार्यकर्ता

एनआईए, ईडी छापेमारी खिलाफ पीएफआई के कार्यकर्ता केरल के मल्लपुरम, तमिलनाडु के चेन्नई, कर्नाटक के मंगलुरु में सड़कों पर उतर आए हैं। केरल में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम भी किया, जिसे हटाने के लिए पुलिस ने हल्का बलप्रयोग किया। इधर, पीएफआई ने बयान जारी करते हुए कहा है कि आवाज दबाने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। सेंट्रल एजेंसी हमें प्रताड़ित कर रही है। केरल में शुक्रवार को पीएफआई ने एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया है।

### 2 बड़े विवादों में आया पीएफआई का नाम

जुलाई में पटना पुलिस ने फुलवारी शरीफ में छापेमारी कर आतंकी साजिश का खुलासा किया था। खुलासे के मुताबिक आतंकियों के निशाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। इस केस में पीएफआई के कार्यकर्ताओं का नाम सामने आने के बाद सितंबर में एनआईए ने बिहार में छापेमारी की थी।

कर्नाटक के उडुपी में इस साल की शुरुआत में हिजाब का विवाद शुरू हुआ।

कर्नाटक सरकार के मुताबिक इस विवाद के पीछे भी पीएफआई कार्यकर्ता थे। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि पीएफआई की साजिश की वजह से कर्नाटक में हिजाब का विवाद पैदा हुआ।

# राजू श्रीवास्तव का अंतिम संस्कार, लोगों ने नम आंखों से दी विदायी

नयी दिल्ली। सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव का गुरूवार को यहां निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्रीवास्तव का बुधवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में बीमारी के कारण निधन हो गया था। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि श्री श्रीवास्तव के भाई ने उनको मुखाग्नि दी। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को प्रशंसकों के दर्शनार्थ रखा गया था। उनके दूसरे भाई तबीयत खराब होने के कारण अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके। हास्य कलाकार के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उनके परिजनों तथा प्रशंसकों ने नम आंखों से अपने चहेते कलाकार को विदायी दी। निर्माता निर्देशक मधुर भंडारकर और कई हास्य कलाकारों तथा सिने कलाकारों ने श्री श्रीवास्तव की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजू श्रीवास्तव तबीयत खराब होने के बाद गत 10 अगस्त से यहां एम्स में भर्ती थे।

# इटावा : भारी बारिश में मकान ढहने की चार घटनाओं में 07 मरे 05 घायल

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में पिछले 24 घंटे से हो रही भारी बारिश के दौरान बीती देर रात घर और दीवार ढहने की कुल चार घटनाओं में 04 सगे भाई बहनों एवं एक दंपति सहित 07 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 05 अन्य घायल हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा जिले में दीवार और कच्चा मकान गिरने की घटनाओं पर गुरुवार को संज्ञान लेते हुए इनमें हुई जनहानि पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों का समुचित उपचार कराने और मृतकों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिये हैं।

इन घटनाओं के बारे में इटावा के जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि कच्चे मकान और दीवार ढहने की चार घटनाओं में 07 लोगों के मरने और 05 अन्य के घायल होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि इटावा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रपुरा



गांव में बीती रात करीब 01 बजे एक कच्चे मकान की दीवार ढहने से घर का एक हिस्सा गिर गया। इसमें एक ही परिवार के 06 लोग मलबे में दब गये।

जब तक गांव वाले उन्हें निकालने की कोशिश करते तब तक 04 मासूम सगे भाई-बहनों की दर्दनाक मौत हो गयी।

बच्चों की दादी और एक अन्य मासूम गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय स्थित डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती करा दिया गया है। डॉक्टरों की टीम दोनों घायलों के उपचार में जुटी हुई है।

राय ने बताया कि इस घटना के मृतकों में शिंकू (10 साल),अभि (8 साल), सोनू (7 साल) और आरती (5 साल) शामिल है। इस हादसे में मृतक बच्चों की 75 साल की दादी श्रीमती शारदा देवी और 4 साल का ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गये।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक चारों भाई बहनों के माता-पिता की 2 - 3 साल पहले क्षय रोग से मौत हो चुकी है। बच्चों के पिता अवनीश और मां पूजा की मौत के बाद पूरा घर बार बेसहारा हो गया था।

# सहारनपुर : ईडी ने खनन माफिया हाजी इकबाल की 200 करोड़ की संपत्ति जब्त की

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अर्से से फरार चल रहे खनन माफिया और पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की मुश्किलें लगातार बढ़ाते हुए गुरुवार को उसकी लगभग 200 करोड़ रुपये कीमत की जमीन जब्त कर ली। दर्जनों आपराधिक मुकदमों में वांछित हाजी इकबाल को पकड़ने के लिये सहारनपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये



का इनाम भी घोषित किया हुआ है। गुरुवार को लखनऊ से सहारनपुर पहुंची ईडी की टीम ने हाजी इकबाल की करीब 200 करोड़ की जमीन को जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाजी इकबाल की देहरादून के मसूरी डायवर्जन पर स्थित जमीन को जब्त करते हुए ईडी ने चेतावनी का बोर्ड लगा दिया है। इस संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग 200 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह संपत्ति देहरादून के राजपुर रोड मसूरी डाइवर्जन के समीप बगराल गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित है। सहारनपुर के एसपी देहात सूरज कुमार राय ने बताया कि कई आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे हाजी इकबाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस एवं अन्य एजेंसियों को उसकी तलाश है। अवैध खनन और अन्य आपराधिक मामलों में उसका भाई एवं पूर्व एमएलसी महमूद अली और तीन बेटे फिलहाल जेल में बंद हैं।

# एनआईए के छापों से भड़का पीएफआई, जुमे पर हड़ताल का ऐलान, सड़कों पर किया संग्राम

## आनन-फानन में केरल के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन किया गया

तिरुवंतपुरम। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यकर्ताओं ने आतंकी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्तता के आरोप में एनआईए की छापेमारी पर विरोध जताया है। पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने संगठन के कार्यालयों, नेताओं के घरों और अन्य परिसरों में छापेमारी के खिलाफ गुरुवार को पूरे केरल में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही ऐलान किया वे जुमे पर केरल राज्य में सुबह से शाम तक हड़ताल करेंगे।

यहां पीएफआई ने बयान जारी करते हुए कहा है कि उसकी राज्य समिति ने पाया कि नेताओं की गिरफ्तारी राज्य प्रायोजित आतंकवाद का हिस्सा थी। पीएफआई के राज्य महासचिव ए अब्दुल सथर ने कहा,



केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके यह सरकार उनके खिलाफ असहमती दर्ज करने वालों पर कर रही है। उनकी इस कोशिश के खिलाफ 23 सितंबर को राज्य में हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बयान में कहा कि हड़ताल सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक होगी।

सुबह-सुबह छापेमारी की खबर मिलते ही पीएफआई कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में केरल के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ नारेबाजी की गी। हालांकि, सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने त्वरित कार्रवाई की और ऐसे हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती करके उपद्रवियों पर नकेल कसी। पीएफआई के एक सूत्र ने बताया कि तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, कोट्टायम, एर्नाकुलम और त्रिशूर सहित लगभग सभी जिलों में विरोध मार्च निकाले गए।

### पीएफआई के 14 पदाधिकारी हिरासत में

सूत्रों ने पीटीआई को बताया, छापेमारी मुख्य रूप से राज्य और जिला समितियों के कार्यालयों और उसके पदाधिकारियों के घरों में की गई थी। हालांकि शुरू में लगा कि तलाशी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा रही, बाद में यह स्पष्ट हो पाया कि यह एनआईए द्वारा छापेमारी की गई है। सूत्र ने कहा कि पीएफआई के राष्ट्रीय, राज्य और जिला नेताओं सहित 14 पदाधिकारियों को केंद्रीय एजेंसियों ने राज्य से हिरासत में लिया है। पीएफआई के प्रदेश अध्यक्ष सी पी मोहम्मद बशीर, राष्ट्रीय अध्यक्ष ओ एम ए सलाम, राष्ट्रीय सचिव नसरुद्दीन एलाराम और अन्य लोग हिरासत में हैं।

### संगठनों के खिलाफ दमनकारी नीति : पीएफआई

स्थानीय मीडिया ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से हिरासत में लिए गए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को कोच्चि में एनआईए कार्यालय लाया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ मौलवी ने कहा कि सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के त्रिशूर स्थित एक नेता के घर पर भी छापा मारा गया।

# दिल्ली पुलिस ने पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर को किया गिरफ्तार, खालिस्तानी आतंकी से जुड़े हैं तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर से आतंकवादी बने रिंडा के सहयोगी को उत्तर प्रदेश के बरेली से गिरफ्तार किया है। आरोपी कवर रणदीप सिंह उर्फ खारौद पंजाब का ए कैटेगरी का अपराधी है और दो साल से अधिक समय से वॉन्टेड था।

अधिकारियों ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब का रहने वाला कवर आईएसआई समर्थित खालिस्तानी आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा का करीबी साथी है।

स्पेशल सेल ने हाल ही में 29 अगस्त को हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े फायरिंग के मामले को सुलझाया था। इस मामले में




चारों हमलावरों को उनके हैंडलर-सहयोगी, फाइनेंसर और हथियार सप्लायर के साथ गिरफ्तार किया गया था। उस ऑपरेशन में गिरफ्तार आरोपियों में एक गगनदीप भी था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उसकी गिरफ्तारी ने पुलिस को कवर रणदीप सिंह तक पहुंचने में मदद की।

### कवर रणदीप को 12 सितंबर को किया गया था गिरफ्तार

पुलिस ने कहा कि शुरुआती तकनीकी सुराग के बाद एक संदिग्ध का पता लगाने के प्रयास किए गए जो सीमा पार से अपराधियों और आतंकवादियों के संपर्क में था। संदिग्ध का पता बरेली के खाई खेरा गांव का था। पुलिस ने कहा कि हरविंदर सिंह के आपराधिक-आतंकवादी गठजोड़ के करीबी सहयोगी कवर रणदीप सिंह को 12 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। कवर रणदीप सिंह पहले आठ से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल था।

# चंडीगढ़ : पंजाब सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब की भगवंत मान सरकार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता गुरुवार को सड़कों पर उतरे। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चंडीगढ़ में पंजाब सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंजाब के सीएम हाउस की तरफ कूच किया तो पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित 60 से अधिक नेताओं को चंडीगढ़ पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

इस प्रदर्शन को लेकर पंजाब भाजपा प्रमुख अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाजपा आप (क्क) सरकार को राज्य में सभी मुद्दों पर फेल होने पर पर्दाफाश करेगी। पंजाब भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आप सरकार ने चुनाव के दौरान महिलाओं के लिए प्रति महीने 1,000 रुपये देने का वादा किया था जिसे पूरा करने में वह फेल हुई है। इसके साथ ही वह कई सार्वजनिक मुद्दों को लेकर भी फेल रही।

पंजाब की भगवंत मान सरकार केवल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खुश करने की कोशिश कर रही है और पंजाब में ड्रग्स, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को हल नहीं किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है और कोई भी वाटर कैनन बीजेपी को सार्वजनिक मुद्दों को उठाने से नहीं रोक सकता है।

# आईजीआई हवाई अड्डे पर 55 लाख से अधिक अमेरिकी डॉलर बरामद

नयी दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरवार को हॉटकेस की परतों के अन्दर छिपा कर रखे गये 55.4 लाख रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं।

सीआईएसएफ ने एक बयान में बताया कि गुरवार को लगभग पौने छह बजे व्यवहार का पता लगने के आधार पर आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल -3 पर सीआईएसएफ के निगरानी और खुफिया कर्मचारियों ने %सी% पंक्ति चेक-इन क्षेत्र में एक यात्री की संदिग्ध गतिविधियों को देखा। बाद में इस यात्री की पहचान मोहम्मद इसराफिल के रूप में हुई, उसे दिल्ली से दुबई जाना था।

बयान में बताया गया कि संदेह होने पर उसकी ट्रोली बैग की सम्पूर्ण जांच के लिए एक्स-बीआईएस मशीन पर ले जाया गया। इस जांच में कुछ विदेशी मुद्रा छिपाने की संदिग्ध छवि देखी गई। इसके बाद उन्हें चेक-इन औपचारिकताओं को पूरा करने की अनुमति दी गई और भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से उस पर कड़ी निगरानी रखी गयी। चेक-इन प्रक्रिया और आप्रवासन औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उसे सीआईएसएफ कर्मियों ने रोका और उन्हें सीमा शुल्क कार्यालय में ले आये। उसके ट्रॉली बैग की पूरी तरह से जाँच करने पर 55.4 लाख रुपये मूल्य के 69,300 अमेरिकी डॉलर का पता चला, जो ट्रॉली बैग में रखे हॉटकेस की परतों के अंदर छिपा कर रखे गये थे।

# देश में 24 घंटों में कोरोना से मुक्त होने वालों की संख्या पांच हजार से अधिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना महामारी से मुक्त होने वालों की संख्या में 5291 वृद्धि होने से अब तक इससे छुटकारा पाने वालों की संख्या बढ़कर 43978271 हो गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 217.11 टीके दिये जा चुके हैं और इस अवधि में कोरोना महामारी संक्रमण के 5,443 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों का कुल आंकड़ा बढ़कर 4,45,53,042 हो गया।

इसी अवधि में महामारी से 14 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 528429 हो गया है। सक्रिय मामलों की दर 0.10 प्रतिशत है, दैनिक संक्रमण दर 1.61 प्रतिशत है और मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर बरकरार है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी के सक्रिय मामले 126 बढ़ने से इनकी संख्या 46342 रह गई। देश में स्वस्थ होने की दर 98.71 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 3,39,062 कोविड परीक्षण किए गये हैं। जिसके बाद कुल परीक्षणों की संख्या 89.27 करोड़ हो चुकी हैं।

देश में पिछले 24 घंटों में नौ राज्यों और चार केन्द्रशासित प्रदेश में कोराना सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी हुई है और अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है।

इसी दौरान, केरल में कोरोना के 190 सक्रिय मामले बढ़े हैं जिससे अब मामलों की संख्या बढ़कर 15556 हो गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 6704894 हो गयी है। राज्य में एक और मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 71036 हो गयी है।

इस बीच तमिलनाडु में कोरोना के 89 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 5159 हो गयी और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 3535117 हो गयी है। इस दौरान एक मरीज की जान जाने से मृतकों का संख्या 38041 हो गयी है।

आफत की बारिश

## जयपुर जाने वाला रास्ता भी बंद, नोएडा की सड़कों पर भी ट्रैफिक रुका

# बारिश से दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर 5 किमी लंबा जाम

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को हुई भारी बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इसके चलते दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, यूपी सहित आसपास के कई इलाकों में जल-जमाव और पेड़ गिरने की वजह से लंबा ट्रैफिक जाम लगा रहा।

गुरुग्राम में बारिश के चलते शाम को हाईवे पर 5 किमी लंबा जाम लग गया। यह जाम दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर दिल्ली से जयपुर जाने वाले रास्ते पर लगा है। वहीं, उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 14 इलाके में लंबा ट्रैफिक जाम लगा है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए शुक्रवार को यलो अलर्ट जारी किया



है। कल यानी 23 सितंबर को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में नर्सरी से आठवीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। भारी बारिश के बाद जिलाधिकारी ने यह निर्देश जारी किए हैं।

### यूपी के 57 जिलों में बारिश ने बढ़ाई परेशानी

यूपी के सीतापुर, कन्नौज, कानपुर देहात, उन्नाव, लखनऊ, झांसी सहित 57 जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए 55 जिलों में येलो और 2 में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई जिलों में पिछले दो-तीन दिनों से बारिश हो रही है। फिरोजाबाद में बारिश से सड़कों पर पानी भरा नजर आया। इससे शहर के बौद्ध आश्रम में एक मोहल्ले में खड़ी 100 से अधिक गाड़ियां पानी में डूब गईं। वहीं, रामगढ़ थाना क्षेत्र के जाटवपुरी में 35 से 40 गाड़ियां डूबी नजर आईं। इसके बाद भी नगर निगम का कोई कर्मचारी शहरवासियों की सुध लेने नहीं पहुंचा। इससे लोगों में गुस्सा है।

### बारिश में यूपी की सरकारी बसों की पोल खुली

बारिश के मौसम में यूपी की सरकारी बसों में सफर करने वाले भी परेशान हैं। इन बसों की हालत ऐसी है कि यात्रा के दौरान अगर बारिश होने लगे तो इनकी छतों से पानी टपकता है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बलरामपुर डिपो की यह बस बहराइच से प्रयागराज जा रही थी, लेकिन बस सुल्तानपुर के पयागीपुर पहुंची तो बारिश होने लगी। बस की छत कई स्थानो पर टूटी थी, उसमें जगह-जगह छेद था। इससे बारिश का पानी बस के अंदर आ रहा था। वहीं बस में यात्रियों की संख्या अधिक थी जिससे यात्री खड़े थे और पानी से भीग रहे थे। वायरल वीडियो बहराइच से सुल्तानपुर होकर प्रयागराज जाने वाली रोडवेज बस का है। जो प्रतिदिन चलती है। मामले में एआरएम नागेंद्र पांडे ने कहा कि बस बलरामपुर डिपो की है।

# शार्ट न्यूज

## मेघालय : जादू टोने के शक में वृद्ध की हत्या

शिलांग। पूर्वी खासी हिल्स जिले के डिएंग्लिएंग गांव में मंगलवार रात एक 80 वर्षीय वृद्ध की 17 साल के लड़के ने जादू-टोना करने का आरोप लगाते हुए हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि यह घटना पूर्वी खासी हिल्स जिले के डिएंग्लिएंग गांव में मंगलवार रात उस समय हुई जब किशोर ने क्राई डिएंगदोह पर लकड़ी के डंडे से हमला किया। पलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी किशोर का मानना था कि 80 वर्षीय व्यक्ति उसकी मां की तबीयत खराब होने का कारण था। पुलिस ने किशोर को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया है।

## त्रिपुरा राज्य सभा उपचुनाव में कांग्रेस विधायक ने मतदान नहीं किया

अगरतला। त्रिपुरा विधानसभा में कांग्रेस के एकमात्र विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने राज्यसभा की एक सीट के लिए गुरुवार को हुए उपचुनाव में मतदान नहीं किया। त्रिपुरा विधानसभा में साठ सदस्य हैं। राज्य सभा सदस्य डॉ माणिक साहा के राज्य के मुख्यमंत्री बनने के बाद खाली हुई इस सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 36 विधायक, सरकार में भाजपा की सहयोगी पार्टी आईपीएफटी के सात विधायक और सीपीआई-एम के 15 विधायकों अपने मताधिकार का प्रयोग किया।भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को उपचुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया है, माकपा नेता और मौजूदा विधायक भानु लाल साहा इस सीट के लिए वाम मोर्चा के उम्मीदवार है। रॉयबर्मन ने कहा कि त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बिरजीत सिन्हा ने बुधवार को एक पत्र में पार्टी के फैसले के बारे में बताया कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का कोई उम्मीदवार नहीं है, इसलिए वह मतदान से दूर रहे।

## कोई भी कार्यकर्ता लड़ सकता है कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव : राहुल

कुरुकुट्टी, केरल। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष एक विचारधारा तथा देश के भरोसे का प्रतिनिधित्व करता है और कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकता है । गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के 15वें दिन 325 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद आज यहां संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता को कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का अधिकार है। यह अच्छी बात है और इसके लिए कार्यकर्ताओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस संगठन में सबसे अच्छी बात यह है कि कोई भी उनसे सवाल कर सकता है कि अध्यक्ष के लिए कब चुनाव हो रहे हैं, कौन चुनाव लड़ रहा है लेकिन यही सवाल न समाजवादियों से, न बहुजन समाज पार्टी से, न भाजप या आरएसएस से और न अन्य कई दलों से पूछा जा सकता है। भाजपा से यह सवाल नहीं पूछ सकते हैं, यह सवाल सिर्फ कांग्रेस से ही पूछा जा सकता है क्योंकि देश में कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो इस तरह से खुले माहौल में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष बनना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर होता है, यह पद देश की समग्र भावनाओं को परिभाषित करता है, यह एक विषिष्ट वैचारिक धारा का पद है, यह पद विश्वास की व्यवस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा मेरी सलाह है कि जो कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं वह विश्वास का प्रतिनिधित्व करे, एक व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करें और देश के भरोसे का प्रतिनिधित्व करें।

## चंडीगढ़ सहित कुछ स्थानों पर जोरदार बारिश

**चंडीगढ़।** दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी पश्चिमोत्तर क्षेत्र से जारी है तथा इसके जाते-जाते भी कुछ इलाकों में हल्की से औसत बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया । मौसम केन्द्र के अनुसार अगले तीन दिन तक कहीं-कहीं बारिश के आसार हैं। पिछले 24 घंटों में चंडीगढ़ में 44 मिलीमीटर ,करनाल 50 मिमी, बठिंडा 31 मिमी, पटियाला 43 मिमी ,मोगा 26 मिमी ,रोहतक 15 मिमी, अंबाला 60 मिमी, लुधियाना 43 मिमी, अमृतसर नौ मिमी सहित कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश हुई जिससे मौसम का मिजाज बदल गया। अगले तीन दिनों में कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार हैं।

## बदमाशों ने हथियारों की नोक पर पेट्रोल पंप से 30 हजार रुपये लूटे

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर के नगर कस्बे में अलवर भरतपुर रोड पर बाइक सवार तीन बदमाशों द्वारा हथियारों की नोक पर एक पेट्रोल पंप से 30 हजार रुपये लूट लिए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हथियारों से लैस तीनों बदमाशों ने जय भारत सर्विस स्टेशन के दो सेल्समैन वेद प्रकाश और फतेह सिंह को धमकाया और पेट्रोल पंप के ऑफिस में जम कर तोड़फोड़ करते हुए 2 हवाई फायर किए और फरार हो गए। पेट्रोल पंप के मालिक नेम चंद ने बताया कि बदमाशों ने पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में आठ सौ रुपये का पेट्रोल भरवाया। पेट्रोल भरवाने के बाद बदमाशों ने दोनों सेल्समैन से 30 हजार रुपये लूट लिए। जब सेल्समैन ने उन्हें रोकना चाह तो बदमाशों ने हथियार दिखाकर उन्हें डरा दिया। बदमाश हवाई फायर करते हुए पेट्रोल पंप के ऑफिस में घुस गए। वहां उन्होंने जमकर तोड़फोड़ की, अलमारी के कागजातों को निकाल कर बाहर फेंक दिया। ऑफिस के शीशे तोड़ दिए और हवाई फायर करते हुए फरार हो गए। गौरतलब है कि नगर कस्बे में पेट्रोल पंप लूट की 10 दिन में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 11 सितंबर को बदमाशों ने अग्रवाल सर्विस स्टेशन पर 52 हजार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

## मध्यप्रदेश के लिये यह अत्यंत प्रसन्नता और गौरव का क्षण : शिवराज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के लिये अत्यंत प्रसन्नता एवं गौरव के क्षण हैं। हमारा मध्यप्रदेश स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2022 में वेस्ट जोन में टॉप स्टेट बना है। उन्होंने इस सफलता के लिये सभी नागरिकों, संगठनों, सामाजिक संस्थाओं का आभार प्रकट करते हुए उन्हें बधाई दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के महायज्ञ में ग्रामीण भारत के निवासी अपना बढ़-चढ़ कर योगदान दे रहे हैं। स्वच्छता ही सुन्दरता है। हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से स्वच्छ, सुन्दर और प्रदूषण रहित राष्ट्र बनेगा। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता ही नहीं समर्पण भाव भी दृढ़ हुआ है। गाँवों की नई तस्वीर उभरी है। स्वच्छ भारत मिशन में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण वर्ष 2022 में वेस्ट जोन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों में मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान, उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों में भोपाल को प्रथम एवं इंदौर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार सुजलाम अभियान-1 में श्रेष्ठ कार्य के लिये मध्यप्रदेश को प्रथम एवं सुजलाम अभियान-2 में मध्यप्रदेश को चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2022 ध्वनिमत से पारित

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में आज राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2022 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। प्रारम्भ में शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला ने प्रभारी मंत्री की ओर से विधेयक को सदन में प्रस्तुत किया। विधेयक पर हुई चर्चा के बाद अपने जवाब में डॉ. कल्ला ने बताया कि विधेयक में व्यवहारियों को कई सुविधाएं दी जा रही हैं, जिससे राज्य सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि विधेयक में इनपुट क्रेडिट टैक्स में सुधार किया गया है। व्यवहारी द्वारा इनपुट क्रेडिट टैक्स के गलत दावे प्रस्तुत करने पर क्रेडिट टैक्स का उपयोग करने के बाद अब ब्याज देय होगा। साथ ही, क्रेडिट नोट जारी करने की व्यवस्था को विधेयक में शामिल किया गया है। डॉ. कल्ला ने बताया कि विधेयक में यह प्रावधान भी शामिल किया है कि छह महीने तक रिटर्न नहीं भरने पर पंजीयन को रद्द नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही जीएसटी आर-1, 3 एवं 8 की विवरणियों में भी सुधार किया गया है। इससे विवरणियों में विसंगतियों को रोका जाएगा। उन्होंने सदन को बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कुशल वित्तीय प्रबंधन से राज्य के टैक्स कलेक्शन में वृद्धि दर्ज की गई है।

# सुप्रीम कोर्ट में हिजाब पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित रखा

### 10 दिन तक सुनी दलीलें, कोर्ट ने कहा- अब हमारा होमवर्क शुरू होता है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हिजाब बैन पर फैसला सुरक्षित रख लिया। कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर लगातार 10 दिन से सुनवाई चल रही थी। गुरुवार को भी जस्टिस हेमंत गुप्ता व जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने कर्नाटक सरकार और मुस्लिम पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हमने आप सभी को सुना है। अब हमारा होमवर्क शुरू होता है।

सुनवाई के शुरुआती 6 दिन मुस्लिम पक्ष की दलीलों के बाद कर्नाटक सरकार ने अपना पक्ष रखा। जिसमें हिंदू, सिख, ईसाई प्रतीकों को पहनकर आने की तरह ही हिजाब को भी परमिशन दिए जाने की मांग की गई थी।



10 दिनों की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, कर्नाटक सरकार के एडवोकेट जनरल प्रभुलिंग नवदगी, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज, एडवोकेट आर वेंकटरमानी ने दलीलें रखी थी। गुरुवार को सीनियर एडवोकेट अहमदी ने दलील दी कि हिजाब पहनने वाली लड़कियों का प्रतिशत भले ही कम हो, लेकिन इस तरह के अनुशासन को लागू करने से आपको क्या हासिल होता है?

### एडवोकेट कामत ने हिंदू प्रतीकों का उदाहरण दिया

कामत ने कहा कि मान लीजिए मैं अपनी जेब में कृष्ण का फोटो रखता हूं। और राज्य कहता है कि तुम नहीं रख सकते। जब मैं इसे चुनौती देता हूं, तो कोर्ट को यह पूछना चाहिए कि प्रतिबंध क्यों है और क्या मुझे फोटो रखने का अधिकार नहीं है।

### 1958 की तरह दलील खारिज करे सुप्रीम कोर्ट

बकरीद पर गोकशी की तरह स्कूलों में हिजाब पहनना मुलसमानों का मौलिक अधिकार नहीं है। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को अपनी दलीलों में कहा कि जिस तरह बकरीद में गाय काटना मुसलमानों का मौलिक अधिकार नहीं है। उसी तरह स्कूल-कॉलेज में हिजाब पहनना अभिव्यक्ति की आजादी या धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा अधिकार नहीं है।

इसके पहले 1958 में मुसलमानों ने बकरीद पर गाय काटने को मौलिक अधिकार बताया था, अब हिजाब को बता रहे हैं। तब भी सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था, वही अब भी करना चाहिए।

### 23 याचिकाओं पर पिछले 10 दिन से हो रही सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में 23 याचिकाओं का एक बैच लिस्टेड है। इनमें से कुछ मुस्लिम छात्राओं की हैं, जिन्हें हिजाब पहनने के अधिकार की मांग करते हुए सीधे सुप्रीम कोर्ट में दायर किया गया था। बाकी स्पेशल लीव पिटीशन हैं, जो कर्नाटक हाईकोर्ट के 15 मार्च के फैसले को चुनौती देने दायर की गई। कर्नाटक हाईकोर्ट ने स्कूल कॉलेज में हिजाब बैन को बरकरार रखा था।

## एचआरटीसी बस खाई में गिरने से चालक की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से करीब 49 किलोमीटर दूर ठियोग में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस खाई में गिरने से चालक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा ठियोग के पट्टीनाल में कल रात करीब साढ़े आठ बजे एचआरटीसी बस एचपी-03बी 6126 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस बस हादसे में बस चालक की मौके पर मौत हो गई है। मृतक की पहचान बस चालक विनोद कुमार महोग तहसील ठियोग जिला शिमला के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. मोनिका ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सवारियां उतारने के बाद चालक बस को सड़क किनारे खड़ा करने जा रहा था। इसी दौरान बस असंतुलित होकर खाई में जा गिरी।

## ओडिशा में नक्सल विरोधी अभियान, विस्फोटक सामग्री जब्त

भुवनेश्वर। आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू जिले की सीमा से लगे ओडिशा के मलकानगिरी जिले के सिंधीपुट गांव के समीप जंगल में पिछले दो दिनों के भीतर नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक और नकदी जब्त की है। पुलिस महानिदेशक कार्यालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर एसओजी और डीवीएफ कोरापुट की टीम ने मंगलवार को कोरापुट जिले के मच्छकुंड थाना क्षेत्र के हनुमाल, सिंधीपुट, ओंदेईपदार, आंध्राल, मुदुलीपाड़ा के वन क्षेत्र और मलकानगिरी के मुदुलीपाड़ा थाना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान छेड़ा था। अभियान के दौरान पुलिस ने बुधवार को विस्फोटक डंप से 31 जिलेटिन स्टिक, 11 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, दो टिफिन बम, एक प्रेशर कुकर बम, 17 मीटर कोडेक्स वायर, एक इलेक्ट्रिक वायर बंडल, एक टेस्टिंग पिन और 70 हजार रुपये बरामद किए। उन्होंने बताया कि हाल ही में मलकानगिरी जिले के आंध्राल जीपी के भजागुड़ा, बिसईगुड़ा, खलगुडा, पतरापुट, ओंदेईपदार, सिंधीपुट गांवों और आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले के रंगबयालू जीपी के कुसुमपुट, मातमपुट, जोडिगुम्मा गांवों के बड़ी संख्या में माओवादी समर्थकों ने पुलिस उपमहानिरीक्षक की मौजूदगी में ओडिशा पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के सामने आत्मसमर्पण किया है।

# एकनाथ शिंदे गुट पर खूब बरसे आदित्य ठाकरे

### गद्दारों के सवालों के जवाब नहीं दूंगा; वे बताएं धोखा क्यों दिया

नासिक। एकनाथ शिंदे गुट की बगावत के चलते महाराष्ट्र की सत्ता से बेदखल हुआ ठाकरे परिवार अब बेहद सक्रिय है। शिवसेना को बचाने के लिए आदित्य ठाकरे शिव संवाद यात्रा निकाल रहे हैं। आदित्य की यह यात्रा शुक्रवार को नासिक जिले के मनमाड पहुंची, जहां उन्होंने एक रैली को संबोधित करते हुए बागियों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि शिवसेना से गद्दारी करने वाले हमसे सवाल पूछने की बातें कर रहे हैं, लेकिन वे इस लायक नहीं हैं। गद्दारों को तो खुद यह बताना चाहिए कि उन्होंने पीठ में खंजर भोंकने का काम क्यों किया। बालासाहेब ठाकरे की विरासत के साथ धोखा क्यों किया।



आदित्य ठाकरे ने कहा कि यदि आप देशद्रोही नहीं होते, तो मैं आपके आरोपों और सवालों का जवाब देता। बता दें कि नासिक से एकनाथ शिंदे गुट के विधायक सुहास कांडे ने आज ही ऐलान किया था कि वह आदित्य ठाकरे से सवाल पूछने जा रहे हैं। ऐसे में आदित्य ठाकरे के बयान को उन्हें जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। इस मौके पर आदित्य ठाकरे ने बागी विधायकों को एक बार फिर देशद्रोही करार दिया। उन्होंने सवाल दागते हुए कहा कि एक अच्छे मुख्यमंत्री, एक अच्छे आदमी के साथ जो किया गया, क्या वह सही था। उन्हें बताना चाहिए कि क्या इस तरह से विश्वासघात करना चाहिए या पीठ में खंजर ठोकना चाहिए।

### गद्दार बताएं कि मुश्किल वक्त में साथ देने वालों को क्यों दिया धोखा

आदित्य ठाकरे ने कहा कि उन गद्दारों को यह बताना चाहिए जिस शख्स ने हमारा परिचय कराया, मुश्किल वक्त में हमारा साथ दिया, टिकट दिया, हमारे लिए प्रचार किया, हमने उसकी पीठ में छुरा क्यों मारा? उन्होंने कहा कि उद्धव जी ने बीते ढाई साल तक जमकर किया और लोगों के लिए पल-पल समर्पित कर दिया। उद्धव साहब 24 घंटे लोगों के लिए काम करते थे। उन्होंने ढाई साल का एक-एक पल जनसेवा के लिए बख्शा है। कभी-कभी मैं अपनी मां के पास जाता था और इस बारे में बहस करता था। मैं उन्हें बहुत सी बातें बताना चाहता था, लेकिन उद्धव ठाकरे हमेशा बैठकों और काम में व्यस्त रहते थे। जब मैं उनसे बात करने जाता था तो वह कहते थे, काम की बात करो, राज्य की बात करो।

# बीरेन सिंह ने आदिवासी नेता हत्या मामले में दिया न्याय का आश्वासन

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने नागा नेता अबोनमाई हत्या मामले में न्याय का आश्वासन देते हुए गुरुवार को सभी लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

एन बीरेन सिंह ने लांगोल के तरुंग गांव में मणिपुर के आदिवासी नेता अथुआन अबोनमाई की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि इस हत्या मामले में न्याय किया जायेगा। मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है और फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं दी जा सकती है। मुख्यमंत्री ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वह हिंसा बर्दाश्त नहीं करेंगे। अबोनमाई के नाम पर एक स्मारक पार्क स्थापित करने पर उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगी, हालांकि इसमें कुछ समय भी लग सकता है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत अबोनमाई को मणिपुर की एकता और जेलियांगरोंग लोगों के कल्याण में विश्वास रखने वाला एक मुखर नेता बताया और कहा कि अबोनमई उनके करीबी लोगों में थे।

सिंह ने उनके परिवार और लोगों के प्रति दुख और संवेदना व्यक्त की और शोकग्रस्त परिवार की देखभाल तथा समर्थन करने के लिए पर्वतीय क्षेत्र समिति (एचएसी) के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आइए हम एक-दूसरे का सम्मान करें और एकजुट होकर रहें।

पर्वतीय क्षेत्र समिति के अध्यक्ष डिंगंगलुंग गंगमेई ने कहा कि विचारों में भिन्नता या मतभेदों के कारण हिंसा और घृणा का रास्ता अपनाने से हमारे समाज और देश की प्रगति नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि भारत जैसे विकसित लोकतंत्र में जहां विविधता में एकता की अवधारणा मौजूद है, वहां पर नफरत और हिंसा की राजनीति का कोई स्थान नहीं है।

## चरस तस्करी के जुर्म में तस्कर को 10 वर्ष की कैद

जींद। हरियाणा में जींद के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष चंद्र सिरोही की अदालत ने नशीले पदार्थ तस्करी के जुर्म में तस्कर को 10 वर्ष का कारावास तथा एक लाख रुपये जुर्माना सुनाया है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार स्पेशल टॉस्क फोर्स कर्मी एक अगस्त 2016 को सेक्टर नौ में स्टेडियम के निकट आने जाने वाले लोगों पर नजर रखे हुए थे। उसी दौरान पुलिस कर्मियों ने सामने से आ रहे बाइक सवार व्यक्ति को रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से चरस बरामद हुई। उसका वजन एक किलोग्राम था।

# हर तरह का धार्मिक उन्माद देश के लिए घातक : राहुल

कुरुकुट्टी (केरल)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि धार्मिक उन्माद कोई भी फैलाए और यह लहर कहीं से भी आए, वह देश को तोड़ने वाली और राष्ट्र के लिए घातक होती है। गांधी ने कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के 15वें दिन यात्रा के 325 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सांप्रदायिकता का माहौल पैदा करके हिंसा और नफरत फैलाना बहुत बड़ा जुल्म है और यह जुल्म देश को तोड़ने वाला होता है, इसलिए इस अपराध को कोई भी करें उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हम ऐसी शक्ति से लड़ रहे हैं जिसके पास पर्याप्त धन है, पर्याप्त ताकत है और जनता को अपने हिसाब से मोड़ने की शक्ति है लेकिन भारत जोड़ो यात्रा में देश की जनता को हमें इन ताकतों के खिलाफ खड़ा करके एकजुट करना है। यह पूछने पर की क्या भारतीय जनता पार्टी शासित कर्नाटक में भी केरल की तरह यात्रा को सफलता मिलेगी, उन्होंने कहा,यात्रा को केरल में अत्यधिक सफलता मिलने से वह बहुत उत्साहित हैं लेकिन यात्रा की सफलता और इसकी शुरूआत कुछ आइडिया पर ही तय थी और उसी पर निर्भर भी करती है। इसमें पहला आइडिया था कि देश में घृणा का माहौल है और लोगों को इसके खिलाफ यात्रा के जरिये एकजुट करना है।

## लाड़ली लक्ष्मी योजना से लिंगानुपात और लोगों की सोच में आया बदलाव : नरोत्तम

भोपाल। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं कि आज बालिकाओं के प्रति न केवल लोगों की सोच में बदलाव आया है, बल्कि लिंगानुपात में भी उत्तरोत्तर सुधार हुआ है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी सम्मेलन में 47 बेटियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय संस्कृति को प्रतिपादित करते मंत्र 'यत्र नार्यस्तु पूज्यते, रमन्ते तत्र देवता' को लाड़ली लक्ष्मी योजना गढ़ कर साकार कर दिखाया है। योजना के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं कि आज बालिकाओं के प्रति न केवल लोगों की सोच में बदलाव आया है, बल्कि लिंगानुपात में भी उत्तरोत्तर सुधार हुआ है।

# कर्नाटक सरकार वक्फ संपत्ति के दुरूपयोग मामले की करायेगी जांच

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि अनवर मणिपदी और उपलोकायुक्त की रिपोर्टों मे वक्फ संपत्ति के दुरूपयोग की जांच करायी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्यों बसनगौडा पाटिल, यत्नाल, रघुपति भट और संजीव मतंदुरू द्वारा लाये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में कहा वक्फ मामले पर चर्चा की जरूरत है।वक्फ के अपने कायदे कानून हैं और उन्हीं का उल्लंघन तथा दुरूपयोग किया गया है।मणिपदी रिपोर्ट की जांच की जायेगी और हम वक्फ संपत्ति के दुरूपयोग को लेकर उपलोकायुक्त की रिपोर्ट की भी समीक्षा करेंगे।

मणिपदी रिपोर्ट के आने के बाद राज्य सरकार क्या कार्रवाई करेगी इसको लेकर भाजपा विधायकों द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने यह बात कही।

श्री बोम्मई ने कांग्रेस को चेतावनी भरे लहजे में कहा जब सत्तारूढ भाजपा के सदस्य सरकार के खिलाफ आयोग द्वारा लगाये गये 40 प्रतिशत आधारहीन आरोपों पर चर्चा के लिए तैयार हैं तो फिर एक बड़े घोटाले पर चर्चा क्यों नहीं की जा सकती जिसमें दो लाख से अधिक की सरकारी संपत्ति को हथिया लिया गया। क्या इससे भी बड़ा घोटाला है। इंतजार कीजिए इस मामले में किस- किस का नाम सामने आने वाला है। उन्होंने विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा सदस्यों बसनगौड़ा पाटिल यत्नाल, रघुपति भट और संजीव मातंदुरु के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा, मणिपदी रिपोर्ट की जांच की जाएगी। हम वक्फ संपत्ति के दुरुपयोग पर उपलोकायुक्त रिपोर्ट की भी समीक्षा करेंगे।

# नवरात्रों के साथ लगेगी त्यौहारों की झड़ी, बाजारों में बढ़ेगी रौनक

### माँ भगवती के शारदीय नवरात्रे और घटस्थापना की तिथि और शुभ मुहूर्त की सटीक जानकारी

मीनू शर्मा /गौरवशाली भारत

जयपुर। देशभर में माँ भगवती के शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ सोमवार 26 सितंबर से हो रहा है। हिंदू सनातन पंचाग अनुसार आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ होता है। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना करते हैं और माँ भगवती दुर्गा का आह्वान करते हैं। नवरात्रि एक ऐसा पर्व है, जिसमें हर दिन विशेष है खासकर इसकी अष्टमी, नवमी और दसमी तिथि ये तिथियां क्रमशः दुर्गा अष्टमी, महा नवमी, विजयादशमी या दशहरा के नाम से प्रसिद्ध हैं। दुर्गा अष्टमी तिथि को दुर्गा अष्टमी या महाष्टमी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार आश्विन शुक्ल अष्टमी तिथि 02 अक्टूबर को शाम 06 बजकर 47 मिनट से प्रारंभ होकर 03 अक्टूबर को शाम 04 बजकर 37 मिनट तक है।



उदयातिथि के आधार पर दुर्गा अष्टमी व्रत 03 अक्टूबर दिन सोमवार को रखा जाएगा। इस दिन माँ भगवती दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाएगी। कई स्थानों पर अष्टमी के दिन ही कन्या पूजन और हवन की परंपरा है। महा नवमी माँ भगवती के शारदीय नवरात्रि का नौवां दिन यानि आश्विन शुक्ल की नवमी तिथि को महानवमी का व्रत रखा जाता है और इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इस साल महानवमी 04 अक्टूबर दिन मंगलवार को है। इस दिन भी हवन, कन्या पूजन और व्रत का पारण करने की परंपरा है। पंचांग के अनुसार आश्विन शुक्ल नवमी तिथि 03 अक्टूबर को शाम 04 बजकर 37 मिनट से लग रही है, जो अगले दिन 04 अक्टूबर को दोपहर 02 बजकर 20 मिनट तक रहेगी। इस दिन रवि योग पूरे दिन है।

शारदीय नवरात्रि के दसवें दिन यानि आश्विन शुक्ल दशमी तिथि को दशहरा या विजयादशी मनाई जाती है। पंचांग अनुसार, आश्विन शुक्ल दशमी तिथि का प्रारंभ 04 अक्टूबर को दोपहर 02 बजकर 20 मिनट से हो रहा है और इसका समापन 05 अक्टूबर को ठीक दोपहर 12:00 बजे होगा। इस साल दशहरा या विजयादशमी 05 अक्टूबर दिन बुधवार को है। दशहरा की शाम रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का पुतला दहन किया जाता है। इस दिन ही रामलीलाओं का समापन होता है। दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस वजह से ही हर साल रावण रूपी बुराई का अंत राम स्वरूप अच्छाई की जीत से होता है।

बता दें कि, बंगाली परंपरा में विजयादशमी के दिन मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। माँ भगवती दुर्गा नौ दिनों तक पृथ्वी लोक पर अपने भक्तों के घरों में निवास करने के बाद अपनी सवारी से अपने लोक को विदा होती हैं। मूर्तियों का सहर्ष विसर्जन करके मातारानी से फिर अगले साल नवरात्रि में पधारने की प्रार्थना की जाती है। जो लोग नवरात्रि के 9 दिन व्रत रखते हैं, वे विजयादशमी के दिन पारण करके व्रत को पूरा करते है। विजयादशमी के दिन देवी अपराजिता की पूजा की जाती है।

# हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की एनटीटी नीति को मंजूरी

शिमला। हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत नयी नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति के मुताबिक एक साल के डिप्लोमा धारक को ब्रिज कोर्स करना होगा। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हुअी मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ने एनटीटी नीति को स्वीकृति प्रदान की गई है। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों नर्सरी ट्रेंड टीचर की भर्ती होनी है और विभिन्न स्कूलों में 4700 से ज्यादा शिक्षकों की भर्ती की जानी है। प्रदेश सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि निजी स्कूलों की ओर बढ़ रहा अभिभावकों का रुझान कम किया जा सके। सरकारी स्कूलों में ही निजी के स्तर की शिक्षा व्यवस्था और ढांचा सुदृढ़ किया जाए। हिमाचल प्रदेश में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने प्रस्तावित हैं। सरकार इससे पहले इस भर्ती प्रक्रिया को शुरू करवा सकती है।

यह नीति दो साल से लटकी हुई थी। प्रदेश सरकार ने स्कूलों में प्री प्राइमरी कक्षाएं शुरू की हैं। अभी जेबीटी शिक्षक ही नर्सरी के बच्चों को भी पढ़ा रहे थे। जेबीटी शिक्षक सरकार से कई बार इस मामले को उठा चुके थे कि उन पर अतिरिक्त कार्यभार पड़ रहा है और पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। इस पर सरकार ने नीति बनाकर भर्ती का रास्ता खोल दिया है। अब नर्सरी और केजी की कक्षाएं एनटीटी लेंगे। केंद्र सरकार की ओर से ही इसके लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा। केंद्र सरकार ही एनटीटी को मानदेय देगी। इसके अन्तर्गत शिक्षक को प्रतिमाह 9000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

मंत्रिमंडल ने रिफाइंड और सरसों के तेल पर प्राप्त होने वाले उपदान को सात महीने तक बढ़ा दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले उपभोक्ताओं को रिफाइंड और सरसों के तेल पर प्रति पैकेट 10 से 20 रुपये उपदान दिया जाएगा।

# रामेश्वर धाम में आज भी होता चमत्कार, देशभर में है लाखों अनुयायी

## जीवन में रुपया-पैसा को नहीं किया स्पर्श, सदैव अन्नपूर्णा के भरे रहते हैं भण्डार, संत बाबा थे अन्तर्यामी, दर्शन मात्र से मिलती है मनोवांछित फल प्राप्ती

कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत

आपने बहुत से बाबाओं के नाम सुनें होगें साथ ही उन सभी के कारनामों से भी परिचित होंगे। किंतु,,,सभी बाबा एक समान नहीं होते कई संत-ऋषि-मुनि सिद्धी युक्त होते हैं जिन्हें ईश्वरीय वरदान प्राप्त होता है। जगत कल्याण हेतू वह एक ईश्वर स्वरूप अवतार लेते हैं। खैर,,, हम आपको एक ऐसे महान तपस्वी ऋषि-मुनि से परिचय करवाने जा रहे हैं जो अष्ट-सिध्द्धी नौ-निधि में विशेष सिद्धीयों-निधियों से संपूर्ण हैं। जी हाँ,,, जिनका नाम बाबा रामभक्त श्री रामेश्वर दास महाराज है। जो प्रथ्वी पर आलौकिक एवं चमत्कारिक संत हुए हैं। बाबा के प्रताप से आज भी उनके भक्त-श्रद्धालु मन में आस्था लिए उनको स्मरण करते हैं। हालांकि.. कुछ स्थानीय फेसबुक साथी बाबा से परिचित भी होंगे। लेकिन, आप में जो इस चमत्कारीक बाबा से महरुम हैं वह कृपया बाबा की जीवन कहानी को अवश्य पढें।

बता दें कि.. वर्तमान में बाबा रामेश्वर दास नहीं हैं.! लेकिन,, फ़िर भी, आपको बताते चलें कि, ब्राह्मालीन हुए बाबा रामेश्वर दास महाराज का जन्म हरियाणा जिला महेन्द्रगढ़ के तहसील नारनौल ग्राम सिरोही बहाली के ब्राह्मण परिवार में हुआ। बचपन में ही इनके माता पिता का देहान्त हो जाने के कारण इनका पालन-पोषण इनके पिता जी के बड़े भाई द्वारा किया गया था। विद्या अध्ययन के लिए वे गाँव के ढ़ोसी पर्वत पर शिवकुण्ड स्थित श्री श्री एक हजार आठ श्री श्रीनन्द ब्रह्मचारी जी द्वारा संचालित संस्कृत पाठशाला में विद्याध्ययन हेतु बाबा आ गए थे और उन्होंने वहाँ अपने गुरु से विद्यादान लिया।

जानकारी के मुताबिक निजामपुर रेलवे स्टेशन से करीब 6-7 कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम ब्रह्मामणवास नोह में भव्य मंदिर परिसर को बाबा रामेश्वर दास धाम कहा जाता है। यह धाम हरियाणा व राजस्थान राज्य की सीमा पर दोहान नदी के पूर्वी किनारे पर स्थित है जहां श्री-श्री एक हजार आठ श्री बाबा रामेश्वर दास जी तपस्या किए और सिद्धियां प्राप्त की और अन्तरिम श्वांस तक यहीं रहे और अन्त में यहीं ब्रह्मलीन/पंचतत्वलीन हो गये। बाबा की चरण-रज व उनकी चरण-पादुका आज भी वहीं विराजमान है।

बाबा रामेश्वर दास के अनुयायी पूरे देश में बसे हुए हैं। हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली ही नहीं बल्कि, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिमी बंगाल, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश व उड़ीसा आदि राज्यों से लोग यहाँ चल कर इस मन्दिर परिसर में पूजा अर्चना करने तथा बाबा के समक्ष अपनी मनौतियाँ पूर्ण हेतू आते हैं। और अपने जीवन को सफल बनाते हैं।

बाबा की गद्दी (स्थान) पर बैठे महन्त व बाबा के मन्दिर सेवादारों का कहना है कि, बाबा ने कभी अपने जीवन में रुपया-पैसा को हाथ तक नहीं छूआ फिर भी माँ भगवती अन्नपूर्णा के सैदव भण्डार भरे रहे हैं। बाबा के ब्रह्मलीन हो जाने के उपरान्त भी प्रतिदिन सैंकड़ों/हजारों की तादात में श्रद्धालू इस मंदिर के दर्शन को आते हैं और मिश्री प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस गाँव में बनी प्राचीन पाठशाला संस्कृत अध्ययन के लिए इस क्षेत्र का एक महान शिक्षा केन्द्र थी। विद्यार्थी जीवनकाल में ही बाबा रामेश्वर दास जी को वैराग्य हो जाने की वजह से सन्त शिरोमणी श्री श्रीनन्द ब्रह्मचारी जी महाराज से दीक्षा लेकर इन्होंने सन्यास ग्रहण कर लिया और तदोपरान्त ये ग्राम कारोली तहसील नारनौल के मंदिर में पूजा अर्चना करने लग गए। और अपनी तपस्या को सिद्धि बल में प्राप्त किया।

बाबा के भक्तों द्वारा मिली जानकारी में बताया गया कि, गाँव कारोली से बाबा जी ने ग्राम बीगोपुर की सीमा में निर्जन क्षेत्र में तपस्या करने लगे और कुछ ही दिनों में वहां एक भव्य आश्रम का निर्माण करवाया, जहां प्रतिदिन सैकड़ों-हजारों की संख्या में लोग इनके दर्शनों को आने लगे। एक दिन बाबा जी अचानक आश्रम से अर्न्तध्यान हो गए और कई वर्षों तक उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। फिर अचानक एक दिन वर्तमान रामेश्वर धाम के निर्जन स्थान पर एक तिबारे में तपस्या करते हुए पाए गए। उसके बाद आस-पास क्षेत्र सहित अन्य राज्यों व शहरों से हजारों लोग प्रतिदिन उनके दर्शनों को आने लगे। इस प्रकार बाबा की महिमा का गुणगान चहुंओर फैलता गया और बाबा अपने श्रद्धालुओं के ह्दय में वास करने लगे। आज भी उनके अनुयायी श्रद्धालु-भक्त उनकी याद में भावभीनी पुष्पांजलि उनको समर्पित करते हैं।

आपको बता दें कि, बाबा ने अपने जीवन में अनेक चमत्कार किए। बाबा को जिन्होंने देखा है। उनका कहना है कि, बाबा के दरबार में सिट्टे वाली मिश्री अर्थात मोटी डले वाली मिश्री का प्रसाद मिलता था। बाबा अपने भक्तों को अपने व्यासपीठ स्थान से बैठे-बैठे भक्तों की झोली में मिश्री फेंकते थे। श्रद्धालु एक-दूजे पर लपके-झपकते बाबा का प्रसाद पाने हेतू अपना सौभाग्य समझते थे और महिलाएँ बाबा द्वारा वितरित प्रसाद को अपने माथे व होठों से चुमकर अपने साड़ी के पल्लु या रुमाल में गाँठ बाँध कर रख लेती थी।

बाबा के जानकारों का कहना है कि, विषैले सांप के डसे हुए पीड़ित को पलभर में स्वस्थ करना व किसी के मार्ग में आपत्ति आने पर बाबा को पुकारना और बाबा का पलक झपकते उनके समीप पंहुच जाना और पीड़ित भक्त के यातायात साधन-वाहन को हाथ स्पर्श करते ही वाहन या पशु का ठीक हो जाना जैसे अनेक चमत्कार बाबा ने अपने जीवन में किए।

बाबा के प्रयत्क्षदर्शी हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने



बाबा का मौखिक जीवन उल्लेख/वर्णनन करते हुए बताया कि, बाबा उनके आदर्श रह चुके हैं साथ ही उन्होंने कहा कि, उनका मन्दिर निर्माण में अहम योगदान भी रहा है। उन्होंने उस दौरान हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल सरकार से मिलकर इस मन्दिर का जिर्णोधार करवाया और ट्रस्ट के सदस्यों और श्रद्धालुओं के सहयोग से इस धाम के भव्य परिसर का निर्माण हुआ।

जानकारी के अनुसार इस मंदिर परिसर का निर्माण वर्ष उन्नीस सौ तिरसठ से शुरू हुआ और फिल्हाल वर्तमान में भी मन्दिर परिसर में राजगीर लगे रहते हैं और कला-करनी चलती रहती है। भगवान विश्वकर्मा के प्रताप से मन्दिर परिसर को एक भव्य स्वरुप दिया गया है। उस दौरान बाबा की तरफ से चढ़ावे में रुपया पैसा चढ़ाने की सख्त मनाही थी। सिर्फ.. यहाँ प्रसाद के तौर पर ही मिश्री चढ़ती थी और आज वर्तमान में भी वही पंरपरा चल रही है। मिश्री प्रसाद भोग स्वरूप बाबा को अर्पित की जाती है। हालांकि.. अब तो, मीठा-मखाना भी लोग चढ़ावे स्वरूप भेंट करने लगे हैं।

आपको बता दें कि, ब्रह्मलीन होने से पूर्व बाबा जी ने अपने जीवन काल में ही एक ट्रस्ट का निर्माण करवा दिया था। मंदिर की देखरेख इस समय यह ट्रस्ट करता है। रामनवमी को इस धाम पर एक भव्य मेला लगता है। इस मंदिर प्रांगण में भगवान शिव के वाहन नन्दी की प्रतिमा पच्चीस फुट लम्बी,



पंद्रह फुट ऊंची तथा बीस फुट चौड़ी स्थापित है। इसी मंदिर प्रांगण में दस फुट ऊंचा शिवलिंग भी स्थापित है। मंदिर द्वार पर लगभग चालिस फुट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा भी स्थापित है जो सम्भवत: उत्तरी भारत में अनुपम व बेजोड़ है।

इस मंदिर परिसर के एक कक्ष में सम्पूर्ण गीता दीवारों पर अंकित करवाई हुई है तथा मंदिर परिसर में उत्तम किस्म की चित्रकारी भी की हुई है साथ ही जैसी करनी, वैसी भरणी अर्थात अच्छे-बुरे क्रर्मों का फल रंगीन चित्रों से दीवार पर सजाया गया है। जिसमें हिन्दू देवी देवताओं के चित्रों के अतिरिक्त हिन्दू पौराणिक गाथाओं को भी चित्रित किया हुआ है। इस मंदिर प्रांगण में पदार्पण करते ही व्यक्ति को एक असीम आनन्दमय की अनुभूति होती है साथ ही शारीरिक और मानसिक वेदना से व्याकुल प्राणी को यहाँ भरपूर शांति प्राप्त होती है।

उस समय के दौरान बता दें कि, बाबा की शिष्या साध्वी सुधा बाबा से दीक्षा ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने अपना भवन महेंद्रगढ़ जिला कस्बा नाँगल चौधरी में निर्मित करवाया। शिष्या साध्वी सुधा अपने भवन में आज भी बाबा की पाषाण युक्त प्रतिमा की पूजा-अर्चना करते हुए बैकुण्ड लोक अवकाशप्राप्त हो गई। लेकिन, जब आश्रम में माताजी विद्यमान थे तब हमने जब उनका विचार लेने भवन पंहुचे तो बाबा की शिष्या साध्वी सुधा वृद्ध अवस्था लाचार व मज़बूर होकर



विश्राम की नींद में मग्न थी। सुधा भवन में मौजूद वहाँ की महिलाओं ने बताया कि, माँ जी,, अब सुनने व पहचाने से रह गई हैं। हमने अधिक रुचि नहीं लेते हुए फिर.. बस,, बाबा रामेश्वर दास के जीवन कहानी अधिक जानने की हमारी आकांक्षा वहीं थम गई। फिर भी, हमने इस हरियाणा क्षेत्र से जुड़े संत समाज के दिग्गज और सिद्धि प्राप्तकर्ता जिनके असंख्य अनुयायियों से मुलाकात कर आगे अनेक ऋषि मुनियों और कवि की जानकारी ली।

### संत समागम से मिलती है शिक्षा : रामबिलास शर्मा

संसार में संत संपूर्ण मानवता के लिए होते हैं। इसलिए संतो को ईश्वर का प्रतिनिधि भी बताया गया है। सज्जन व्यक्ति द्वारा लोकहित में किये गए कार्य उसे संत की संज्ञा देते हैं। संत समाज हर इंसान में ईश्वर को ही देखता है, उसकी नजर में प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर निवास करते हैं, इसलिए उस पर किसी भी तरह के व्यवहार का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। सच्चा संत वही है, जिसने अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया हो और वह हर तरह की कामना से मुक्त हो साथ ही उसे व्यक्ति विशेष के प्रति अभिमान न हो और अपमान के प्रति प्रतिशोध और क्रोध जाग्रत न हो। संत के अन्तर्मन में सिर्फ सजीव के प्रति दया और क्षमा का भाव हो।

हरियाणा प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री राम बिलास शर्मा ने एक धार्मिक कार्यक्रम संत समागम समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि, संतों में सदैव ईश्वरीय अनुभूति होती है। सरकारें बनती रहती हैं, बिगड़ती रहती हैं, धन आता रहता है, जाता रहता है। लेकिन, हरि का नाम अमर है। ईश्वर के अनुयायी संतो के प्रति जिसकी भी रुचि होती है वह धन्य हो जाता है। शबरी ने कितने दिनों तक इंतजार किया ? लेकिन, भरोसा पक्का था।

समारोह के मंच-माइक से बोलते हुए राम बिलास शर्मा ने कहा, हम राजनीतिक लोगों की यह बीमारी है कि, हमारे हाथ में माइक आ जाए और शांति से सुनने वाले लोग मिल जाएँ। हम माइक को फिर छोड़ते नहीं हैं। इस दौरान उन्होंने अपने बिते वर्ष की सत्य घटना और सत्ता अनुभव को साझा करते हुए गाँव पाली में हुए कार्यक्रम की भी चर्चा की साथ ही उन्होंने बताया पाली गाँव में एक समय रंगमंच अभिनय (सांग) दिखाने पहुंचे पण्डित लख्मीचंद का जिक्र करते हुए बताया कि, वे गरीबी एवं शिक्षा संसाधनों के अभाव के मध्य वे स्कूल नहीं जा सके, लेकिन ज्ञान के मामले में वे पढ़े-लिखे लोगों को भी मात देते थे।

उनकी रुचि नृत्य और संगीत गायन में अधिक थी। इसलिए दादा लख्मीचंद हरियाणा प्रदेश के लोकगीत में प्रमुख एवं प्रतिष्ठित कवि कहलाए। इसलिए हमारी सरकार ने उनके नाम से विश्वविद्यालय भी बनवाया है।

उन्होंने सूर्य कवि पण्डित लक्खीचंद की पुरानी यादों को ताज़ा किया साथ ही पाली गाँव की घटना का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि, अभिनय (स्वाँग) करने पहुँचे लख्मीचंद से वहाँ के स्थानीय कालू राम जोशी ने उन पर तंज कसा और कहा कि तुम ब्रह्ममण कुल में जन्म लेकर नृत्य-गान व जनानी वेशभूषा धारण करना और गायन मंडली के मध्य नाचना थिरकना लख्मीचंद के लिए अशोभनीय है। उस दौरान कवि लख्मीचंद नतमस्तक होते हुए कहा कि लिखना-पढ़ना मेरे भाग्य में नहीं। लेकिन, माँ भगवती सरस्वती की कृपा शाम पहर मेरे तख्त पर होती है और नृत्य गायन के दौरान स्वभाविक शब्दावली कंठ में समाहित होती है। नाचने में किसी प्रकार का दोष नहीं।

उन्होंने कवि लख्मीचंद द्वारा पाली गाँव में हुए कार्यक्रम में पेश की गई प्रस्तुति और दिए गए ताने का रागिनी के माध्यम से करारा जवाब देते हुए सूर्य कवि लख्मीचंद के बारे में बताते हुए कहा उस दिन जो कवि लक्खीचंद ने रागिनी गाई वैसी रागिनी आज तक कोई अन्य कवि अपने शब्दों से प्रस्तुत नहीं कर पाया। उन्होंने उनकी सबसे प्रमुख और पुरानी रागिनी गायन करते हुए कहा कि नाचण मैं के दोष हुशियारी, नाचै दुनिया सारी रै.! अयोध्या में राम नाचा, मथुरा में कृष्ण मुरारी रै.. !! कैलाश पर्वत पर तीसरा नेत्र खोल, नाचा त्रिपुरारी रै.! धन्ना जाट खेत में नाचा, मीरा बालू रेत में नाची, रविदास कठौती संग नाचा, फिर आखिर में पण्डित सूर्य कवि लख्मीचंद ने फरमाया, लख्मी ब्राह्मण के ऐसीट्ठतैसी करावे, जब छ्याजा मस्ती न्यारी रै.! नाचण मैं के दोष हुशियारी, नाचै दुनिया सारी रै.!!

पूर्व शिक्षा मंत्री राम बिलास द्वारा पंडित लख्मीचंद की स्वर जुबानी सुनकर सभा में मौजूद तमाम श्रोताओं की भीड़ ने तालियाँ बजाकर शिक्षा मंत्री का अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने मंच से बोलते हुए कहा कि, जिस किसी सज्जन ने भगवान हरि विष्णु की भक्ति में नृत्य किया उसका इतिहास पंडित लख्मीचंद ने अपनी कविता में किया।

उन्होंने सभी का अभिवादन करते हुए संत समागम और हरि कथा श्रवणपान करने वाले श्रोताओं को सौभाग्यशाली बताया और अपने शब्दों को विराम दिया।

## शार्ट न्यूज

### मुख्यमंत्री आवास पर होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए विधायको के साथ बैठक की

विवेक राय/गौरवशाली भारत



नई दिल्ली। त्रिपुरा प्रवास के दूसरे दिन मुख्यमंत्री आवास पर होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए विधायको के साथ बैठक की और आगामी चुनाव की तैयारियों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की। इसके बाद अगरतला स्थित भाजपा कार्यालय में त्रिपुरा राज्य के सभी मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों के साथ बैठक कर वहां की स्थिति के बारें में जानकारी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री माणिक शाहा जी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रत्याशी राज्यसभा विप्लब् देब, डॉ संबित पात्रा जी, प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य जी, उप मुख्यमंत्री जिष्णु देबवर्मा, विधानसभा स्पीकर रतन चक्रवर्ती उपस्थित रहें। सभी कार्यकर्ताओं ने उप चुनाव को विजयी बनाने के लिए संकल्प लिया कि इस सीट पर भारी मतों से विजय हासिल करेंगें। बैठक के दौरान त्रिपुरा के प्रभारी बने डा. महेष षर्मा का सभी कार्यकर्ताओं ने अभिनन्दन व स्वागत किया और प्रभारी जी ने कहा कि हमस ब मिलकर आने वाले चुनाव में मिलकर कार्य करेंगें। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. संबित पात्रा, श्री राजीब भट्टाचार्य जी व असम तथा त्रिपुरा के महामंत्री संगठन श्री फनेन्द्रनाथ शर्मा जी उपस्थित रहें।

### पीएफआई पर केंद्रीय एजेंसियों का 'एक्शन' अति सराहनीय : यूनाइटेड हिंदू फ्रंट

नई दिल्ली। यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने चरमपंथी इस्लामिक गठबंधन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्यवाही की मुक्त कंठ से सराहना की है। फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जय भगवान गोयल ने इस कार्यवाही को देर से लेकिन उचित कार्यवाही की संज्ञा देते हुए कहा कि पीएफआई की संदिग्ध गतिविधियों के दृष्टिगत उसकी गहन जांच की मांग विगत काफी समय से विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा की जा रही थी। पीएफआई देश की अखंडता और एकता के लिए भारी खतरा बना हुआ है जिस पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है। गोयल ने कहा कि 2006 में नेशनल डेवलपमेंट फ्रंट के उत्तराधिकारी के रूप में गठित इस संगठन पर अपने अस्तित्व के बाद से ही राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के आरोप लगते आ रहे हैं जिसे विदेशों से अवैध फंडिंग मिलती रहती है। उन्होंने कहा कि शाहीन बाग में सीएए के विरुद्ध तथाकथित आंदोलन, 2020 के दिल्ली दंगे ,जहांगीरपुरी का दंगा और अब विवादित स्कूली छात्राओं के हिजाब पहनने के मामले में पीएफआई की संलिप्तता अनेक प्रश्न उत्पन्न कर रही थी। श्री गोयल ने कहा कि वास्तव में पीएसआई और ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी देश में मुसलमानों को गुमराह करने और भड़काने का कार्य कर रहे हैं जबकि देशभर के मुसलमानों को पता है कि भारत जैसे देश में वह पूरी तरह सुरक्षित हैं और शान से जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने ओवैसी और उनके संगठनों की फंडिंग की भी जांच करवाने की मांग की है।

### 32 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

नोएडा। परिवहन विभाग ने गुरुवार को 32 चालकों के डीएल लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। तेज गति में वाहन चलाने के कारण डीएल निलंबित किए गए हैं। चालक 45 दिन तक वाहन नहीं चला सकेंगे। दो बार डीएल निलंबित होने के बाद तीसरी बार यातायात नियम के उल्लंघन पर निरस्त करने का नियम है। हालांकि जिले में किसी भी चालक का डीएल निरस्त नहीं हुआ है।

## भव्य रामलीला का मंचन : बाल मन्दिर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल के छात्रों की भव्य राम लीला

प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। डिफेन्स इन्क्लेव स्थित बाल मन्दिर सीनियर सेकेन्डी स्कूल (प्रीत विहार) में स्कूली बच्चों द्वारा भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है। यह मंचन 29 सितम्बर से 5 अक्टूबर के बीच रोज शाम 6:45 बजे से 9:30 बजे रात्रि तक होगा। इसमें स्कूल के 6वीं से लेकर 9वीं तक के बच्चे शामिल होंगे। यह जानकारी स्कूल वाइस प्रिंसिपल योगेश अरोड़ा और स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य गुरूदत्त अरोड़ा ने प्रेस कांफ्रेस में दी। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल संतोष अहूजा भी उपस्थित थे।

योगेश अरोड़ा के मुताबिक इसबार



560 बच्चे इसमें भाग ले रहे है। इसका उद्देश्य स्कूल के छात्रों में भारतीय दर्शन और सामाजिक संस्कार पिरोना है ताकि वे समाज के बेहतर नागरिक बन सके। उन्होंने बताया कि इस रामलीला की तैयारी 5 महीने पहले शुरू कर दी जाती है। स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं ही बच्चों को तैयार करते हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा- भव्य रामलीला का आयोजन यहां 21 सालों से किया जा रहा है। रामलीला का मुख्य उद्देश्यय छात्रों को बेहतर नागरिक बनाना है। रामलीला में श्रवण कुमार, भरत कुमार, श्रीराम की भूमिका बेहद मार्मिक है।

गुरूदत्त अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के तीन भाग है। पहला कार्यक्रम रामचरित्र मानस नवाह्न परायण है, जो 26 सितम्बर से 4 अक्टूबर के बीच सुबह 6.00 बजे से सुबह 8.30 बजे तक होगा। रोज शाम को 06.00 बजे से 06.45 बजे तक राम कथा होगी। तीसरे कार्यक्रम के रूप में भव्य रामलीला मंचन व दशहरा महोत्सव है जो 29 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक शाम 6.45 बजे से 9.30 बजे तक होगी।

बाल मंदिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के प्रिसिपल संतोष अरोड़ा ने बताया कि दशहरे के आखिरी दिन एक नाट्य रामलीला भी होगी जिसमें 300 भाग तीन घंटे में पूरी रामलीला होगी। सुरक्षा की दृष्टि से इसमें प्रवेश केवल निमंत्रण पत्रों के माध्यम से ही होगा।

## दिल्ली-एनसीआर में लगातार दूसरे दिन झमाझम बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन झमाझम बारिश हुई, जिससे कुछ इलाकों में सड़कों पर जलजमाव होने से यातायात भी प्रभावित हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ऑरेंज अलट जारी किया है और छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। इस दौरान दृश्यता कम हो सकती है, यातायात बाधित हो सकता है वहीं कच्ची सड़कों एवं कमजोर इमारतों को नुकसान पहुंच सकता है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से मॉनसून की वापसी से ठीक पहले हुई ताजा बारिश से वर्षा में कमी (सितंबर में अब तक 46 फीसदी) को कुछ हद तक पूरा करने में मदद मिलेगी। इससे हवा भी साफ रहेगी और तापमान भी नियंत्रित रहेगा। दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दोपहर दो बजे 61 (संतोषजनक श्रेणी) दर्ज किया गया।

आईएमडी ने बताया कि दिल्ली के कुछ हिस्सों में अगले दो-तीन दिनों में हल्की बारिश हो सकती है। सफदरजंग वेधशाला ने सितंबर में अब तक 58.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की है, जबकि सामान्य स्तर 108.5 मिलीमीटर है। उत्तर-पश्चिम भारत में अनुकूल मौसम प्रणाली नहीं रहने के कारण अगस्त में 41.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई जो करीब 14 वर्षों में सबसे कम है।

## गुरुग्राम में मूसलाधार बारिश से बिगड़े हालात, दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम

गुरुग्राम। दिल्ली से सटे हरियाणा की मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में गुरुवार सुबह से जारी मूसलाधार बारिश से हालाल बिगड़ गए। बारिश ने नगर निगम और प्रशासन के सभी दावों की पोल खोलकर रख दी है। बारिश ने शहर में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए। इसके साथ ही शाम को दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हाईवे और शहर की अंदरूनी सड़कों पर भी चार से पांच फीट तक पानी भर गया। इसके चलते लोग दिनभर जलभराव और जाम से जूझते रहे। गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे के लगभग हुई बारिश के दौरान दिल्ली-जयपुर हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। गुरुग्राम से दिल्ली और दिल्ली से जयपुर जाने वाहन चालकों को दिल्ली-जयपुर हाईवे पर भारी जाम से जूझना पड़ा। हालांकि, राहगीर समय से घर पहुंच सकें, उसके लिए 1200 से ज्यादा ट्रैफिक पुलिसकर्मी देर रात तक सड़कों पर मौजूद रहे। सात घंटे से मिलेनियम सिटी में हो रही बारिश के बाद हाईवे पर कई जगह जलभराव हो गया। जलभराव के कारण हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। दिल्ली से जयपुर जाने की तरफ नरसिंघपुर के पास हुए जलभराव के कारण सर्विस रोड और हाईवे पर जलभराव हो गया। उसके कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई और देखते ही देखते कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें हाईवे पर लग गईं। इस हिस्से पर रात आठ बजे तक ऐसे ही हालात रहे। इसके अलावा गुरुग्राम से दिल्ली की तरफ सिग्नेचर फ्लाईओवर, शंकर चौक फ्लाईओवर के पास भी वाहन रेंगते रहे। वहीं दिल्ली से जयपुर की तरफ एंबियस मॉल से साइबर सिटी की तरफ वाहन रेंगते रहे। इसके अलावा लेजरवैली कट, झाड़सा के पास भी ऐसे ही हालात रहे। वहीं, शहर के अंदरूनी इलाकों में भी जाम की दिक्कत रही। बसई चौक पर जलभराव होने से जाम लग गया। इसके अलावा मेहफिल्ड गार्डन, हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक और गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर भी जलभराव के कारण वाहन रेंग-रेंग कर चले। इसके अलावा गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर भी ऐसे ही परेशानियां रही। बारिश के बाद 80 से ज्यादा जगहों पर जलभराव होने से लोग देर रात तक दिक्कतों का सामना करते रहे। बारिश के कारण पुराने और नए गुरुग्राम के साथ-साथ हाईवे पर भी जलभराव हुआ। मुख्य रूप से एआईटी चौक, सीआरपीएफ चौक, पॉस्को सेक्टर-18, गुड अर्थ मॉल, आर्टमिस चौक, सेक्टर-46/47 ट्रैफिक लाइट,सेक्टर-21/22 सहित अन्य इलाकों में जलभराव हुआ।

## सदर बाजार में बेतरतीब लटकी तारों के कारण हो सकता है बड़ा हादसा : पम्मा

### सदर बाजार में लटकी बिजली की तारों को लेकर बीएसईएस यमुना के उच्च अधिकारियों और फेडरेशन की बैठक

आनंद राय/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। सदर बाजार में बेतरतीब लटकी बिजली, टेलिफोन और इंटरनेट की वायरिंग किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। तारों के मकड़जाल में स्पार्किंग का खतरा बना रहता है। तंग गलियों में ऊपर से जाती तारे किसी जोखिम से कम नहीं है। इन तारों को व्यवस्थित करने की मांग स्थानीय व्यापारी कई दफा कर चुके हैं।

इस समस्या को लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें बीएसईएस यमुना के उच्च अधिकारियों बिजली विभाग की ओर से श्री आर के त्यागी (ए. एस. वी. पी) श्री जगदीश पाल (डिवीजन हेड) श्री गोपाल पाल (डी. जी. एम) और श्री विनोद चौरसिया ( इंजीनियर) और इस बैठक में फेस्टा ने बिजली विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से और संभावित खतरे से अवगत कराया गया। फेडरेशन के चेयरमैन श्री परमजीत सिंह पम्मा ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सदर बाजार के अलग-अलग हिस्सों में लटकी हुई तारों की फोटो भी दिखाए और जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाने का अनुरोध किया। इसके बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने फेडरेशन के पदाधिकारियों के साथ बाड़ी मार्केट का सर्वे किया और यह विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही सदर बाजार की हर मार्केट से लटकी हुई तारों को हटा दिया जाएगा और नए सिरे से अंडर ग्राउंड तार बिछाने का भी प्लान बनाया जाएगा। इस बैठक में फेडरेशन के चेयरमैन श्री परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, महासचिव कमल कुमार, राजेंद्र शर्मा एवं बिजली विभाग की ओर से श्री आर के त्यागी (ए. एस. वी. पी) श्री जगदीश पाल (डिवीजन हेड) श्री गोपाल पाल (डी. जी. एम) और श्री विनोद चौरसिया ( इंजीनियर) सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव यादव ने बताया यह तारों के कारण कई बार शॉर्टकट होते रहते हैं और इसके कारण कई बड़े हादसे भी हो चुके हैं छोटी छोटी गलियां होने व ट्रैफिक जाम के कारण फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाती। उन्होंने बताया कि कई मार्केट में बिजली विभाग में नई तारे डाल दिए हैं। मगर पुरानी तारे वैसे ही लटकी पड़ी हैं। यहां तक कि एमटीएनएल व इंटरनेट की भी कई तारों का जंजाल बना हुआ है।

## अब सरकारी स्कूलों में गेस्ट टीचर्स मामले की होगी आंतरिक जांच

नई दिल्ली। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल के बीच जारी तल्खी कम होती नहीं दिख रही है। दिल्ली में कथित शराब नीति घोटाला और बस खरीद घोटाला के बाद अब सरकारी स्कूलों में गेस्ट टीचर्स की नियुक्ति भी सवालों और जांच के घेरे में आ गई है।

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में गेस्ट टीचर्स की नियुक्ति में अनियमितताओं और फर्जी शिक्षकों के वेतन भुगतान में धन के गबन के आरोपों की विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव को, निदेशक (शिक्षा) को सलाह देने के लिए कहा है कि वह अपने स्कूलों में दिल्ली सरकार द्वारा नियुक्त सभी गेस्ट टीचर्स की नियुक्ति, उपस्थिति और वेतन की निकासी संबंधी जानकारियों को तुरंत सत्यापित करें। इस बाबत एक महीन के भीतर स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव को भेजे गए नोट में कहा, उपराज्यपाल ने पाया है कि फर्जी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति और धन गबन के मामले गंभीर चिंता का विषय हैं और यह प्रधानाचार्य/उप प्रधानाचार्य/लेखा कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हो सकता।

उपराज्यपाल ने हाल में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) को दिल्ली सरकार के एक स्कूल के चार उप-प्रधानाचार्यों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की अनुमति दी थी। इन पर फर्जी गेस्ट टीचर्स के माध्यम से कथित धन घोटाले का आरोप है।

बता दें कि, इससे पहले उपराज्यपाल ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा 1,000 लो-फ्लोर बसों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए सीबीआई को शिकायत भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## संपादकीय

# टूट रहा है सात जन्म का साथ, कत्ल तक पहुंची बात

पति-पत्नी के वैवाहिक रिश्तों में इन दिनों तनाव और बिखराव की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जोड़ियां स्वर्ग में बनतीहैं, शादी सात जन्मों का बन्धन,हम बने तुम बने एक दूजे के लिए, दो शरीर एक आत्मा आदि मान्यताएं कही न कहीं टूट रही हैं अब तो विवाह ऐसा सम्बन्ध में बदल रहा हैकि चले तो चांद तक और न चले तो शाम तक।

वैवाहिक जीवन मे आ रहे टकराव से एक ओर जहां तलाक की घटनाओं में भारी इजाफा हुआ है वहीं दूसरी ओर पति पत्नी के बीच खूनी वारदातें बढ़ गई हैं देश के हर जिले में पति-पत्नी और दाम्पत्य जीवन में खून खराबे की वारदातें दर्ज हो रही है इनमें शहरी कस्बाई ग्रामीण सभी अंचलों में पति पत्नी एक दूसरे का कत्ल कर खून बहा रहे हैं यह समाज में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति का परिचायक है।

हिंसा की ओर बढ़ रहे दांम्पत्य की समस्या को समझने के लिए हाल ही में घटित वारदातों की बानगी देखिए। 18 सितंबर को बिहार के दरभंगा जिले में एक महिला ने अपने पति को हॉर्लिक्स में जहर मिला कर पिला दिया आरोपित पत्नी ने पुलिस जांच में इकबाल किया है कि पति अरविंद रोज की तरह रात्रि में सोने से पहले हॉर्लिक्स पीता था। इसका फायदा अन्नू ने उठाया और हॉर्लिक्स में जहर मिलाकर उसे पिला दिया। कुछ ही देर बाद वह खून की उल्टी करने लगा और दम तोड़ दिया। पुलिस जांच में टूट गई और हकीकत बयान कर दी।

नोएडा मेंरोटी बनाने में देर होने पर पत्नी को लोहे के तवे से पीट-पीटकर हत्या करने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में रोटी बनाने में देर होने परअनुज कुमार मंडल ने 10 सितंबर को अपनी पत्नी खुशबू की लोहे के तवे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी पुलिस ने अनुज को गिरफ्तार कर लिया है।

उधर यूपी के आगरा में हाल ही में 27 अगस्त को आपसी झगड़े के बाद पति ने हत्या करने के इरादे से पत्नी को यमुना नदी में धक्का दे दिया, हालांकि पत्नी की किस्मत अच्छी थी और वह कम बहाव वाले क्षेत्र से तैर कर वापस घर पहुंच गयी. पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है ।एक अन्य वारदात में थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र के घरबरा गांव में पति ने पत्नी की धारधार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी और फरार हो गया ।काजल का शव बेड पर पड़ा मिला. वह 22 साल की थी. उसके पति रवि ने उसकी धारधार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी. शनिवार की रात में इस वारदात के बाद वह फरार हो गया था. सुबह हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस और काजल के परिजन मौके पर पहुंचे।

एक विवाह समारोह में नाचना पत्नी को महंगा पड़ गया नाराज पति ने चतरा के सदर थाना क्षेत्र के लरकुआ गांव में बारातियों के साथ नाचने पर अपनी पत्नी की पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि मामला सामने आने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति शीतल भारती को गिरफ्तार कर लिया ।हालही मेंमहाराष्ट्र के ठाणे जिले के भयंदर बस्ती में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार खाने में अधिक नमक से नाराज एक पति ने पत्नी की हत्या कर दी. पुलिस की तरफ से कहा गया है कि शुक्रवार सुबह भयंदर पूर्व के फाटक रोड इलाके में एक व्यक्ति ने नाश्ते में बनाए गए %खिचड़ी% में अधिक नमक होने के कारण अपनी पत्नी की हत्या कर दी ।वहींउत्तर प्रदेश के आगरा के खेरागढ़ के थाना बसई जगनेर के गांव गुगावंद में शुक्रवार की रात शराबी पति से परेशान पत्नी ने धारदार हथियार से हमला कर पति को घायल कर दिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी।

रामनगर जिले की उधमनगर तहसील के सत्यालता क्षेत्र मेंएकविवाहिताशालू देवी ने दो लोगों की मदद से अपने पति शंकर सिंह पुत्र हेम राज की हत्या की थी। हत्या के बाद शव को पहाड़ी से फेंक दिया था, जिससे लगे कि उसकी मौत दुघर्टना के कारण हुई है। एकअन्यवारदातमेंशराब के नशे में धुत पति को उनकीपत्नीने इतना पीटा की उसकी मौत हो गई।

# ‘अंतरिक्ष का सैन्यीकरण’



-डॉ दीपक कोहली-

हाल के वर्षों में न केवल बाह्य अंतरिक्ष के अन्वेषण में वैज्ञानिक एवं खगोलीय सफलता देखी गई है, बल्कि नागरिक एवं सैन्य उद्देश्यों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिये अंतरिक्ष के उपयोग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अंतरिक्ष और सैन्य बल के बीच सहक्रियात्मक दृष्टिकोण का विकास हो रहा है। सेना का प्रक्षेपण स्थल एवं समुद्र तक ही सीमित नहीं है। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन तथा रूस जैसे देश एक-दूसरे पर अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिये बाह्य अंतरिक्ष के सैन्यीकरण एवं शस्त्रीकरण के साथ बाह्य अंतरिक्ष पर हावी होने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।

बाह्य अंतरिक्ष संधि ?विश्व के देशों को पृथ्वी की कक्षा में ‘परमाणु हथियार या सामूहिक विनाश के किसी अन्य प्रकार के हथियारों को ले जाने वाले किसी भी पिंड’ को स्थापित करने से निषिद्ध करती है। अंतरिक्ष का अनियंत्रित एवं अविनियमित शस्त्रीकरण और सैन्यीकरण न केवल अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिये बल्कि संचार, नेविगेशन, प्रसारण और रिमोट सेंसिंग जैसी महत्त्वपूर्ण नागरिक अंतरिक्ष-आधारित अवसंरचनात्मक सेवाओं के लिये भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है । अंतरिक्ष के सैन्यीकरण में अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं के विकास के लिये बाह्य अंतरिक्ष में हथियार एवं सैन्य प्रौद्योगिकी की तैनाती और उनका विकास करना शामिल है।

### अंतरिक्ष युद्ध

अंतरिक्ष युद्ध वह युद्ध है जो बाह्य अंतरिक्ष में यानी वायुमंडल के बाहर लड़ा जाएगा। इसमें शामिल हैं

भूमि-से-अंतरिक्ष युद्ध (Ground-to-Space Warfare): पृथ्वी से उपग्रहों पर हमला करना।

अंतरिक्ष-से-अंतरिक्ष युद्ध (Space-to- Space Warfare): उपग्रहों द्वारा उपग्रहों पर हमला।

हालाँकि इसमें तकनीकी रूप से अंतरिक्ष-से-भूमि युद्ध (Space-to-Ground Warfare) शामिल नहीं है, जहाँ कक्ष में स्थापित पिंड पृथ्वी पर हमले करेंगे।

### सैन्यीकरण का वैश्विक परिदृश्

फ्राँस : फ्राँस ने वर्ष 2021 में अपना पहला अंतरिक्ष सैन्य अभ्यास एस्टरएक्स आयोजित किया।

चीन: पृथ्वी की निचली कक्षा में अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करने के साथ ही चीन वर्ष 2024 तक सीस-लूनर स्पेस (भू-समकालिक कक्षा से परे क्षेत्र) में चंद्रमा पर अपनी स्थायी उपस्थिति स्थापित करने की उम्मीद कर रहा है।

संयुक्त राज्य अमेरिका: अमेरिका ने अपनी युद्ध क्षमताओं को प्रबल करने के लिये ‘स्पेस फोर्स’ नामक नया सैन्य विभाग गठित किया है।

### बाह्य अंतरिक्ष संधि 1967

बाह्य अंतरिक्ष संधि, जिसे औपचारिक रूप से ‘चंद्रमा और अन्य आकाशीय निकायों सहित बाह्य अंतरिक्ष के अन्वेषण और उपयोग में राज्यों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों पर संधि’ के रूप में जाना जाता है, एक संधि है जिसने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष कानून की नींव रखी है ।भारत भी बाह्य अंतरिक्ष संधि का एक पक्षकार है ।यह संधि विश्व के देशों को परमाणु हथियार या सामूहिक विनाश के किसी अन्य हथियार को पृथ्वी के चारों ओर की कक्षा में तैनात करने से निषिद्ध करती है। इसके अलावा यह चंद्रमा जैसे अन्य आकाशीय पिंडों या बाह्य अंतरिक्ष में कहीं भी ऐसे हथियारों की तैनाती और उपयोग को प्रतिबंधित करती है। संधि के सभी पक्षकार अंतरिक्ष के केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये अनन्य उपयोग पर परस्पर सहमति रखते हैं।

### भारत का रुख

वर्तमान परिदृश्यों में बदलती ध्रुवीयता- भारत में ऐतिहासिक रूप से अंतरिक्ष इसकी असैन्य अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के एकमात्र क्षेत्राधिकार के अंदर रहा है। भारत ने अंतरिक्ष सुरक्षा के प्रति सदैव शांतिवादी दृष्टिकोण बनाए रखा है और अंतरिक्ष के शस्त्रीकरण एवं सैन्यीकरण का विरोध करता है।

पिछले एक दशक से बाह्य अंतरिक्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण बदल रहा है और अब यह राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं से अधिक प्रेरित हो रहा है। नैतिकता-प्रेरित नीति के अनुपालन के बजाय भारत अब बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हालाँकि भारत ने अभी भी नि:शस्त्रीकरण की अपनी नीति का त्याग नहीं किया है, लेकिन उसने अनुभव किया है कि उसकी निष्क्रियता और बाह्य अंतरिक्ष में समकालीन प्रगति की अनदेखी उसे अपनी अंतरिक्ष आस्ति पर कई खतरों के लिये असुरक्षित या भेद्य बना सकती है।

हाल का परिदृश्य: चीनी खतरों पर नज़र रखते हुए हाल ही में भारत ने अपने पहले सिमुलेटेड स्पेस वारफेयर अभ्यास ‘इंडस्पेसएक्स का आयोजन किया और उसी वर्ष एक उपग्रह-प्रतिरोधी हथियार (मिशन शक्ति) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इसके साथ ही त्रि-सेवा रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी की स्थापना के साथ सेना को स्थायी रूप से असैन्य अंतरिक्ष की छाया से दूर कर दिया गया है। भारत ने रक्षा अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसीकी भी स्थापना की है जो रक्षा अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी के लिये अंतरिक्ष आधारित हथियार विकसित करने में मदद करेगी। अंतरिक्ष को भी एक सैन्य डोमेन के रूप में उतना ही महत्त्व प्रदान किया गया है जितना कि थल, जल, वायु और साइबर क्षेत्र को प्राप्त है ।वर्ष 2020 में भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी अभिकर्त्ता को प्रोत्साहित करने के लिये अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत एक स्वतंत्र नोडल एजेंसी ‘ इन- स्पेस’ के निर्माण को भी मंज़ूरी प्रदान की।

### प्रमुख चुनौतियाँ

चीन का बढ़ता प्रभाव: चीनी अंतरिक्ष उद्योग अन्य देशों की तुलना में अधिक तेज़ी से विकसित हो रहा है। इसने अपने स्वयं के नेविगेशन सिस्टम ‘बी डाउ’ के सफल लॉन्च के साथ अंतरिक्ष क्षेत्र में एक मज़बूत उपस्थिति दर्ज की है । इस बात की प्रबल संभावना है कि चीन के बेल्ट रोड इनिशिएटिव के भागीदार देश चीनी अंतरिक्ष क्षेत्र में योगदान देंगे या इसमें शामिल होंगे, जिससे चीन की वैश्विक स्थिति और मज़बूत होगी।

अंतरिक्ष मलबों में वृद्धि : बाह्य अंतरिक्ष अभियानों में वृद्धि से अंतरिक्ष का मलबा भी बढ़ रहा है। यह भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों को प्रभावित कर सकता है क्योंकि जिस उच्च गति पर पिंड पृथ्वी की परिक्रमा करते हैं, अंतरिक्ष मलबे के एक छोटे से टुकड़े के साथ भी टकराव एक अंतरिक्ष यान को नुकसान पहुँचा सकता है।

अंतरिक्ष के मलबे ओज़ोन रिक्तीकरण या क्षय का भी कारण बन सकते हैं।

जासूसी-आधारित उपग्रहों की वृद्धि : अंतरिक्ष प्रमुख शक्तियों के बीच प्रभुत्व के लिये युद्ध का मैदान बनता जा रहा है। अंतरिक्ष में तैनात उपग्रहों का लगभग पाँचवाँ हिस्सा सेना से संबंधित है और जिनका उपयोग जासूसी के लिये किया जाता है। यह वैश्विक शांति और सुरक्षा हेतु एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

वैश्विक भरोसे में कमी का विस्तार: बाह्य अंतरिक्ष के शस्त्रीकरण के लिये उभरती हथियारों की दौड़ दुनिया भर में अनिश्चितता, संदेह, प्रतिस्पर्द्धा और आक्रामकता का माहौल पैदा कर सकती है जिससे युद्ध भड़क सकता है।

यह वैज्ञानिक अन्वेषणों और संचार सेवाओं से संलग्न उपग्रहों के साथ उपग्रहों की पूरी श्रृंखला को भी जोखिम में डाल देगा। ऑर्बिटल स्लॉट पर एकाधिकार बढ़ने की संभावना। : कोई भी देश जो एक सैन्य उपग्रह तैनात करता है, वह अपने ऑर्बिटल स्लॉट और रेडियो फ्रीक्वेंसी का खुलासा करने से हिचकिचाता है, क्योंकि उसे भय होता है कि इस तरह की जानकारी का इस्तेमाल किसी विरोधी/शत्रु द्वारा उपग्रह को ट्रैक करने के लिये किया जा सकता है, जिसके बाद वे इस पर हमला कर सकते हैं या इसके सिग्नल को जाम कर सकते हैं। इस प्रकार इस बात की प्रबल संभावना है कि भविष्य में ऑर्बिटल स्लॉट एकाधिकार के शिकार होंगे।

बाह्य अंतरिक्ष का बढ़ता व्यावसायीकरण- इंटरनेट सेवाओं के ट्रांसमिशन और अंतरिक्ष पर्यटन (जेफ बेज़ोस) के लिये निजी उपग्रह अभियानों के माध्यम से बाह्य अंतरिक्ष का व्यावसायीकरण बढ़ रहा है। ‘एक्सिओम स्पेस’ ने स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल के माध्यम से वर्ष 2022 में अंतरिक्ष में अपना पहला पूरी तरह से निजी वाणिज्यिक मिशन लॉन्च किया।

### आगे की राह

अंतरिक्ष युद्ध के लिये क्षमता निर्माण: अंतरिक्ष के चौथे युद्धक्षेत्र में परिणत होते जाने के साथ भारत को पर्याप्त अनुसंधान और विकास के माध्यम से अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। देश की शांति को भंग करने का उद्देश्य रखने वाले किसी भी मिसाइल हमले पर सक्षम प्रतिक्रिया दे सकने के लिये काली को डिज़ाइन किया जा रहा है।

इसके साथ ही यह उपयुक्त समय है कि भारत-अमेरिका संयुक्त अंतरिक्ष सैन्य अभ्यास का आयोजन किया जाए जो भारत की रक्षा साझेदारी को एक नई कक्षा में ले जाएगा।

भारत और अमेरिका अक्तूबर 2022 में औली, उत्तराखंड में ‘युद्ध अभ्यास’ के 18वें संस्करण में भाग लेंगे। अंतरिक्ष अन्वेषण के लिये वैश्विक बाज़ार को आकर्षित करना: लागत-प्रतिस्पर्द्धी विश्वस्तरीय उत्पादों और सेवाओं को दोहराने के लिये भारत स्थानीय बाज़ार स्थितियों जैसे - प्रतिभा पूल, निम्न श्रम लागत, इंजीनियरिंग सेवा आदि का लाभ उठा सकता है।

# रस्म अदायगी तक सीमित न रहे हिन्दी पखवाड़े का आयोजन

- योगेश कुमार गोयल

भले ही आज हमारे देश में ही कुछ लोग हिन्दी के उपयोग को लेकर कभी-कभार बेवजह का विवाद खड़ा कर अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास करते दिखते हैं लेकिन हर भारतीय के लिए गर्व की बात यह है कि हिन्दी को चाहने वालों की संख्या अब दुनियाभर में लगातार बढ़ रही है। डा. फादर कामिल बुल्के ने संस्कृत को मां, हिन्दी को गृहिणी और अंग्रेजी को नौकरानी बताया था। आयरिश प्रशासक जॉन अब्राहम ग्रियर्सन को भारतीय संस्कृति और यहां के निवासियों के प्रति अगाध प्रेम था, जिन्होंने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि बताया था। दूसरी ओर हमारे ही देश में कुछ लोग कुतर्क देते हैं कि भारत सरकार योग को तो 177 देशों का समर्थन दिलाने में सफल हो गई लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन भी नहीं जुटा सकी। हालांकि इस प्रकार की नकारात्मक बातों से न हिन्दी का कुछ भला होने वाला है और न ही उसका कोई बिगड़ने वाला है। ऐसे व्यक्ति हिन्दी की बढ़ती ताकत का यह सकारात्मक पक्ष बहुत चालाकी से नजरअंदाज कर देते हैं कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। हिन्दी को लेकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने एक बार कहा था :

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।

अर्थात् अपनी भाषा से ही उन्नति संभव है क्योंकि यही सारी उन्नतियों का मूलाधार है। मातृभाषा के ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा का निवारण संभव नहीं है। देश-विदेश के बड़े-बड़े विद्वानों ने हिन्दी भाषा के महत्व को समय-समय पर अपने शब्दों में व्यक्त किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के छोटे से छोटे क्षेत्र में भी हिन्दी अपना दायित्व निभाने में समर्थ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनसम्पर्क के लिए हिन्दी को ही सबसे उपयोगी भाषा मानते थे। हिन्दी भाषा के महत्व को स्वीकारते हुए वह कहा करते थे कि सम्पूर्ण भारत के परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है, जिसे जनता का बड़ा भाग पहले से ही जानता-समझता है और राज व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है। गांधी जी कहते थे कि दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल दिल से बातचीत करता है और राष्ट्रभाषा के बिना एक राष्ट्र गूंगा है। अमेरिका के जाने-माने चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग का कहना था कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी हिन्दी को देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत मानते थे जबकि राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार संस्कृत की विरासत हिन्दी को जन्म से ही मिली है। बालकृष्ण शर्मा ‘नवीन’ का कहना था कि राष्ट्रीय एकता की कड़ी हिन्दी ही जोड़ सकती है। महात्मा गांधी के हिन्दी प्रेम को परिभाषित करता वर्ष 1917 का एक ऐसा किस्सा सामने आता है, जब कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन के मौके पर बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रभाषा प्रचार संबंध कांफ्रैंस में अंग्रेजी में भाषण दिया था और गांधी जी ने उनका वह भाषण सुनने के पश्चात् उन्हें हिन्दी का महत्व समझाते हुए कहा था कि वह ऐसा कोई कारण नहीं समझते कि हम अपने देशवासियों के साथ अपनी ही भाषा में बात न करें। गांधी जी ने कहा था कि अपने लोगों के दिलों तक हम वास्तव में अपनी ही भाषा के जरिये पहुंच सकते हैं। दरअसल हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतीय को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाती है। बहुत सारे देशों में अब वहां की स्थानीय भाषाओं के साथ हिन्दी भी बोली जाती है।




# अखिलेश यादव से दूर होने लगी है पिछले चुनाव में जुड़ी मेंढ़कों की टीम

अशोक मधुप

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ उत्तर प्रदेश के पिछले विधान सभा चुनाव में एकजुट हुई मेंढकों की टीम उछल कर धीरे-धीरे गठबंधन से भागने लगी है। विधान सभा चुनाव में अखिलेश से जुड़ने वाले मेंढ़कों और उनकी छोटी-छोटी टीम के नेताओं को उम्मीद थी कि प्रदेश में भाजपा परास्त होगी। प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। गठबंधन में होने के कारणा वे सत्ता-सुख का आनन्द उठाएंगे। भाजपा विरोधी मीडिया इनके सपनों को यह कह कर हवा दे रही थी कि भाजपा बुरी तरह परास्त होगी। कुछ तथाकथित किसान नेता भी इन सबको सत्ता सुख के सपने दिखा रहे थे, किंतु ऐसा हुआ नहीं। भाजपा की सरकार बनी रही। सत्ता-सुख के लिए एकत्र हुए नेताओं को कोई लाभ होता नजर नहीं आया। आखिर ये कब तक एकजुट रहते। धीरे-धीरे गठबंधन में शामिल मेंढ़क और उनके नेता उछल-उछल कर अखिलेश से दूर होने लगे। दरअसल देश के होने वाले अधिकतर गठबंधन वैचारिक नहीं होते। ये सत्ताधारी दल को हराने, सत्ता पर कब्जा करने के लिए और सत्ता-सुख उठाने के लिए होते हैं। गठबंधन में शामिल सभी दलों के अपने स्वार्थ और उसके नेताओं के अपने हित होते हैं। हित पूरे करने के लिए ये अपने ही साथियों को पीछे धकेल कर अपना लाभ उठाने में लग जाते हैं। इसलिए ये गठबंधन ज्यादा नहीं चल पाते। ऐसा ही इस गठबंधन में हुआ। उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव से पूर्व विपक्ष की एकता के नाम पर शिवपाल यादव अपने भतीजे अखिलेश यादव के साथ आ गए। किंतु सम्मान न मिलने से क्षुब्ध रहे। टिकट वितरण में हुई उपेक्षा से वे चुनाव के दौरान ही खिन्न नजर आए। उन्हें तो अखिलेश यादव ने टिकट दिया किंतु गठबंधन में शामिल हुए उनके दल के किसी नेता को टिकट नहीं दिया गया। वह इसी को लेकर तभी से अपनी नाराजगी जाहिर करते रहे थे। चुनाव प्रचार में भी उनकी उपेक्षा नजर आई। अखिलेश यादव के प्रचार रथ का उस समय एक फोटो जारी किया गया था। इसमें अखिलेश यादव और उनके पिता मुलायम सिंह कुर्सी पर बैठे हैं। शिवपाल यादव को बैठने के लिए जगह नहीं मिली और वे रथ में इन दोनों के पीछे खड़े होकर सफर कर रहे हैं। चुनाव के खत्म होने पर भी सम्मान न मिलने और अपने को उपेक्षित देख शिवपाल यादव ने कहना शुरू कर दिया कि उनसे गलती हुई है। उन्हें गठबंधन में शामिल नहीं होना चाहिए था। धीरे-धीरे वे अलग हो गए। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर भाजपा में रहते भाजपा की आलोचना करते थे। हाल के चुनाव में वे अपनी टीम को लेकर सपा गठबंधन में शामिल हो गए। अखिलेश यादव से जुड़ने से पहले उन्होंने एआईएमआईएम (ढ्ढरूढ्ढरू) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से गठबंधन किया था। उनके साथ काफी घूमे भी थे। ओवैसी से दोस्ती के दौरान ये भाजपा के संपर्क में भी रहे। कहीं दाल न गलती देख अखिलेश यादव से जुड़ गए। अखिलेश ने इनके अहम की संतुष्टि के लिए बहुत कुछ किया। पूरा सम्मान दिया। किंतु चुनाव के बाद ओमप्रकाश राजभर ने सार्वजनिक मंच से अपनी नाराजगी जाहिर करनी शुरू की। कब तक बर्दाश्त होता। मजबूरन अखिलेश यादव को कहना पड़ा कि राजभर को लगता है कि उपेक्षा हो रही है तो उन्हें रोका किसने है, वह जहां चाहें चले जाएं। आलोचक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर की ओर से ही चर्चा आई कि वह बसपा में जा सकते हैं। उसके तुरंत बंद बसपा की ओर से प्रतिक्रिया आई कि बसपा का उन्हें अपने दल में लेने का कोई इरादा नहीं है। भाजपा ने भी इस बार उन्हें कोई लिफ्ट नहीं दी। दरअसल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर के व्यवहार और आचरण से सभी राजनेता वाकिफ हैं। वह गठबंधन में ही रहकर उसकी आलोचना करते रहते हैं।

# कॉमेडी के नूर मनोरंजन भरपूर - हंसी चिकित्सा के धनी को सैल्यूट



हंसी हमारे मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का अभूतपूर्व टॉनिक - हंसने से मनुष्य का इम्यूनिटी सिस्टम मज़बूत होता है - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - सृष्टि में मनुष्य की कौशलता, टैलेंट, नेतृत्व कुछ काम ऐसे होते हैं जो खुद उसकी गाथा बन जाते हैं। लफ्ज़ों की ताकत कहां जो इन्हें बयां कर सके। जब काम बोलता है तो देश को गर्व होता है, ऐसे ही कॉमेडी के नूर मनोरंजन भरपूर हंसी चिकत्सा के धनी चिकित्सक सत्य प्रकाश उर्फ राजू श्रीवास्तव का देहांत 21 सितंबर 2022 को हुआ हालांकि पिछले 41 दिनों से दिल्ली के एम्स में चिकित्सीय जांच के दौरान जग को अलविदा कहे, पर इसका अंदाजा लोगों को नहीं था कि हम इतनी जल्दी हमारे हंसी के चिकित्सक बेताज बादशाह को खो देंगे उनकी शख्सियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब सुबह उनके निधन की जानकारी मीडिया में आई तो दोपहर होते-होते राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री, मंत्रियों, सियासत से जुड़े पक्ष विपक्ष की तमाम हस्तियां, सिनेमा जगत से जुड़े बड़े-बड़े सितारों कलाकारों से लेकर समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति द्वारा भी दुख का पल महसूस किया गया जिससे हम अंदाज लगा सकते हैं कि इतनी बड़ी शख्सियत थे। बड़े बुजुर्ग कहते हैं यह जग छोड़ कर जाना तो सबके लिए हैं, पर यहां रह जाते हैं उनके द्वारा किए गए कर्म, उनकी वैचारिक क्षमताएं, उनके द्वारा लोगों के दिलों में बनाया गया स्थान है। वाकई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर राजू श्रीवास्तव के देहांत पर जैसा माहौल देखा उसे सैल्यूट। कद्रदान व्यक्ति के काम को सैल्यूट, आज हम मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से हंसी के चिकित्सक पर चर्चा करेंगे जिसे सदियों तक दुनिया याद रखेगी।

साथियों बात अगर हम राजु श्रीवास्तव के देहांत की करें तो,10 अगस्त को जिम में वर्कआउट दौरान राजू को दिल का दौरा पड़ा था,जिसके बाद उन्हें एम्स में भर्ती करवाया गया था। बीते 41 दिन से वेंटिलेटर पर मौत से जंग लड़ रहे आखिर अपने प्राण त्याग दिए हैं। उनके मौत की खबर सामने आने के बाद से ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। हर कोई नम आंखों से उनको श्रद्धांजलि दे रहा था ।उनका पोस्टमॉर्टम हुआ, जिसमें बताया गया है कि उनके शरीर पर कोई भी बाहरी चोट के निशान नहीं है। 41दिनों तक इलाज चलने की वजह से बॉडी पर केवल इंजेक्शन के निशान पाए गए हैं ।राजू श्रीवास्तव का पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया था।

साथियों बात अगर हम उनके निधन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अनेक लोगों के शोक संदेशों की करें तो, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके निधन पर ट्वीट कर लिखा गया है कि राजू श्रीवास्तव जी का असामयिक निधन बेहद दुखद है। अपनी हास्यपूर्ण प्रस्तुतियों से, दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की उनमें विलक्षण प्रतिभा थी। राजू श्रीवास्तव के प्रभाव से भारत में हास्य के मंचन को नई पहचान मिली। परिवार के प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। पीएम मोदी ने ट्वीट किया हास्य और सकारात्मकता से हमारे जीवन को रोशन किया ऐसे व्यक्त की संवेदनाएं। उनके निधन पर सिनेमा जगत से लेकर सियासत से जुड़ी तमाम हस्तियों ने शोक व्यक्तकिया। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से लेकर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने संवेदना व्यक्त की है ।अभिनेता,कॉमेडियन लेखक तमाम लोगों ने उनके निधन पर प्रतिक्रियाएं दी। उत्तर प्रदेश विधानसभा में कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के निधन पर दो मिनट के लिए मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की गई।

साथियों बात अगर हम राजू श्रीवास्तव के कैरियर की शुरुआत की करें तो, कानपुर में जन्में राजू श्रीवास्तव बॉलीवुड में काम करने के लिए मुंबई आए थे। बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत राजू ने साल 1988 में रिलीज हुई फिल्म तेजाब से की थी। उसके बाद राजू ने मैंने प्यार किया, बाजीगर, आमनी अथानी खारचा रुपया, बिग ब्रदर, बॉम्बे टू गोवा जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

साथियों बात अगर हम हंसी चिकित्सक के अलावा योग्यता की करें तो, वे उत्तर प्रदेश फिल्म कार्पोरेशन के अध्यक्ष भी थे, इसके साथ-साथ भाजपा नेता भी थे। इससे पहले उन्होंने सपा की तरफ से दिए गए टिकट को वापस करते हुए पार्टी पर कुछ आरोप भी लगाए थे। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में कानपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा था। हालांकि बाद में 11 मार्च 2014 को उन्होंने टिकट वापस कर दिया था। जिसके बाद वह 19 मार्च 2014 को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। साथियों बात अगर हम हसीं कौशलता थेरेपी के अनेक फायदों की करें तो, हंसना अपने आप में एक गुण है जो सभी विपरीत परिस्थितियों को नजरअंदाज करने खुश रहने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हंसने की इसी कला के कारण इंसान स्वस्थ बना रहता है क्योंकि परेशानियों को कम समझना और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को जी भर के जीना ही अच्छी सेहत की निशानी है। हंसी के कई फायदे हैं। हसने की वजह से हम अपने दुख भूल जाते है, इससे हमारे स्वास्थ्य में सुधार आता है, तनाव से राहत मिलती है और हमारे विचार सकारात्मक बनते है। हंसना हमारे हृदय के लिए अच्छा है,इससे हमारे रक्त वाहिकाओं के माध्यम से होनेवाले रक्त परिसंचरण में सुधार आता है। हंसी हमारे भय और दर्द को कम करती है।

साथियों जब कोई व्यक्ति खुलकर हंसता मुस्कुराताहै तो उसके शरीर में होने वाली रासायनिक क्रियाएं भी उस पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ती हैं। वैज्ञानिक और चिकित्सीय शोध में यह बात साबित हो चुकी है कि हंसने से मनुष्य का इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत होता है। कोई बीमार व्यक्ति अगर हंसेगा-मुस्कुराएगा तो उसके रोग मुक्त होने की प्रक्रिया में सुधार होता है। भारत सहित विश्व के अनेक देशों में लाफ्टर को एक थेरेपी के रूप में स्वीकार करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।

## विजयी के सदृश जियो रे

वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा
संभालो
चट्टानों की छाती से दूध निकालो
है रुकी जहाँ भी धार शिलाएं तोड़ो
पीयूष चन्द्रमाओं का पकड़
निचोड़ो

चढ़ तुंग शैल शिखरों पर सोम
पियो रे
योगियों नहीं विजयी के सदृश
जियो रे

जब कुपित काल धीरता त्याग
जलता है चिनगी बन फूलों का
पराग जलता है सौन्दर्य बोध बन
नयी आग जलता है ऊँचा उठकर
कामार्त्त राग जलता है

अम्बर पर अपनी विभा प्रबुद्ध करो
रे गरजे कृशानु तब कंचन शुद्ध
करो रे

जिनकी बाँहें बलमयी ललाट
अरुण है भामिनी वही तरुणी नर
वही तरुण है है वही प्रेम जिसकी
तरंग उच्छल है वारुणी धार में
मिश्रित जहाँ गरल है

उद्दाम प्रीति बलिदान बीज बोती है
तलवार प्रेम से और तेज होती है
छोड़ो मत अपनी आन, सीस कट
जाये मत झुको अनय पर भले
व्योम फट जाये

नई दिल्ली
शुक्रवार 23 सितंबर 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी केसः शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच की मांग, मुस्लिम पक्ष को जवाब के लिए नोटिस

वाराणसी। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में गुरुवार से नियमित सुनवाई शुरू हो गई। इस दौरान हिंदू पक्ष की ओर से ज्ञानवापी में मिले कथित शिवलिंग की कॉर्बन डेटिंग की मांग करते हुए प्रार्थन पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने मुस्लिम पक्ष को इस पर अपना जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी। इसस पहले मुस्लिम पक्ष ने सुनवाई को आठ हफ्ते के लिए टालने की गुहार लगाई लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया। इसके साथ ही पक्षकार बनने के लिए आए 15 प्रार्थनापत्रों पर भी बहस हुई। इसका आदेश सुरक्षित कर लिया गया है। मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी महिलाओं के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से कोर्ट में एप्लिकेशन दी गई थी कि मुकदमे की सुनवाई 8 हफ्ते बाद हो। कारण कि, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि श्रृंगार गौरी केस में जिला जज के आदेश से कोई पक्ष असहमत होता है तो वह उसके खिलाफ उच्च अदालत में जा सकता है। उसे इसके लिए समय मिलना चाहिए। जिला जज की कोर्ट ने उनकी इस मांग को खारिज कर दिया है। कहा है कि बीती 20 मई को सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर स्पष्ट है। उसमें ट्रायल में स्टे की बात नहीं की गई है।

### कार ड्राइव करते समय युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के दिलकुशा में गुरुवार की सुबह कार के अंदर युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, युवक को हार्ट अटैक आया जिसकी वजह से मौत हुई। मृतक कार का चालक बताया जा रहा है। ड्राइविंग की बगल वाली सीट पर मिली चालक की लाश मिली है। कार का अगला बायां पहिया भी है पंचर और गाड़ी में डेंट भी लगा है। पुलिस का अनुमान है कि पंचर के बाद भी काफी दूर तक गाड़ी चलाई गई। मृतक की पहचान रायबरेली के बछरावां निवासी राजेश के रूप में हुई। घर वालों ने लगाया कोई आरोप नहीं लगाया। फिलहाल पुलिस हत्या व अन्य बिंदु पर पड़ताल कर रही है।

### कलराज मिश्र 25 सितंबर को आयेंगे देवरिया, गोरखपुर और कुशीनगर

देवरिया। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र 25 सितंबर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर के संक्षिप्त प्रवास पर आयेंगे। देवरिया शहर में करीब तीन घंटे तक रुकने का उनका कार्यक्रम है। राज्यपाल के निजी सहायक विवेक शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि मिश्र आगामी रविवार को गोरखपुर पहुंचेंगे। जहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में हिस्सा लेने केक बाद वह दिन में 3:30 बजे सड़क मार्ग से चलकर करीब 4:30 बजे देवरिया पहुंचेंगे। देवरिया में राज्यपाल मिश्र लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह सायं सात बजे कुशीनगर के लिये प्रस्थान कर जायेंगे। गौरतलब है कि राज्यपाल मिश्र देवरिया सदर सीट से भाजपा के सांसद रहे हैं। संसद में देवरिया सीट का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने केन्द्र सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री सेवायें दीं। उनके आगमन को देखते हुए यहां जिला प्रशासन ने पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किये हैं।

### झांसी : कार ने ऑटो में मारी टक्कर, कई स्कूली बच्चे घायल

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के सीपरी बाजार थानाक्षेत्र में गुरूवार को स्कूली बच्चों से भरी एक ऑटो में कार ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कई बच्चे घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि सीपरी बाजार थानाक्षेत्र के आवास विकास चौराहे पर हुई इस दुघर्टना में लगभग सात बच्चे घायल हो गये। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में घायल बच्चों को उपचार के लिए अस्पतला में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। स्कूली बच्चों को ले जा रही ऑटो में भी कई सुरक्षा खामियां सामने आयीं हैं। ऑटो में न तो सुरक्षा जालियां लगीं थीं और न ही उपचार के लिए सेफ्टी बॉक्स रखा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोज की तरह ही आज सुबह भी यह ऑटो चालक बच्चों को भरकर कैथेड्रल स्कूल की ओर जा रहा था जैसे ही ऑटो पहूंज नहर से आवास विकास चौराहे पर पहुंची तो सीपरी बाजार की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बच्चों के साथ ऑटो चालक भी जख्मी हुआ। ऑटो चालक रवि शर्मा ने बताया कि तेज गति कार ने ऑटो में पीछे से टक्कर मारी। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### दीवार गिरने के हादसे पर योगी ने लिया संज्ञान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा जिले में दीवार और कच्चा मकान गिरने की दो घटनाओं में चार बच्चों सहित छह लोगों की मौत होने और दो अन्य के घायल होने के दर्दनाक हादसे पर गुरुवार को संज्ञान लेकर इस जनहानि पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार योगी ने इस घटना में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को घटना स्थल पर जाकर राहत एवं बचाव कार्य यथाशीघ्र पूरा करने और घायलों का उपचार कराने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि इटावा जिले में हो रही लगातार बारिश के दौरान सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रपुरा गांव में बीती रात करीब 01 बजे के एक कच्चे मकान की दीवार ढहने से घर का एक हिस्सा गिर गया। इसमें एक ही परिवार के 06 लोग मलबे में दब गये। इनमें चार सगे भाई बहनों की मौत हो गयी और मृतक बच्चों की दादी एवं एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इटावा के जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने के निर्देश दिये। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री आपादा राहत कोष से 04 - 04 लाख रुपये की सहायता राशि देने के भी निर्देश दिये हैं।

### कच्ची दीवार गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में बेनी का पुरवा गांव में एक कच्चे घर की दीवार और छप्पर गिरने से मलबे में दब कर एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिले में महेशगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेनी का पुरवा (ऐधा) में बीती देर रात कच्ची दीवार गिरने से 65 वर्षीय रामादेवी पत्नी स्वर्गीय रामलखन तिवारी की मलबे में दबकर मौत हो गई। हादसे के समय महिला छप्परनुमा घर में सो रही थी। बारिश से कमजोर हुयी कच्चे घर की दीवार अचानक छप्पर के साथ भरभरा कर गिर गई। इसके मलबे में महिला दब गयी। जिससे उसकी मौत हो गई। शोरगुल सुनकर ग्रामीण व परिजनों ने मलबे को आनन फानन में हटाया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जमीन के विवाद में एक ही परिवार के आठ हत्या आरोपियों को उम्रकैद की सजा

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में स्थानीय अदालत ने बुधवार को जमीन के विवाद में एक ही परिवार के आठ हत्या आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्र कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार हिमांशु ने इस मामले में दोषियों को आजीवन कारावास व 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सजा सुनाने के बाद सभी आठ दोषियों को जेल भेज दिया गया। अदालत ने दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उपेन्द्र कुमार पाठक ने न्यायालय को बताया कि वादी रामकिशुन पुत्र विश्वनाथ निवासी परसौनी खुर्द थाना कसया का पट्टीदार रामनाथ आदि से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस संबंध में गांव में कई बार पंचायत भी हुई थी। साल 2013 में 01 जून को शाम साढ़े छह बजे रामकिशुन अपने पिता और बड़े भाई हरिहर के साथ बाजार से सब्जी लेकर आ रहे थे।

# अयोध्या में फिर बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

## तैयारियां देखने रामनगरी पहुंचे अवनीश अवस्थी



**अयोध्या।** अयोध्या में एक बार फिर दीपोत्सव का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। 23 अक्टूबर को साढ़े 14 लाख दीप जलाकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम भी रहे।

दोनों अधिकारियों ने लता मंगेशकर चौक का भी निरीक्षण किया। राम कथा पार्क में छठवें दीपोत्सव को कैसे भव्य बनाया जाए इस पर मंथन किया। जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल रहे। लता मंगेश्कर के जन्मोत्सव पर लता मंगेशकर चौक का उदघाटन किया जाएगा। पर्यटन सचिव ने 24 सितम्बर तक लता मंगेशकर चौक के काम को पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण और बैठक में कमिश्नर नवदीप रिणवा, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, नगर आयुक्त विशाल सिंह समेत अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

### गिनीज बुक में फिर दर्ज होगा दीपोत्सव

छठवें दीपोत्सव का यह रिकॉर्ड गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के तौर पर दर्ज किया जाएगा। बता दें कि पिछले साल अयोध्या राम की पैड़ी में 9,41,551 दीप जलाकर विश ?व रिकॉर्ड बनाया गया था। इस रिकॉर्ड को महाशिवरात्रि पर उज्जैन में शिप्रा नदी के किनारे 11 लाख 71 हजार 78 दीप जलाकर तोड़ा गया। अब 23 अक्टूबर को रामनगरी अयोध्या में एक बार फिर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड 14.50 लाख दीपों का बनेगा। इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं।

### 2017 में हुई थी शुरुआत

अयोध्या में दीपोत्सव की शुरुआत 2017 में यूपी में पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बनने और योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद की गई थी। पहले साल 51 हजार दीये जलाए गए थे। तबसे हर साल दीयों की संख्या बढ़ती जा रही है। 2018 में 3,01152 दीये जलाए गए। 2019 में इस दीपोत्सव कार्यक्रम को प्रांतीय स्तर का मेला घोषित किया गया। 2019 में 5,50,000 दीप जलाए गए। 2020 में 6,06,569 दीप जलाए गए और 2021 में 9,41,551 दीये जलाए। अब 2022 में 10.50 लाख दीये जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

# झांसी के नये मंडलायुक्त डॉ. आर्दश सिंह ने संभाला पदभार

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में नवागंतुक मंडलायुक्त डॉ. आर्दश सिंह ने गुरूवार को पदभार ग्रहण कर लिया।

यहां सर्किट हाउस में मंडलायुक्त के आगमन पर अपर आयुक्त प्रशासन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, संयुक्त विकास आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात नवागत मंडलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय के कक्ष में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने उपस्थित मंडलीय अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरांत आयुक्त कार्यालय परिसर का भ्रमण कर परिधि में स्थित समस्त कार्यालयों का निरीक्षण किया और सभी पटलों पर कर्मचारी उपस्थित पाये गये। नवागत मंडलायुक्त का जन्म 13 दिसंबर 1980 को दिल्ली में हुआ था। एमबीबीएस करने के बाद लोगों की सेवा करना इन्होंने अपना उद्देश्य बनाया। इसके बाद सिविल सेवा परीक्षा पास की। डॉ आदर्श ने सर्वप्रथम जिलाधिकारी के रूप में चित्रकूट का चार्ज लिया, फिर कन्नौज के डीएम बनाये गये।

इसके बाद वह स्पेशल सेक्रेटी ट्रांसपोर्ट के बाद यूपी रूरल डेवलपमेंट-मिशन डायरेक्टर राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह विभाग, यूपी शुगर इंडस्ट्रीज और केन डेवलपमेंट विभाग में भी स्पेशल सेक्रेटरी रहे। इनकी कार्यशैली को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन्हें अपना विशेष सचिव नियुक्त किया। नवागत मंडलायुक्त को आयुक्त कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# बिना तनख्वाह के नौकर ने मालिक के बेटे को किडनैप कर मांगी फिरौती

गोरखपुर। गोरखपुर के बेलघाट क्षेत्र के बलुआ गांव में बिना तनख्वाह के काम करने वाले एक घरेलू नौकर ने अपने मालिक के 6 साल के बेटे को किडनैप कर लिया। यही नहीं उसने मालकिन का मोबाइल भी चुराया और उसी से फोन कर 20 हजार रुपए की फिरौती मांगने लगा। मालकिन के मोबाइल के चलते पुलिस नौकर तक पहुंच गई और उसे गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

बच्चे के पिता मुंबई में रहते हैं। बताया जा रहा है आरोपी नौकर बिना तनख्वाह के ही घर पर काम करता था। रुपयों के लालच में उसने बच्चे का अपहरण कर फिरौती मांगी थी। लेकिन बच्चे की मां के मोबाइल से ही फोन कर पुलिस के जाल में फंस गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी यह सोच रहा था कि अगर बच्चे के मां के चोरी किये गए फोन से वह काल कर फिरौती मांगेगा तो पकड़ा नहीं जाएगा। लेकिन जब चौकी इंचार्ज ने महिला के नंबर पर फोन मिलाया तो आरोपी ने उठा लिया। इसके बाद 12 घंटे के अंदर ही पुलिस ने बच्चे को मुक्त कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी अनिल निवासी ढेकुनाथ थाना बेलघाट को तिघरा मोड़ के पास से बुधवार शाम को पकड़ा। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। एसपी साउथ अरुण सिंह ने बताया कि 20 सितंबर की शाम आशा देवी का मोबाइल फोन चोरी हो गया था। उस दिन रात में खाना खाने के बाद बच्चे नीलेश संग मां सो गई। सुबह उठी तो बच्चा गायब था। साथ ही घर में काम करने वाला अनिल भी गायब था। उधर, अनिल ने आशा के चोरी हुए मोबाइल से पहले उनके रिश्तेदार फिर देवरानी को फोन कर बच्चे के एवज में 20 हजार की मांग की। रुपये न देने पर हत्या की धमकी दी।

### चार्जिंग में लगी बस में गैस रिफलिंग के समय ब्लास्ट, एक की मौत, दो जख्मी

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक ऐसी घटना हुई जिसने लोगों का दिल दहल दिया। हुआ यूं कि इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग पर लगी हुई थी तभी एसी कंट्रोलिंग गैस रिफलिंग के समय भारी विस्फोट हुआ। हादसे में एक मैकेनिक की मौत हो गई जबकि दो इंजीनियर घायल हैं। बरेली में मिनी बाईपास स्वाले नगर के पास बने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा चार्जिंग स्टेशन में इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग पर लगी हुई थी तभी एसी कंट्रोलिंग गैस रिफलिंग के समय करीब 11:30 बजे धमाका हुआ। बस की छत पर लगा चार्जिंग प्वाइंट सिलेंडर आदि फट गई। मौके पर मौजूद मैकेनिक विजय समेत तीन लोग घायल हुए। जिसमें विजय ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही एसपी सिटी सीओ आशीष प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर अरुण श्रीवास्तव और फायर ब्रिगेड के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# वाराणसी के होटल में युवती से रेप : इटावा के मौलाना जरजिस को दस साल की कैद

## निकाह का झांसा देकर कई बार किया था दुष्कर्म

एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी की युवती को निकाह का झांसा देकर होटल में रेप करने के आरोपी इटावा के मौलाना को गुरुवार को सजा सुना दी गई। वाराणसी की अदालत ने मौलाना जरजिस को दस साल की सजा और दस हजार रुपया अर्थदंड लगाया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को मौलाना को दोषी पाते हुए जेल भेजा था।

वाराणसी के जैतपुरा की युवती ने मौलाना के खिलाफ 2015 में कैंट थाने में केस दर्ज कराया था। बताया था कि मुस्लिम समुदाय में धार्मिक तकरीर करने वाले मौलाना जरजिस को वह



2013 से जानती थी। उनसे पहली बार वाराणसी के गोलगड्डा पर मुलाकात हुई थी। निकाह का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया।

वाराणसी के छावनी स्थित एक होटल दो बार और एक बार मुगलसराय के होटल में दुष्कर्म किया। उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया था। अलग-अलग होटलों में कई बार दुष्कर्म और कुकर्म किया। 19 नवंबर 2015 को मौलाना जरजिस ने उसके घर आकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर समाज में बदनाम करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

काफी मिन्नतों के बाद भी मौलाना जरजिस ने उसके साथ निकाह नहीं किया तो युवती ने वाराणसी के एसएसपी के यहां प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर जैतपुरा थाने में मौलाना जरजिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

इसके बाद आरोप पत्र भी दाखिल हुआ। पीड़िता व 4 गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मौलाना जरजिस को बुधवार को रेप सहित अन्य आरोपों में दोषी करार दिया था। गुरुवार को दस साल कैद की सजा सुनाई गई।

# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में फीस बढ़ोत्तरी को लेकर हंगामा जारी

## गुस्साये चीफ प्रॉक्टर बोले-अब मैं दूंगा धरना

प्रयागराज। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में फीस बढ़ोत्तरी को लेकर हंगामा गुरुवार को भी जारी रहा। छात्रों ने यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के गेट पर लगा ताला तोड़ दिया।

इस दौरान छात्रों की गार्डों के साथ जमकर धक्का-मुक्की और चीफ प्रॉक्टर से तीखी बहस हुई। इसके बाद चीफ प्रॉक्टर ने कहा कि यदि प्रदर्शन के दौरान लात चलाने वाले छात्रों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो मैं खुद धरने पर बैठ जाऊंगा।



फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पिछले कई दिनों से छात्र उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि विवि प्रशासन ने फीस चार गुना बढ़ा दी है। कुछ छात्रों ने दो दिन पहले खुद पर केरोसिन तेल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की थी। तब पुलिस ने छात्रों पर वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया था।

गुरुवार को छात्रों का गुस्सा एक बार फिर तब भड़क गया जब उन्होंने छात्रसंघ भवन के गेट पर ताला लगा देखा। विश्वविद्यालय के अंदर जाने पर अमादा छात्रों ने गेट पर लगे ताले को तोड़ दिया। इस पर सुरक्षा गार्डों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो छात्रों की उनके साथ धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इस दौरान एक छात्र के पैर में चोट लगने की भी सूचना है।

छात्रों के प्रदर्शन के दौरान चीफ प्रॉक्टर हर्ष कुमार ने बदसलूकी किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने पुलिस से छात्रों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करते हुए यहां तक चेतावनी दी कि यदि लात चलाने वाले छात्रों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह खुद धरने पर बैठ जाएंगे।

### दो दर्जन पर नामजद और डेढ़ सौ अज्ञात पर मुकदमा

गौरतलब है कि पुलिस अब तक दो दर्जन नामजद और 150 से ज्यादा अज्ञात छात्रों पर कर्नलगंज थाने में केस दर्ज कर चुकी है। फीस बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच गतिरोध लगातार बना हुआ है। न विवि प्रशासन पीछे हट रहा है और न छात्र पीछे हटने को तैयार हैं।

# झांसी के पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण का काम तेजी पर

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रशासन कई योजनाओं पर काम कर रहा है। इसके तहत ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के साथ साथ पयर्टकों के लिए सुविधाओं को विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बुंदेलखंड में पर्यटन से जुड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

झांसी को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने के लिए झांसी नगर निगम और स्मार्ट सिटी की कई परियोजनाओं ने पर्यटकों को लुभाने की दिशा में सफलता हासिल की है। साथ ही कई परियोजनाएं यहां के ऐतिहासिक स्थलों को ध्यान में रखकर विकसित की जा रही हैं, जिससे पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके।

झांसी के नगर आयुक्त पुलकित गर्ग ने बताया कि झांसी को ईको टूरिज्म का केंद्र बनाने पर मुख्य फोकस है। मध्य प्रदेश के ओरछा और दतिया स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों तक इसी महीने इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत हो जाएगी। नारायण बाग़ को प्राकृतिक रूप से विकसित किया जा रहा है। पर्यटन को लेकर जिस तरह की गतिविधियों पर फोकस किया जा रहा है, उससे निश्चित रूप से आने वाले दिनों में झांसी में रोजगार के अवसरों में भी बढ़ोत्तरी होगी।

### शिकोहाबाद में मकान गिरा, मलबे में दबकर एक की मौत, सात घायल हुए

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश के कारण गुरुवार को तड़के एक मकान गिर गया। धराशायी हुए मकान के मलबे में 8 लोग दबकर घायल हो गए हैं, इनमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद फिरोजाबाद में इस घटना से हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरु कर घायलों का उपचार कराने का निर्देश दिया है। पुलिस ने आज सुबह बताया कि शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में एक पुराना मकान ढह गया। जिला प्रशासन को इसकी सूचना मिलने पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गये। जिला प्रशासन की निगरानी में शुरु हुए राहत एवं बचाव कार्य के दौरान घायलों को मलबे से निकाला गया। मकान के मलबे से आठ घायलों को निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान एक घायल की मौत हो गयी। गौरतलब है कि जिले में बुधवार को शाम से शुरू हुई बारिश जारी है। इस कारण जिले के अधिकांश इलाके जलमग्न हैं। इस कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने भारी बारिश के मद्देनजर स्कूल बंद करने के आदेश दिये हैं।

# कुशीनगर : ग्राम पंचायतों को कराना होगा जीएसटी में पंजीकरण

कुशीनगर। सरकारी संस्थानों में भ्रष्टाचार को रोकने के लिये वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में पंजीकरण कराने की अनिवार्यता के दायरे में ग्राम पंचायतों को भी शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में सरकार से 2.5 लाख रुपये से अधिक राशि पाने वाली वाली ग्राम पंचायतों का जीएसटी में पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को दी गयी जानकारी के मुताबिक जिले की 55 ग्राम पंचायतों ने जीएसटी में पंजीकरण करा लिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) गुंजन द्विवेदी ने सभी ग्राम पंचायत




अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर पंजीकरण कराने के निर्देश दिये हैं। पंजीकरण के लिए ब्लॉकवार कैंप लगाने के लिए तारीख भी तय कर दी गई है। सीडीओ के निर्देशों के मुताबिक जिन ग्राम पंचायतों का जीएसटी में पंजीकरण नहीं होगा उन पर जुर्माना लगेगा और जुर्माने की राशि संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी के वेतन से कटेगी। द्विवेदी ने बताया कि सरकारी विभाग भी जीएसटी के दायरे में आ गए हैं।

ढाई लाख रुपये से अधिक राशि पाने वाले विभागों के लिए जीएसटी में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। ढाई लाख से ऊपर की आपूर्ति पर एक प्रतिशत सीजीएसटी और एक प्रतिशत एसजीएसटी देना है। इसके तहत समस्त सरकारी विभागों के आहरण वितरण अधिकारियों को वेबसाइट पर जीएसटी में अपना पंजीकरण कराना है। यह पंजीकरण विभाग की वेबसाइट 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट जीएसटी डॉट जीओवी डॉट इन' पर होगा।

इस बारे में जिलाधिकारी और सीडीओ की तरफ से आवश्यक निर्देश दिये जा चुके हैं, लेकिन ज्यादातर ग्राम पंचायतें जीएसटी की अदायगी नहीं कर रही हैं। अब तक 55 ग्राम पंचायतों ने जीएसटी में पंजीकरण करा लिया है। लगभग 950 ग्राम पंचायतों का जीएसटी पंजीकरण होना बाकी है।

सहायक आयुक्त (राज्य कर) डा सुनील कुमार का कहना है कि ग्राम पंचायतें या अन्य संस्थायें फर्जी बिल लगाकर सामग्री की आपूर्ति का भुगतान करा लेती हैं। इस तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए शासन ने ढाई लाख से ऊपर की राशि लेने पर जीएसटी में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है, लेकिन 1003 ग्राम पंचायतों में से अब तक 55 ने ही जीएसटी में पंजीकरण कराया है।

# तीन साल से अंधेरे में डूबे गांवों का सौर ऊर्जा से मिटेगा अंधियारा

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में तीन साल से अंधेरे में रह रहे खड्डा रेताक्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। स्थानीय विधायक की पहल पर रेताक्षेत्र में सौर ऊर्जा सयंत्र लगाने की शासन से स्वीकृति मिल गयी है। इस सयंत्र के लगने से अब रेताक्षेत्र में उजियारा फैलेगा।

आधिकारिक सूत्रों से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार इस परियोजना के लिए शासन से 6 करोड़ 63 लाख रुपये की राशि भी जारी हो गयी है। सौर ऊर्जा सयंत्र लगने से खड्डा रेताक्षेत्र के मरिचहवा, बंसतपुर, शिवपुर, नारायनपुर, बालगोविंद छपरा, विंध्याचलपुर और हरिहरपुर समेत अन्य गांवों के करीब 25 हजार निवासियों के जीवन में अंधियारा मिट सकेगा। ज्ञात हो कि करीब तीन साल पहले 2019 में खड्डा रेताक्षेत्र के गांवों में भीषण बाढ़ आई थी। इस बाढ़ में बजली के आधा दर्जन खंभे नदी में समाहित हो गये थे। ग्रामीणों के अथक प्रयास से लगभग 32 बिजली के खंभों को नदी में डूबने से बचा लिया। इसके बावजूद रेताक्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से विद्युत आपूर्ति शुरू कराने की मांग की, लेकिन विभाग ने हर वर्ष बाढ़ से करोड़ों रुपये की क्षति होने का हवाला देते हुए बिजली के विकल्प के रूप में वहां सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा, लेकिन इस पर बात नहीं बन सकी। बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण रेतावासी अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। लोगों ने तत्कालीन विधायक जटाशंकर त्रिपाठी से आपूर्ति बहाल कराने की मांग की। जिस पर तत्कालीन विधायक ने विद्युत विभाग के एससीए एक्सईएन, अभियंता, एसडीएम, सीओ व वाल्मीकि टाईगर रिर्जव की सहायक वन संरक्षण अमिताराज के साथ 17 जुलाई 2021 को मदनपुर वनक्षेत्र के विश्रामालय में बैठक की। इस बैठक में बिहार के जंगल के रास्ते रेताक्षेत्र में बिजली पहुंचाने की अनुमति मांगी गई, लेकिन वन विभाग ने जंगल का हवाला देते हुए विद्युत पोल लगाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद त्रिपाठी ने रेतावासियों की इस समस्या को शासन स्तर पर अवगत कराते हुए बड़ी गंडक नदी के उस पार बसे इन गांवों में टावर पोल के जरिये बिजली आपूर्ति शुरू कराने की मांग की, लेकिन शासन से इसकी भी स्वीकृति नहीं मिली। तीन साल से अंधेरे में रह रहे रेतावासियों की इस परेशानियों को देखते हुए वर्तमान विधायक विवेकानंद पांडेय ने विधानसभा में इस मामले को उठाया और रेताक्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में बिजली आपूर्ति शुरू कराने की मांग की।

# उप्र विधान मंडल में महिला विधायकों को समर्पित होगा आज का दिन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधान मंडल के दोनों सदनों में गुरुवार को इतिहास रचा जायेगा, जब पहली बार किसी सत्र की एक बैठक पूरी तरह से महिला विधायकों के लिये आरक्षित होगी।

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर विधान मंडल के दोनों सदनों में मानसून सत्र के आज चौथे दिन महिला विधायकों के लिए विशेष सत्र आहूत किया गया है। इस सत्र में सिर्फ महिला विधायक ही अपने मुद्दे उठायेंगी और उन पर चर्चा करेंगी।

महाना ने आज के दिन को महिला विधायकों के लिए यादगार बताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश की विधान सभा में ऐसा सत्र होगा जिसमें सिर्फ महिलाओं के लिये विशेष सत्र आहूत किया गया हो। इस सत्र के दौरान दोनों सदनों में सभी विधायकों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

इस सत्र में बोलने का अवसर सिर्फ महिला सदस्यों को मिलेगा। प्रत्येक महिला सदस्य को बोलने के लिये 3 से 8 मिनट का समय मिलेगा।

## शार्ट न्यूज

### रुपया 83 पैसे लुढ़ककर रिकॉर्ड 80.79 रुपये प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के दो दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 83 पैसे लुढ़ककर अबतक के रिकॉर्ड 80.79 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। इसी तरह पिछले कारोबार दिवस रुपया 22 पैसे की गिरावट लेकर 79.96 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया था। कारोबार की शुरुआत में रुपया 31 पैसे गिरकर 80.27 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लिवाली के कारण 80.95 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि बिकवाली होने से 80.27 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 79.96 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 83 पैसे लुढ़ककर रिकॉर्ड 80.79 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) ने ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। साथ ही उसने अमेरिका में 40 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंची महंगाई को काबू करने के लिए अगली बैठक में भी ब्याज दर में वृद्धि करने करने का संकेत दिया है। इससे दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के दो दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से रुपया में बड़ी गिरावट आई है।

### एबीजी शिपयार्ड की 2747.69 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऋण धोखाधड़ी मामले में एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड की 2747.69 करोड़ रुपये की संपत्ति और बैंक जमा जब्त कर ली है। ईडी ने आज यहां बताया कि जब्त की गयी संपत्तियों में डॉकयार्ड, कृषि भूमि, व्यावसायिक संपत्तियां और बैंक जमा शामिल है। कंपनी का कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मनी लॉंड्रिंग से जुड़ा हुआ है और इसी मामले में यह जब्ती की गयी है।कंपनी के सूरत और दहेज में स्थित शिपयार्ड के साथ ही गुजरात और महाराष्ट्र में स्थित कृषि भूमि, प्लॉट, कई व्यावसायिक एवं आवासीय परिसर के साथ ही कंपनी के बैंक खाते भी जब्त किये गये हैं। कंपनी के साथ ही उसके समूह में शामिल कंपनियों की संपत्तियां भी इसमें शामिल है।

### भारतीय दूरसंचार विधेयक 2022 के मसौदे पर सीओएआई की टिप्पणियां शीघ्र

नयी दिल्ली। दूरसंचार कंपनियों के प्रमुख संगठन सीओएआई ने भारतीय दूरसंचार विधेयक 2022 के प्रारूप को आधुनिक एवं भविष्योन्मुख वैधानिक फ्रेमवर्क की दिशा में मिल का पत्थर बताया है। संगठन ने इस मसौदे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि सरकार ने हाल में सुधारात्मक नीतियां बनायी है और यह विधेयक भी इसी दिशा में उठाया सराहनीय कदम है। उसने कहा कि अभी मसौदे का अध्ययन किया जा रहा है शीघ्र ही इस पर वह अपनी टिप्पणियां देगा।

### टियर 2 बौंड से एसबीआई ने जुटाये चार हजार करोड़

नयी दिल्ली। देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 7.57 प्रतिशत की दर पर टियर 2 बौंड के माध्यम से चार हजार करोड़ रुपये जुटाये हैं। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसके इस निगर्म को निवेशकों से बेहतर प्रतिसाद मिला क्योंकि दो हजार करोड़ रुपये के लिए जारी इस निगर्म में निवेशकों ने पांच गुना 9647 करोड़ रुपये के निवेश की पेशकश की। अंत में बैंक ने चार हजार करोड़ रुपये के निवेश को स्वीकार किया है। 15 वर्ष की अवधि वाले इस निगर्म पर 7.57 प्रतिशत ब्याज देय होगा।

### प्रत्येक गांव में 4जी व 5 जी पहुंचाने के लिए हो रहा है 30 अरब डॉलर का निवेश : वैष्णव

मुंबई। केन्द्रीय संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि देश के प्रत्येक गांव में 4 जी और 5 जी नेटवर्क को पहुंचाने के लिए 30 अरब डॉलर का निवेश किया जा रहा है। वैष्णव ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2022 का समापन करते हुये कहा कि अब तक देश के 1.5 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंच हो गयी है। अब एक ऐसा राजमार्ग बनाया जा रहा है जिसमें जहां ग्रामीण उद्यमियों और ऐसे उत्साही युवाओं को चैनेलाइज किया जा रहा है जो उच्च गुणवत्ता, हाई स्पीड डेटा कनेक्टिविटी को प्रत्येक गांव तक पहुंख सके। इस मॉडल का परीक्षण किया जा चुका है और प्रत्यके महीने 80 हजार नये कनेक्शन दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने डिजिटल नियामकीय फ्रेमवर्क में आमूलचूल परिवर्तन करने के लिए कहा है ताकि वो वैश्विक मानकों के अनुरूप और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का समर्थन करता हो। नये दूरसंचार विधेयक में तीन चार पुराने कानूनों को सम्माहित करने की तैयारी चल रही है। इसमें डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा विधेयक और आईटी कानून 2000 कानून के माध्यम से उद्योग की चिंताओं को सरकार और सरकार की चिंताओं को उद्योग दूर करेंगे।

### वार्डविज़र्ड ने की नेपाल में पहली डीलरशिप के साथ साझेदारी

वड़ोदरा। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के ब्राण्ड 'जॉय ई-बाईक' के निर्माता वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने नेपाल के ऑटोमोबाइल डिस्ट्रीब्यूटर, द महाबीर ऑटोमोबाइल्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने आज जारी बयान में कहा कि अपने आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ दुनिया भर में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध कंपनी ने नेपाल के अग्रणी डिस्ट्रीब्यूटर एवं प्रमुख ऑटोंमोबाइल ब्राण्ड्स के डीलर महाबीर ऑटोमोबाइल के साथ साझेदारी में, यहां अपना संचालन शुरू कर दिया है। प्रस्तावित डीलरशिप और वर्कशॉप उपभोक्ताओं को सेल्स, आफ्टरसेल्स सेवाओं एवं स्पेयर संचालन का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करती है। वर्कशॉप में सभी आधुनिक तकनीकें एवं अवयव हैं जो उपभोक्ताओं की सभी ज़रूरतों को पूरा कर उन्हें सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करते हैं। यह डीलरशिप टेकु, काठमाण्डु में स्थित है। महाबीर ऑटोमोबाइल्स जल्द ही नेपाल के बिराटनगर में एक डीलरशिप शोरूम के साथ साझेदारी में अपने जॉय ई बाईक वितरण की शुरूआत करेगा।

### हीरो ने बढ़ायी वाहनों की कीमत

नयी दिल्ली। विश्व की सबसे बड़ी दोपहिया निर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी मोटरसाइकिल और स्कूटर की कीमतों में एक हजार रुपये तक का इजाफा कर दिया है। हीरो ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि वाहनों के मूल्य में संशोधन लागत खर्च बढ़ने के कारण आवश्यक है और नयी कीमतें आज से ही तत्काल प्रभावी हो गयी हैं। वाहन के मॉडल और बाजार के अनुसार कीमतों में अलग-अगल रूप से एक हजार रुपये तक की बढ़ोतरी की गयी है।

### आईसीआईसीआई बैंक का फेस्टिव बोनांजा

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने आज त्योहारी सीजन की शुरुआत में अपने ग्राहकों के लिए कई तरह के ऑफरों के साथ 'फेस्टिव बोनांजा' लॉन्च करने की घोषणा की। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत ग्राहक 25,000 हजार रुपये तक की छूट और कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं जिसका लाभ बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, उपभोक्ता वित्त और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके उठाया जा सकता है। ये ऑफर ग्राहकों के लिए बैंक के डेबिट/क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाली ईएमआई के रूप में भी उपलब्ध हैं। बैंक ने इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स, ग्लोबल लक्जरी ब्रांड, परिधान और आभूषण, किराना, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, यात्रा और भोजन की श्रेणियों में ग्राहकों की त्योहारी जरूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के ऑफर दिए हैं। आकर्षक ऑफर्स की पेशकश करने वाले महत्वपूर्ण ब्रांडों की सूची में फ्लिपकार्ट, अमेज़न, मिंत्रा, बिगबास्केट, ब्लिंकिट, मेकमाईट्रिप, आईफोन 14, सैमसंग, अजियो, रिलायंस डिजिटल, क्रोमा, एलजी, डेल, स्विगी, ज़ोमैटो, पीसी ज्वैलर्स (पीसीजे), और कई अन्य शामिल हैं।

# फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी से गिरा बाजार

मुंबई। महंगाई नियंत्रित करने के लिए अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी से वैश्विक बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन भी गिर गए।

बैंकिंग, वित्तीस सेवाएं, ऊर्जा और धातु समेत नौ समूहों में हुई बिकवाली से बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 337.06 अंक यानी 0.57 प्रतिशत लुढ़ककर 59119.72 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक अर्थात 0.5 प्रतिशत उतरकर 17629.80 अंक पर रहा। हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों में हुई लिवाली ने बाजार को और अधिक गिरने से थाम लिया। बीएसई का मिडकैप 0.32 प्रतिशत बढ़कर 25,859.88 अंक और स्मॉलकैप 0.47 प्रतिशत की तेजी लेकर 29,377.35 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3589 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1817 में लिवाली जबकि 1626 में बिकवाली हुई वहीं 146 स्थिर रहे। इसी तरह एनएसई में 28 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 22 में तेजी रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) ने ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। साथ ही उसने अमेरिका में 40 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचाई को काबू करने के लिए अगली बैठक में भी ब्याज दर में वृद्धि करने करने का संकेत दिया है। इससे



अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में गिरावट का रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.60, जापान का निक्केई 0.58, हांगकांग का हैंगसेंग 1.61 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.27 प्रतिशत उतर गया।

इसके दबाव में बीएसई के नौ समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। बैंकिंग , वित्तीय सेवाएं 1.22, ऊर्जा 0.42, हेल्थकेयर 0.22, आईटी 0.03, धातु 0.32, तेल एवं गैस 0.24, रियल्टी 0.34 और टेक समूह के शेयर 0.12 प्रतिशत टूट गए।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 383 अंक की गिरावट लेकर 59,073.84 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 58,832.78 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद हुई लिवाली से यह 59,457.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया लेकिन फिर बिकवाली होने से अंत में यह पिछले दिवस के 59,456.78 अंक के मुकाबले 0.57 प्रतिशत उतरकर 59,119.72 अंक पर रहा। निफ्टी भी 109 अंक की गिरावट लेकर 17,609.65 अंक पर खुला। वह 17,532.45 अंक के निचले जबकि 17,722.75 अंक के ऊंचे स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,718.35 अंक की तुलना में 0.50 प्रतिशत टूटकर 17,629.80 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 2.80, एचडीएफसी बैंक 2.18, एक्सिस बैंक 2.09, एचडीएफसी 1.69, बजाज फिनसर्व 1.67, आईसीआईसीआई बैंक 1.37, अल्ट्रासिमको 1.24, कोटक बैंक 1.07, रिलायंस 0.93, टेक महिंद्रा 0.85, टाटा स्टील 0.81, विप्रो 0.71, इंडसइंड बैंक 0.68, इंफोसिस 0.64, एलटी 0.44, एसबीआई 0.42, एचसीएल टेक 0.36 और नेस्ले इंडिया 0.17 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, टाइटन 2.73, हिंदुस्तान यूनीलीवर 2.64, एशियन पेंट 2.51, मारुति 1.68, आईटीसी 1.19, डॉ. रेड्डी 0.74, सन फार्मा 0.49, भारती एयरटेल 0.49, बजाज फाइनेंस 0.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29 और टीसीएस 0.19 प्रतिशत के लाभ में रही।

## टाटा मोटर्स ने बाजार में उतारा पंच का कैमो एडिशन

नयी दिल्ली। देश के प्रमुख ऑटोमोटिव कंपनी टाटा मोटर्स ने गुरुवार को टाटा पंच के एक साल पूरे होने पर कैमो एडिशन पेश किया है। यह एडिशन एक आकर्षक कलर थीम और अनगिनत फीचर की पेशकश करता है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा पंच कैमो की पेशकश 6.85 लाख रुपये के शुरुआती मूल्य पर की जाएगी (एक्स-शोरूम नयी दिल्ली) और यह आज से ही टाटा मोटर्स की सभी अधिकृत डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगी।

टाटा पंच कैमो एडिशन बाहर से बिलकुल नये और आकर्षक फोलियेज हरे रंग में आएगा और इसमें ड्यूअल-टोन रूफ कलर ऑप्शंस होंगे (पियानो ब्लैक और प्रिस्टिन व्हाइट)। इसके साथ ही पंच अब रंगों के नौ विकल्पों के तरोताजा मिश्रण में उपलब्ध होगी।

कैमो एडिशन के इंटीरियर्स में अनोखा मिलिट्री ग्रीन कलर होगा और सीट पर कवर डालने की व्यवस्था होगी। इस कार में कई फिचर्स हैं जैसे 6 स्पीकर वाले एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कारप्ले के साथ 7 इंच हरमन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 16-इंच चारकोल डायमण्ड-कट अलॉय व्हील्स और एक रिवर्स पार्किंग कैमरा।

कैमो एडिशन से जुड़ी दूसरी दिलचस्प चीजें हैं, एलईडी डीआरएल और टेल लैम्प्स, पुश स्टार्ट या स्टॉप बटन, क्रूज कंट्रोल और फ्रंट फॉग लैम्प्स।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के सेल्स, मार्केटिंग एवं कस्टमर सपोर्ट के उपाध्यक्ष राजन अम्बा ने कहा, कैमो एडिसन संकलन टाटा पंच की बिक्री को और भी बढ़ाएगा और वृद्धि की गति को आगे लेकर जाएगा। पंच को उसके आकर्षक डिजाइन, बहुआयामी और रोचक प्रदर्शन, काफी जगह वाले इंटीरियर्स और पूरी सुरक्षा के कारण तारीफ मिली है।

उन्होंने कहा, यह हमारे पोर्टफोलियो का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका हमारे यात्री वाहनों की कुल बिक्री में 24 प्रतिशत योगदान है। यह लगातार देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में से एक रही है और कॉम्पैक्ट एसयूवी के बेहद प्रतिस्पर्द्धी सेगमेंट में बाजार में अभी इसकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत है।

### अगले 6 महीने तक फ्री मिल सकता है राशन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना यानी पीएमजीकेएवाई के लाभार्थियों को बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। सरकार अगले तीन से छह महीने तक फ्री राशन देने की तैयारी कर रही है। बता दें कि सरकार जल्द ही गरीबों को मुफ्त राशन देने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 30 सितंबर से आगे बढ़ाने का ऐलान कर सकती है। सरकार गरीबों को अगले 3-6 महीनों तक फ्री में 5 किलो राशन देने की योजना बना रही है। हालांकि, इससे सरकार को 10 बिलियन डॉलर अधिक खर्च करना पड़ सकता है। यह राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करने के लिए चुनौतीपूर्ण बना सकता है। भारत ने अप्रैल 2020 से अपने मुफ्त भोजन कार्यक्रम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पर लगभग 43 बिलियन डॉलर खर्च किए गए हैं। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक, छह महीने की बढ़ोतरी से सरकार को अतिरिक्त 800 अरब रुपये (10 अरब डॉलर) का नुकसान हो सकता है। आपको बता दें कि हाल ही में खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने कहा था कि पीएमजीकेएवाई को 30 सितंबर से आगे बढ़ाने के बारे में जल्द फैसला किया जाएगा। पीएमजीकेएवाई योजना पर पांडेय ने संवाददाताओं से कहा था, सरकार को फैसला करना है। ये बड़े सरकारी फैसले हैं ... सरकार इस पर फैसला करेगी। वह रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की वार्षिक आम बैठक के मौके पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना मार्च, 2020 में शुरू की गई थी। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में शामिल लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है।

## अमेजन का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल आज से

**नयी दिल्ली ।** ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेज़न डॉट इन का सबसे बड़ा फेस्टिव सेलीब्रेशन अमेज़ॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 आज से शुरू हो रहा है जिसमें लाखों सेलर, छोटे और मध्यम बिजनेस (एसएमबी) के साथ ही कई प्रमुख ब्रांड अपने उत्पादों की पेशकश कर रहे हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ग्राहक इस दौरान स्मार्टफोन, एप्लायंसेस, कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, ग्रॉसरी, अमेज़ॅन डिवाइस, होम एंड किचन और अन्य कैटेगारी में टॉप ब्रांड के प्रोडक्ट के सलेक्शन पर बेहतर ऑफर पा सकते हैं। सभी कैटेगरी में टॉप इंडियन और ग्लोबल ब्रांडों के साथ ही लाखों छोटे बिजनेस के ऑफ़र के साथ अमेज़ॅन लॉन्चपैड, अमेज़ॅन सहेली, अमेज़ॅन कारीगर जैसे प्रोग्राम के अंतर्गत अमेज़ॅन सेलर के प्रोडक्ट खरीदने का मौका मिलेगा। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक एसबीआई बैंक जैसे प्रमुख पाटर्नर बैंकों के ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान 11 लाख सेलर और 2 लाख लोकल स्टोरों से खरीदारी की जा सकती है। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में 2000 से अधिक नए प्रोडक्ट लॉन्च और सैमसंग, आईक्यू, एमआई, रेडमी, एप्पल, वनप्लस, एलजी, सोनी, कोलगेट, बोट, एचपी, लीनीओ, फायर-बोल्ट, नोइज, हाईसेंस, वीयू, टीसीएल, एस्सर, एस्सर, अलेन सोली, बीबा, मैक्स, प्यूमा, एडिडास, अमेरिकन टूरिस्टर, सफारी, मेबेलिन, शुगर कॉस्मेटिक्स, लोरियल, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, फ़ॉरेस्ट एसेंशियल्स, नीविया, जिलेट, टाटा टी, हग्गीज़,हीरो साइकिल, बॉश, ब्लैक डेकर, हिट, ट्रस्ट बास्केट जैसे टॉप ब्रांड की अपने उत्पादों की पेशकश करता है।

## एसएसबी में भर्ती प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए इनडीड का हायर बेटर अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑनलाइन जॉब पोर्टल इनडीड ने लघु एवं मझौले उद्यमों (एसएमबी) को कुशल कर्मचारियों की भर्ती सुनिश्चित करने के लिए हायर बेटर अभियान शुरू किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पिछले कुछ वर्ष एसएमबी के लिए चुनौतीपूर्ण रहे हैं, इनमें से ज्यादातर एसएमबी ने महामारी के इस दौर के समय में अपने आप को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए अच्छा काम किया है। यहां पर समस्या यह है कि एसएमबी न केवल अपने स्तर के बिजनेस बल्कि अपने पास उचित प्रतिभा को काम देने के लिए भी बड़े बिजनेस के साथ लगातार प्रतिस्पर्धा में हैं। डिजिटलीकरण के युग में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करने के लिए, एक कुशल कार्यबल समय की आवश्यकता है, जिससे एसएमबी के लिए अपनी बेहद जरूरी विकास यात्रा के लिए सही प्रतिभा को नियुक्त करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

इनडीड भारतीय उद्यमियों को उचित कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में सहायता कर रहा है। आज के समय में ज्यादातर एसएमबी इनडीड की वेबसाइट के जरिए कर्मचारियों की रेंज तक पहुंच सकते हैं जिससे उन्हें अपने व्यवसाय में सबसे बेहतरीन कर्मचारियों की भर्ती के लिए इनडीड के शानदार प्रोडक्ट्स एवं फीचर के उपयोग से सहायता मिल सकती है। अब भारत में छोटे एवं मध्यम वर्ग के बिजनेस के लिए भर्ती प्रक्रिया को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है। इनडीड इंडिया एक ऐसा मंच प्रदान करता है जोकि बिल्कुल नए शुरू हुए बिजनेस को उचित कर्मचारियों तक पहुंच प्रदान करते हैं ताकि इन छोटे बिजनेस को अपने पैर जमाने में सहायता प्राप्त हो सके। इसके अलावा इनडीड का इस्तेमाल कर 25 करोड़ से अधिक नौकरी चाहने वाले कर्मचारी अपने लिए उचित रोजगार की तलाश कर पाते हैं। इनडीड के सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक, अगले 5 वर्षों में एसएमबी के क्षेत्र से 20 लाख से अधिक नौकरियां आने की उम्मीद है। भारतीय हायरिंग इकोसिस्टम भी सकारात्मक विकास के दौर से गुजर रहा है। वैश्विक मुद्रास्फीति की स्थिति में भी अप्रैल से जून 2022 में नियोक्ताओं की भर्ती में 29प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इस अभियान का उद्देश्य सकारात्मक विकास पथ को जारी रखने के लिए एसएमबी को और भी मजबूती प्रदान करना है।

एसएमई के विकास को ध्यान में रखते हुए और भविष्य में बेहतर नियुक्तियों की आवश्यकता को देखते हुए इनडीड के द्वारा अभियान शुरू किया जा रहा है %डोंट जस्ट हायर, हायर बेटर%। हास्य वीडियो की एक श्रृंखला के माध्यम से, इनडीड का नया अभियान उन मुद्दों पर प्रकाश डालता है जहां पर कंपनियों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है यदि वह उचित कर्मचारियों को नौकरी पर रखने में विफल रहते हैं क्योंकि भर्ती प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उचित टूल्स की आवश्यकता होती है।

यह अभियान 6 प्रमुख शहरों - दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु, अहमदाबाद, इंदौर, पटना, लखनऊ और कई स्थानीय भाषाओं में लाइव होगा।

## एयर इंडिया का विलिस लीज के साथ बिक्री-और-पट्टा-वापसी समझौता

नयी दिल्ली। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ने अपने एयरबस ए320 बेड़े में स्थापति 34 सीएफएम56-5बी इंजनों के लिए विलिस लीज फाइनेंस कॉर्प के साथ बिक्री और पट्टे पर वापस लेने का समझौता किया है।

बिक्री और पट्टे पर वापस लेने के वित्तीय समझौते के तहत एक परिसंपत्ति को एक पट्टे पर देने वाली कंपनी को बेच दिया जाता है और फिर उस परिसंपत्ति को विक्रेता को तुरंत वापस पट्टे पर दिया जाता है। यह संचालन के लिए पूंजी को मुक्त करता है और अवशिष्ट मूल्य जोखिम को पट्टे पर देने वाली कंपनी को हस्तांतरित करता है। एयर इंडिया ने बयान जारी कर कहा कि इंजनों को विलिस लीज के कॉन्स्टेंट थ्रस्ट प्रोग्राम के तहत कवर किया जाएगा जो पारंपरिक एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल) शॉप विजिट प्रोग्राम की तुलना में महत्वपूर्ण विश्वसनीयता और लागत बचत प्रदान करेगा।

एयर इंडिया ने कहा है कि विलिस लीज कॉन्सटेंट थ्रस्ट के माध्यम से प्रतिस्थापन और अतिरिक्त इंजन प्रदान करेगा जिससे एयर इंडिया इंजनों पर संभावित रूप से महंगी और अप्रत्याशित उनके रखरखाव और ठीक कराने के लिए की जाने वाली यात्राओं से बचा जा सकेगा।

एयर इंडिया के सीसीओ निपुण अग्रवाल ने कहा कि विलिस लीज के साथ लेन-देन बहुत ही अनूठा और ऐतिहासिक है जो एयर इंडिया को रखरखाव के बोझ को खत्म करने और इंजनों से जुड़ी रखरखाव लागत अनिश्चितता से खुद को पूरी तरह से मुक्त करने में सक्षम करेगा। ओईएम (वास्तविक उपकरण निर्माता) के साथ किसी भी पावर बाय द ऑवर कार्यक्रम के अंतर्गत ये नहीं थे। यह लेन-देन एयर इंडिया को परिचालन से खुद को जोखिम में डालने, बेड़े की विश्वसनीयता में सुधार, लागत कम करने और नकदी प्रवाह को अनुकूलित करने में सहायता प्रदान करेगा।

अमेरिका के फ्लोरिडा में मुख्यालय वाली कंपनी विलिस लीज वैश्विक विमानन वित्त कंपनी है। यह विमान, अतिरिक्त वाणिज्यिक विमान इंजन और सहायक बिजली इकाइयों के पट्टे, वित्त और प्रबंधन में विशेषज्ञता रखती है। विलिस लीज लेन-देन के बिक्री पक्ष के तहत एयर इंडिया से 13 एयरबस ए321 विमानों और चार ए320 विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले 34 इंजनों को खरीदेगा।

### सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और चना दाल सस्ती

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और पाम ऑयल सस्ता हो गया तथा चना एवं चना दाल के भाव भी गिर गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 45 रिंगिट फिसलकर 3762 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, इस दौरान अमेरिकी सोया तेल का अक्टूबर वायदा 0.28 सेंट बढ़कर 65.28 सेंट प्रति पौंड हो गया। इस दौरान सोया रिफाइंड 293 रुपये और पाम ऑयल 294 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये और चना दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भी टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सोलापुर के लक्ष्मी सहकारी बैंक का लाइसेंस हुआ रद्द , जमाकर्ताओं को मिलेंगे पांच लाख रुपये

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र के सोलापुर स्थित द लक्ष्मी सहकारी बैंक लिमिटेड के लाइसेंस को रद्द कर दिया है जिसके कारण जमाकर्ताओं को पांच पांच लाख रुपये मिलेंगे। रिजर्व बैंक ने आज जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि गत 14 सितंबर को ही इस बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था और बैंक के परिचालन पर आज से रोक लगा दी गयी है। महाराष्ट्र के सहकारी समितियों के पंजीयक से बैंक को बंद करने के आदेश जारी करने और इसके निपटान की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है और उसके पास आय अर्जित करने का कोई खाका भी नहीं है। ऐसी स्थिति में बैंक बैंकिंग नियमन कानून 1949 की धारा 56 के प्रावधानों को पूरा नहीं कर पा रहा है। इसके मद्देनजर लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इस तरह के बैंक का परिचालन जमाकर्ताओं के हित में नहीं होता है। वर्तमान वित्तीय स्थिति बैंक जमाकर्ताओं को पूरी राशि चुकाने की स्थिति में नहीं है।निपटान प्रक्रिया की स्थिति में प्रत्यके जमाकर्ता को जमा बीमा एवं क्रेडिट गांरटी कार्पोरेशन से जमा बीमा दावा के तहत अधिकतम पांच लाख रुपये का भुगतान किया जायेगा।

## शिमला के लिए 26 सितंबर से उड़ान बहाल होगी : एलाइंस एयर

शिमला। एलाइंस एयर ने 26 सितंबर से जुब्बरहाटी हवाई अड्डे के लिए दैनिक परिचालन शुरू करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही शिमला हवाई अड्डे से एक दशक के बाद क्षेत्रीय हवाई संपर्क होगा।

इससे पहले छह सितंबर को उड़ान शुरू होनी थी, लेकिन खराब मौसम के कारण सेवा शुरू नहीं हो सकी।

विमानन कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह उड़ान योजना के तहत 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) के तहत होगी। इसे अब 26 सितंबर से शुरू करने का निर्धारित किया गया है।

शिमला के लिए इस उड़ान सेवा में एक नए विमान एटीआर42-600 को लगाया जाएगा।

कंपनी ने एक बयान में कहा, हमारे विमान में 30 सीटों के साथ पैर रखने के लिए भरपूर जगह है जिससे यात्रियों को काफी आराम मिलती है। उड़ान संख्या 91821 दिल्ली से सुबह 07:10 पर उड़ेगी जो एक घंटा 10 मिनट का समय लेकर 08:20 पर शिमला पहुंचेगी। शिमला से यह विमान सुबह 08ः50 पर उड़ेगा और दिल्ली 10ः00 बजे पहुंच जाएगा।

दिल्ली से शिमला और शिमला से दिल्ली के बीच प्रारंभिक सभी करों सहित किराया 2,141 रुपये होगा।

यह प्रयास टियर-टू और टियर-थ्री शहरों के बीच उनके निकटतम शहर केंद्रों के बीच बेहतर हवाई संपर्क प्रदान करेगा।

इस प्रयास को ध्यान में रखते हुए एलायंस एयर के विस्तार से संपर्क बढ़ेगा, जिससे क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और राज्यों के आर्थिक विकास में योगदान होगा। शिमला के निवासी विशेष रूप से सैकड़ों टैक्सी मालिक अभी भी इस कदम के बारे में निश्चित नहीं हैं, हालांकि सरकार पिछले पांच वर्षों से इसी तरह का आश्वासन दे रही है। यह कदम हालांकि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उठाया गया है।

एलाइंस एयर ने लगभग एक दशक के बाद शिमला को हवाई संपर्क के मानचित्र पर लाने के लिए इसी तरह के बयान जारी किए हैं। एयर इंडिया, जैक्सन एयरलाइंस ने वर्ष 2012 से शिमला के लिए नियमित उड़ान बंद कर दी थी।

# शार्ट न्यूज

## शेट्टी-रिष्या की टॉप सीड जोड़ी राष्ट्रीय खेलों से बाहर

सूरत। महाराष्ट्र के सनिल शेट्टी और रीत रिष्या की टॉप सीड जोड़ी 36वें राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेनिस मिश्रित युगल प्रतियोगिता में गुरुवार को शीर्ष-16 राउंड में हारकर बाहर हो गयी। गुजरात के मानव ठक्कर और फिलज़ग फातिमा कादरी की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी ने शेट्टी-रिष्या की दांपत्य जोड़ी को 0-3 की करारी हार सौंपकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। महाराष्ट्र से ही आने वाले सिद्देश पांडे और स्वास्तिका घोष को उत्तर प्रदेश के अभिषेक यादव और सुहाना नरजिनरी ने 3-0 से रौंदा। पश्चिम बंगाल के रॉनित भांजा और कौशानी नाथ ने दीपित पाटिल और दिया चिटाले की तीसरी महाराष्ट्रियन जोड़ी को सीधे गेमों में हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इसी बीच, सातवीं वरीयता प्राप्त बंगाल के जीत चंद्रा और सुतीर्था मुखर्जी दूसरे दौर की बाधा को पार करने में विफल रहे और महाराष्ट्र के रवींद्र कोटियान और श्रुति अमृते से 3-2 से हार गये। दिन के आखिरी मिश्रित युगल मुकाबले में पश्चिम बंगाल के अनिर्बान घोष और मौमा दास ने तेलंगाना के मोहम्मद अली और वरुण जायसवाल को मात दी। महिला युगल प्रतियोगिता में, तमिलनाडु की एन दीपिका और वी कौशिका ने तेलंगाना की चौथी सीड श्रीजा अकुला और निखत बानू को 3-2 से हराया।

## यूरोस्पोर्ट पर प्रसारित होंगे ब्लू टाइगर्स के मैत्री मैच

मुंबई। भारत, सिंगापुर और वियतनाम के बीच होने वाली हंग थिन्ह फुटबॉल चैंपियनशिप यूरोस्पोर्ट इंडिया पर प्रसारित की जायेगी। यूरोस्पोर्ट ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि तीनों देशों के बीच होने अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के प्रसारण अधिकार अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा दिये गये हैं। ब्लू टाइगर्स (भारतीय फुटबॉल टीम) जून 2022 में कोलकाता में आयोजित 2023 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के बाद पहली बार मैदान पर वापस लौटेंगे। सुनील छेत्री की अगुवाई में भारतीय टीम 24 सितंबर को जीत के रिकॉर्ड को बढ़ाने के उद्देश्य से एक दशक से अधिक समय के बाद मेजबान देश वियतनाम का सामना करेगी, जबकि उनका अगला मुकाबला सिंगापुर के खिलाफ 27 सितम्बर को होगा।

## पुराने प्रारूप में लौटेगा आईपीएल

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 2023 सीज़न अपने पुराने प्रारूप में खेला जायेगा, एक टीम लीग स्टेज के आधे मुकाबले घरेलू मैदान पर और बाकी मुकाबले विरोधी टीमों के मैदान पर होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने राज्य संघों को लिखे गये पत्र में यह खुलासा किया। ईएसपीएन ने गुरुवार को गांगुली के संदेश के हवाले से कहा, पुरुष आईपीएल का अगला सत्र होम और अवे प्रारूप में खेला जायेगा। सभी 10 टीमें अपने घरेलू मैच निर्दिष्ट स्थानों पर खेलेंगी। कोरोना महामारी के कारण आईपीएल 2020 संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दुबई, शारजाह और अबू धाबी सहित तीन मैदानों पर आयोजित किया गया था। साल 2021 में टूर्नामेंट के आयोजन के लिये दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और चेन्नई के स्टेडियम चुने गये थे, लेकिन बीच टूर्नामेंट में कुछ खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित होने के बाद आईपीएल 2021 के बचे हुए मुकाबले भी यूएई में खेले गये थे। गांगुली ने राज्य-संघों को लिखे गये पत्र में यह भी कहा है कि महिला आईपीएल (डब्ल्यूआईपीएल) अगले साल की शुरुआत में आयोजित किया जायेगा। गांगुली ने 20 सितंबर को भेजे गये संदेश में कहा, बीसीसीआई फिलहाल बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल पर काम कर रही है। हम पहले सत्र को अगले साल की शुरुआत में आयोजित करने पर विचार कर रहे हैं।

## देहरादून में भारी बारिश के कारण आरएसडब्ल्युएस मैच रद्द

देहरादून। वेस्टइंडीज लीजेंड्स और न्यूजीलैंड लीजेंड्स के बीच बुधवार को होने वाला रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 का 15वां मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। उत्तराखंड के देहरादून में स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ब्रायन लारा की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज लीजेंड्स का सामना रॉस टेलर के न्यूजीलैंड लीजेंड्स से होना था, लेकिन बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। टूर्नामेंट में गुरुवार को सचिन तेंदुलकर के नेतृत्व में इंडिया लीजेंड्स का सामना इयान बेल के नेतृत्व वाली इंग्लैंड लीजेंड्स से होगा।

## परगट सिंह ने मेलबर्न कप ट्रॉफी का अनावरण किया

मेलबर्न। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और विधायक ओलंपियन परगट सिंह ने गुरुवार को पहले मेलबर्न हॉकी कप की विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया। इस अवसर पर पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व कप्तान वसीम अहमद और 1980 के मास्को ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली ओलंपियन हरप्रीत शेरगिल विशेष रूप से उपस्थित थीं। परगट सिंह ने मेलबर्न हॉकी कप के प्रायोजकों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि उनके सहयोग के बिना ऑस्ट्रेलिया में इतना बड़ा टूर्नामेंट आयोजित करना संभव नहीं होता। वसीम अहमद ने कहा कि हॉकी पंजाबियों के खून में है इसलिए हॉकी प्रेमी एक साथ आगे आए हैं और वे सभी बधाई के पात्र हैं। ओलंपियन हरप्रीत शेरगिल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि लंबे समय के बाद उन्हें हॉकी परिवार का हिस्सा बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वह हॉकी का मैदान छोड़ चुकी थीं लेकिन इस टूर्नामेंट ने उन्हें फिर से हॉकी से जोड़कर एक नया जीवन दिया है। मेलबर्न कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर के मेलबर्न स्पोर्ट्स सेंटर पार्कविले में 23 से 25 सितंबर तक किया जायेगा।

## सेमीफाइनल में पहुंचा सत्यवती कॉलेज

नयी दिल्ली। सत्यवती कॉलेज ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पहले प्री इंटर कॉलेज कबड्डी पुरुष टूर्नामेंट के लीग मैच में गुरुवार को दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज को 74-48 से मात दी और लीग स्टेज की तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सत्यवती कॉलेज का सामना शुक्रवार के सेमीफाइनल में स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज से होगा। दूसरा सेमीफाइनल श्याम लाल कॉलेज और दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के बीच खेला जाएगा। दिन के दूसरे मुकाबले में रामानुजन कॉलेज ने मोतीलाल इवनिंग कॉलेज को 62-43 से हराया।

## गुजरात की टेबल टेनिस टीम ने जीता स्वर्ण पदक

सूरत। गुजरात की पुरुष टेबल टेनिस टीम ने बुधवार को यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों के फाइनल मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ एक भी सेट गंवाए बिना स्वर्ण पदक जीत लिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खिताब की दावेदार गुजरात की पुरुष टेबल टेनिस टीम ने आज यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों के फाइनल मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ एक भी सेट गंवाए बिना स्वर्ण पदक जीतकर अपने प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया जबकि महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल ने महाराष्ट्र को हराकर पहला स्थान हासिल किया। सात साल बाद हो रहे राष्ट्रीय खेलों में ये पहले स्वर्ण पदक मैच थे। महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल ने सेमीफाइनल में हार के बाद पुरुषों के वर्ग कांस्य पदक जीते जबकि तमिलनाडु और तेलंगाना ने महिलाओं के वर्ग में कांस्य पदक जीता। पुरुषों के टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त गुजरात प्रतियोगिता की शुरुआत से ही शानदार फॉर्म में था और एकमात्र सवाल यह था कि क्या दिल्ली कम से कम जोरदार मुकाबला कर सकती है। घरेलू टीम का दबदबा इतना अधिक था कि उसने एक भी रबर नहीं गंवाया और पदक तालिका में अपने राज्य का खाता खोला।फाइनल में जाने के बाद गुजरात ने एकमात्र बदलाव यह किया कि मानव ठक्कर ने पहले एकल मैच में कप्तान हरमीत देसाई की जगह ली। ठक्कर ने शुरुआती सेट में सुधांशु ग्रोवर पर दबदबा बनाया। हालांकि दिल्ली के इस पैडलर ने अगले दो सेटों में जोरदार मुकाबला किया, लेकिन वह पूर्व जूनियर वर्ल्ड नंबर-1 से आगे निकल नहीं निकल सके और सीधे सेटों में 11-3, 13-11, 14-12 से हार गए। दिल्ली को उम्मीद थी कि पायस जैन सेमीफाइनल में अपना जौहर दोहरा सकते हैं लेकिन हरमीत देसाई उनके लिए बहुत मजबूत साबित हुए।

# भारत ने 23 साल बाद इंग्लैंड में जीती एकदिवसीय श्रृंखला

**कैंटरबरी।** भारत ने हरमनप्रीत कौर (143 नाबाद) के विशाल शतक के बाद रेणुका सिंह ठाकुर (57/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को दूसरे महिला वनडे में 88 रन से हराकर 23 साल बाद ब्रिटिश सरजमीन पर एकदिवसीय शृंखला जीती।

भारत ने बुधवार को खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 333 रन बनाये, जिसके जवाब में इंग्लैंड 245 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की और 1999 के बाद पहली बार इंग्लैंड में एकदिवसीय सीरीज जीती।

हरमनप्रीत ने भारत के लिये कप्तानी पारी खेलते हुए 111 गेंदों पर 18 चौकों और चार छक्कों की बदौलत 143 रन बनाये। उनका साथ देते हुए हरलीन देओल ने भी 58 रन जोड़े।

इंग्लैंड की ओर से डेनियल वायट ने 58 गेंदों पर छह चौकों के साथ 65 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन रेणुका की गेंद पर उनका विकेट गिरने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदों पर पूर्ण विराम लग गया। रेणुका ने अपनी घातक गेंदबाजी की बदौलत 10 में 57 रन देकर चार विकेट चटकाये। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने के लिये बुलाये जाने पर भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (08) एक बार फिर जल्दी पवेलियन लौट गयीं। स्मृति मंधाना ने अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए 51 गेंदों पर 40 रन बनाये और यस्तिका भाटिया (26)



के साथ दूसरे विकेट के लिये 54 रन की साझेदारी की।

स्मृति और यस्तिका के आउट होने के बाद हरमनप्रीत ने मोर्चा संभाला और हरलीन के साथ चौथे विकेट के लिये 113 रन की विशाल साझेदारी की। हरलीन ने अपना पहला एकदिवसीय अर्द्धशतक जड़ते हुए 72 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 58 रन बनाये।

हरलीन के पवेलियन लौटने के बाद हरमनप्रीत ने पारी की रफ्तार बदली और अपना पांचवां एकदिवसीय शतक पूरा किया।

उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने अंतिम पांच ओवरों में 80 रन जोड़े और 50 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 333 रन बनाये। पूजा वस्त्राकर ने 18(16) और दीप्ती शर्मा ने 15(09) रन का योगदान दिया।

इंग्लैंड की ओर से लौरेन बेल, केट क्रॉस, फ्रेया केंप, शारलोट डीन और सोफी एकलेस्टन ने एक-एक विकेट निकाला। केंप (10 ओवर, 82 रन) और बेल (10 ओवर, 79 रन) इंग्लैंड के लिये महंगी साबित हुईं।

इंग्लैंड ने 334 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आवश्यक रनगति बनाये रखी लेकिन लगातार विकेट भी गंवाये। सलामी बल्लेबाज टैमी बोमॉन्ट (06) रन चुराने के प्रयास में हरमनप्रीत के थ्रो का शिकार हो गयीं। रेणुका ने सोफिया डंकली को एक रन के स्कोर पर बोल्ड किया, जबकि एमा लैंब (15) को पगबाधा करके पवेलियन लौटाया। एलिस कैपसी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं और 36 गेंदों पर छह चौकों के साथ 39 रन बनाकर आउट हो गयीं।

इंग्लैंड के 102 रन पर चार विकेट गिरने के बाद वायट और कप्तान एमी जोन्स ने 65 रन की बहुमूल्य साझेदारी की, लेकिन 30वें ओवर में वायट के आउट होते ही मैच इंग्लैंड की पकड़ से दूर हो गया। कुछ देर बाद जोन्स भी 39(51) रन बनाकर आउट हो गयीं। आखिरी दो विकेटों के लिये 62 रन जोड़ने के बाद भी इंग्लैंड को 88 रन के विशाल अंतर से हार मिली।

रेणुका के चार विकेटों के अलावा भारत के लिये दयालन हेमलता ने दो विकेट लिये, जबकि शफाली वर्मा और दीप्ती शर्मा को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

# टी 20 मैच टिकट बिक्री : भगदड़ में छह लोग घायल

हैदराबाद। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच उप्पल के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच की टिकटों की बिक्री के दौरान गुरुवार को जिमखाना मैदान में भगदड़ हुई, जिसमें दो महिलाओं सहित कम से कम छह प्रशंसक मामूली रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने यहां बताया कि घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि हैदराबाद क्रिकेट एसोसियेशन (एचसीए) को टिकटों की बिक्री के लिये आठ से 10 काउंटर लगाने थे, लेकिन उन्होंने सिर्फ दो काउंटर खोले।

पुलिस ने यह भी कहा कि हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के कुप्रबंधन के कारण जिमखाना मैदान में भगदड़ की घटना हुई।

तेलंगाना के खेल मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ ने इस घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि टी20 के लिए कालाबाजारी में टिकट बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने मैच की व्यवस्था को लेकर एसोसिएशन के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। साथ ही उन्होंने टिकटों की बिक्री एवं स्टेडियम में दर्शकों के इंतजाम संबंधी रिपोर्ट तलब की।

इससे पहले एचसीए ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा था कि 22 सितंबर को जिमखाना ग्राउंड में टिकट ऑफलाइन खरीदारी के लिए पूर्वाह्न 10ः00 बजे से शाम 5:00 बजे तक उपलब्ध होंगे। लोग आज सुबह से ही टिकट खरीदने के लिए कतार में लग गए हैं।

पेटीएम ऐप के जरिए 15 सितंबर को ऑनलाइन टिकटों की बिक्री मिनटों में ही खत्म हो गयी थी।

# डेथ ओवरों के सवाल का जवाब ढूंढेगा भारत

नागपुर। भारतीय टीम तीन मैचों की शृंखला में 0-1 से पिछड़ने के बाद शुक्रवार को दूसरे टी20 में जसप्रीत बुमराह की वापसी से डेथ ओवरों में अपनी गेंदबाजी सुधारना चाहेगी।

भारत पहले मैच में 209 रन के विशाल लक्ष्य की रक्षा नहीं कर सका और उसे चार विकेट से हार मिली।

ऑस्ट्रेलिया से पहले पाकिस्तान और श्रीलंका भी भुवनेश्वर कुमार के 19वें ओवर में जमकर रन बटोर चुके हैं, जो भारत के लिये चिंता का विषय है।

गेंदबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण दूसरे मैच में बुमराह के खेलने की उम्मीदें ज्यादा हैं, हालांकि उनके स्वास्थ्य पर अब भी संशय है। बुमराह पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड दौरे के खत्म होने के बाद से ही खेल से बाहर है।

लगातार महंगे साबित हो रहे युजवेंद्र चहल की गेंदबाजी पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं, मानो उन्होंने बल्लेबाजों को परेशान करने की अपनी



क्षमता खो दी हो। चोटग्रस्त रवींद्र जडेजा की जगह टीम में आये अक्षर पटेल ने हालांकि मोहाली में 17 रन के बदले तीन विकेट झटककर सीधे तौर पर अपनी काबिलियत साबित कर दी है। बल्लेबाजी में रोहित और विराट कोहली पिछले मैच में की गयी गलतियों को ठीक करना चाहेंगे। के एल राहुल, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या अपनी विस्फोटक फॉर्म को जारी रखने का प्रयास करेंगे।

विश्व कप के करीब आने के साथ टीम प्रबंधन दिनेश कार्तिक या ऋषभ पंत को परख सकता है। कार्तिक को फिनिशर की भूमिका निभाने के लिये कई मौके नहीं मिले हैं, और अगर शुक्रवार को उन्हें मौका मिलता है तो वह अपना लोहा मनवाना चाहेंगे।

सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी की स्थिति भी चिंताजनक रही है। नेथन एलिस के अलावा सभी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने सात से अधिक की इकॉनॉमी रेट से रन लुटाये। कैमरन ग्रीन और पैट कमिंस ने मोहाली में अंतिम पांच ओवरों में 67 रन दिए।

बल्लेबाजी में हालांकि ऑस्ट्रेलिया डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श और मार्क्स स्टॉयनिस की अनुपस्थिति में भी बेहद मजबूत दिखी।

ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने अपने दूसरे टी20 में ही वॉर्नर की कमी को पूरा किया और ओपनिंग करते हुए विस्फोटक अर्द्धशतक जड़ा। मैथ्यू वेड ने अंत में ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभाला और 21 गेंदों में नाबाद 45 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। अनुभवी आरोन फिंच और ग्लेन मैक्सवेल की मौजूदगी ऑस्ट्रेलिया को और भी खतरनाक बना देती है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने मोहाली में कुल 400 से अधिक रन बनाए थे, लेकिन विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन की पिच धीमी दिखती है। बुमराह की अगुवाई में भारतीय आक्रमण इसका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करना चाहेगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में भारतीय थिंक टैंक रविचंद्रन अश्विन को गेंदबाजों के अनुकूल ट्रैक पर आजमा सकता है। हर्षल पटेल शुक्रवार की भिड़ंत में विशेष योगदान दे सकते हैं।

# ईरान में महिला क्रांति और तेज, हिजाब के खिलाफ प्रदर्शनों में अब तक 9 की मौत

**दुबई।** ईरान की धरती इस वक्त हिजाब के विरोध में जल रही है। महिला क्रांति और तेज हो गई है। पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब खूनी रंग ले चुका है। हिजाब पहनने के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी गई है। कई शहरों में उग्र प्रदर्शन चल रहा है। सुरक्षा और अर्धसैनिक बलों की भी बड़ी संख्या में तैनाती की गई है।

1979 के बाद ईरान में इस्लामिक क्रांति का आगाज हुआ था और महिलाओं के लिए खुलेपन पर पाबंदियां शुरू हुई। आज महिलाओं को घर से बाहर निकलने पर हिजाब पहनना अनिवार्य है। यह पाबंदी 9 साल की उम्र वाली लड़की के साथ लागू है। बीते दिनों हिजाब न पहनकर सार्वजनिक स्थान में घूमते हुए पकड़ी गई 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत हुई थी। अमीनी की मौत की अमेरिकी, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र ने कड़ी निंदा की थी। हालांकि पुलिस ने बचाव में कहा था कि अमीनी



की दिल का दौरा पड़ने के कारण मौत हुई। उसके साथ ज्यादती नहीं की गई लेकिन, परिवारवालों ने आरोप लगाया कि अमीनी की मौत पुलिसकर्मियों की पिटाई के बाद हुई है। इस घटना के बाद पूरे ईरान में नई क्रांति ने जन्म लिया और आज 70 फीसदी महिलाएं सोशल मीडिया के जरिए हिजाब का विरोध कर रही हैं। इस विरोध प्रदर्शन में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है।

### महिला क्रांति ने दुनिया का ध्यान खींचा

ईरान के लगभग सभी हिस्सों में महिलाएं इस वक्त हिजाब पहनने के खिलाफ लामबंद हैं। सोशल मीडिया के जरिए तरह-तरह के वीडियो जारी करते हुए हिजाब के खिलाफ पोस्ट कर रहे हैं। नो टू हिजाब नाम से सोशल मीडिया पर ट्रेंड चल रहा है। बता दें कि अफगानिस्तान के बाद ईरान दुनिया का दूसरा देश है जहां महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थान पर हिजाब पहनना अनिवार्य है।

ईरान में इस व्यवस्था को लागू करने के लिए बाकायदा अलग से पुलिसिंग व्यवस्था भी है जिसका काम सिर्फ यही देखना होता है कि नियम सही तरीके से चल रहे हैं या नहीं। अगर नहीं तो उन महिलाओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाती है।

ईरान में हिजाब के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन पर भी सरकार ने भी सख्त रुख अपनाया है। देश के सभी समाचार पत्र और न्यूज चैनल सरकार के नियंत्रण में है। सरकार के खिलाफ छापने वाले पत्रकारों को गिरफ्तार किया जा रहा है। ईरानी सेना ने गुरुवार को न्यायपालिका से सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें और अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने का आग्रह किया है। कुल मिलाकर सरकार प्रदर्शन को रोकने के लिए दमनकारी नीति पर उतर आई है।

### मरने वालों में महिलाएं और नाबालिग शामिल

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकार के आदेश पर सेना और पुलिस बल ने सख्त रुख अपनाया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों पर लाठी-डंडों और आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट है कि इस घनटा में कम से कम आठ लोग मारे गए हैं, जिनमें एक महिला और 16 वर्षीय लड़का शामिल है, जबकि दर्जनों घायल और गिरफ्तार किए गए हैं।

# अपने बयानों पर झुके इमरान खान, महिला जज के खिलाफ टिप्पणी पर मांगी माफी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने महिला जज के खिलाफ धमकी भरी टिप्पणी मामले में माफी मांग ली है। इमरान खान की ओर से यह माफी उस समय मांगी गई है जब कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अवमानना की कार्यवाही पर विचार करना शुरू कर दिया है।

गुरुवार को ही उनके खिलाफ आरोप तय किया जाना था, लेकिन उससे पहले ही इमरान ने कोर्ट के सामने माफी मांग ली। द डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने महिला जज जेबा चौधरी से व्यक्तिगत रूप से भी माफी मांगने का वादा दिया है। जिनके खिलाफ अगस्त में एक रैली के दौरान अपने भाषण में कथित तौर पर धमकी दी थी।

इमरान खान की ओर से माफी मांगे जाने के साथ ही कोर्ट ने उनके खिलाफ अवमानना के मामले को स्थगित कर दिया।

### इमरान बोले- दोबारा ऐसा नहीं होगा

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख ने अपनी दलील में कहा, अगर मैंने कोई सीमा लांघी हैं तो मैं मांफी मांगता हूं। ऐसा दोबारा नहीं होगा। मेरा कभी भी अदालत की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। रिपोर्ट के मुताबिक, खान ने अदालत को यह भी आश्वासन दिया कि वह ऐसा कृत्य फिर कभी नहीं करेंगे।

इस्लामाबाद में 20 अगस्त को एक रैली के दौरान, इमरान खान ने अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ की गई बदसलूकी को लेकर शीर्ष पुलिस अधिकारियों, चुनाव आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी।

### उ़ कोरिया ने रूस को हथियार बेचने के आरोपों से किया इंकार

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने रूस को हथियार बेचने के अमेरिकी रिपोर्टों में लगाये गये आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा है कि उसने न तो कभी रूस को हथियार बेचे हैं और न ही भविष्य में उसकी ऐसा करने की कोई योजना है। सरकारी मीडिया केसीएनए की ओर से गुरुवार को रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया हमने कभी रूस को हथियार नहीं बेचे हैं और ना ही भविष्य में ऐसा करने की कोई योजना है। रक्षा मंत्रालय के इस अनाम अधिकारी ने उलटे अमेरिका पर ही पलटवार करते हुए कहा कि वह अपने राजनीतिक और सैन्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इस तरह की अफवाहें फैला रहा है।

## नासा के कैमरों ने ली नेपच्यून के छल्लों की स्पष्ट तस्वीरें

लॉस एंजेल्स। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से सुदूर नेपच्यून (वरुण) ग्रह के छल्लों की अब तक की सबसे साफ और स्पष्ट तस्वीरें खींचने में कामयाबी हासिल कर ली है। नासा की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि वेब ने न केवल नेपच्यून की 30 साल से अधिक समय के बाद अब तक की सबसे साफ सुथरी तस्वीरें खींची हैं बल्कि इस बर्फीले दीर्घकाय को एक नयी रोशनी में खोलकर रख दिया है। नासा वेब टेलीस्कोप हैंडल से किये गये ट्वीट कहा गया, हे नेपच्यून, क्या तुमारे चारों ओर छल्ले हैं। 30साल से अधिक के समय में यह नेपच्यून के छल्लों की अब तक की ली गयीं सबसे साफ तस्वीरें हैं। यह पहली बार है जब इंफ्रारेड रोशनी में इसकी तस्वीरें ली गयीं हैं। जिसमें नेपच्यून के चारों और फैसले धूल के बैंड, छल्ले और चांद भी साफ नजर आ रहे हैं। नासा की ओर से जारी बयान में नेपच्यून सिस्टम के विशेषज्ञ और अंतरविषयक वैज्ञानिक हैदी हमल ने कहा लगभग तीन दशक पहले 1846 में नेपच्यून को खोजा गया था। पिछली बार हमें इसकी जो तस्वीरें मिलीं थीं वे काफी धुंधली थी और हमनें इसके चारों और धुंधले से छल्ले देखे थे। यह पहली बार है जब हम इसे इंफ्रारेड रोशनी में देख रहे हैं। खोज के समय से ही नेपच्यून खोजकर्ताओं को कौतुहल में डाले हुए है। यह सूर्य से धरती की दूरी से कोई 30 गुना दूरी पर स्थित है।

## धोखाधड़ी का मुकदमा ट्रंप की उम्मीदवारी में बन सकता है रोड़ा

न्यूयार्क। अमेरिका में 2024 में होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारों की अटकलों पर उनके और परिवार के खिलाफ दायर धोखाधड़ी का मुकदमा विराम लगा सकता है। विधि विशेषज्ञों के अनुसार ट्रंप परिवार पर कानूनी संकट जटिल होता जा रहा है जो 2024 में होने वाले चुनाव में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की वापसी की उम्मीदों पर तुषारापात कर सकता है। गार्डियन में प्रकाशित विधि विशेषज्ञों की राय पर आधारित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, उनके तीन व्यस्क बच्चों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दायर किया गया है। आरोप है कि उन्होने एक योजना का हवाला देकर संग्रहकर्ताओं, उधारदाताओं और बीमाकर्ताओं से झूठ बोला और भ्रामक मूल्यांकनों के जरिये अपनी संपत्तियों के मूल्य को बढ़ा चढ़ा कर बताया। न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा दायर मुकदमे के सिलसिले में एफबीआई ने फ्लोरिडा में ट्रम्प के संवेदनशील सरकारी दस्तावेजों को रखने की जांच की। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार ट्रम्प ने बार-बार संकेत दे रहे हैं कि वह 2024 में फिर से व्हाइट हाउस में प्रवेश का इरादा रखते हैं मगर मुकदमे की कार्रवाई उनके मंसूबों पर पानी फेर सकती है।

## चीन ने मानवाधिकार हनन के आरोप को किया खारिज

संयुक्त राष्ट्र। चीन ने जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानवाधिकार हनन के अमेरिका,ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि झांग जुन ने बुधवार को मानवाधिकार हनन के आरोपों को निराधार बताते हुये कहा कि चीन के शिनजियांग में 56 जाति के लोग आपसी सदभाव और भाइचारे के साथ निवास करते हैं जिनमें हान, उइघुर और काजाकी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में रहने वाले सभी जाति के लोगों के प्रयास से झिंजियांग निरंतर आर्थिक विकास, सामाजिक सद्भाव के पथ पर अग्रसर है। श्री झांग ने कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि अमेरिका,ब्रिटेन और यूरोपीय संघ तथ्यों की अवहेलना कर रहे हैं और संयुक्त राष्ट्र महासभा की सामान्य वाद-विवाद का दुरुपयोग कर रहे हैं। चीन इन बेबुनियाद आरोपों को सिरे से खारिज करता है। जाति,धर्म,भाषा से संबंधित अल्पसंख्यकों के अधिकारों की घोषणा की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुये चीनी राजदूत ने कहा कि पिछले तीन दशकों के दौरान घोषणा को लागू करने की दिशा में प्रगति हुयी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादों का न्यायलय दिल्ली होगा



# नाश्ते में रवा उपमा खाने से मिलेंगे ये लाभ

**नाश्ते में अगर कुछ अच्छा (स्वादिष्ट और हेल्दी) खाने को मिल जाए तो पूरा दिन मूड अच्छा रहता है और आप अपनी प्रॉडक्टिविटी में भी अच्छा परिणाम देखते हैं। बस, जरूर इस बात की है कि हम सभी अपने काम और अपने शरीर की जरूरतों को समझें.लेकिन हममें से ज्यादातर लोग बस यहीं मात खा जाते हैं। आइए, जानते हैं दिन की बेहतर शुरुआत करने में रवा उपमा किस तरह हमारी सहायता कर सकता है.**

## रवा खाने के फायदे

- दक्षिणी भारत में सूजी को रवा कहा जाता है। उत्तर भारत और हिंदी भाषी राज्यों में सूजी का हलवा जिस तरह आय दिन घरों में बनता है और सभी बहुत चाव से खाते हैं। ठीक इसी तरह सूजी से तैयार उपमा यानी रवा उपमा दक्षिण भारत में बहुत अधिक लोकप्रिय भोजन है।
- रवा यानी सूजी गेहूं से तैयार होती है। यह फाइबर से भरपूर होती है इसलिए इसे पचाना हमारे पाचनतंत्र के लिए आसान होता है।
- फाइबर धीमी गति से डायजेस्ट होता है इसलिए यह लंबे समय तक हमारे शरीर को ऊर्जा देने का काम करता है।
- यानी रवा से बना उपमा खाने के बाद जल्दी से भूख नहीं लगती, नींद नहीं आती और आप लंबे समय स्वयं को तक ऊर्जावान महसूस करते हैं।
- रवा उपमा तैयार करते समय इसमें मौसमी सब्जियां मिलाई जाती हैं। यानी इसे खाने से आपको संपूर्ण पोषण प्राप्त होता है। सब्जियों से विटमिन्स और मिनरल्स साथ ही रवा से दिनभर के लिए ऊर्जा।
- रवा उपमा बनाने में मूंगफली और ड्राई फ्रूट्स का उपयोग किया जाता है। इन्हें खाने से आपको सभी जरूरी अमीनो एसिड्स, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फॉलिक एसिड और विटमिन्स तथा मिनरल्स की प्राप्ति होती है।
- रवा उपमा फैट यानी वसा और हानिकारक कॉलेस्ट्रोल से पूरी तरह फ्री होता है। इसलिए यह आपके हार्ट की सेहत के लिए भी एक शानदार नाश्ता है। जो हृदय की पंपिंग को सही बनाए रखने और अपने पौषक तत्वों से रक्त का प्रवाह बनाए रखने का काम करता है।
- रवा उपमा खाने में बहुत अधिक स्वादिष्ट और साथ ही सेहत के गुणों से भरपूर होता है। इसलिए साउथ इंडिया से निकलकर इस फूड ने देश के हर हिस्से और घर में अपनी जगह बना ली है।
- आज के समय में पोहा (मुख्य रूप से मध्य भारतीय आहार) दही चूड़ा (मुख्य रूप से बिहार का भोजन) और रवा उपमा तथा इडली (दक्षिण भारतीय भोजन) अपने-अपने राज्यों की सीमाएं पार कर नैशनल फूड बन चुके हैं।
- इसकी खास वजह है कि इन फूड्स को तैयार करने में कम समय लगता है। ये पौषक तत्वों से भरपूर होते हैं और कम ऑइली होने के कारण फिटनेस को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इसके साथ ही पाचन के लिहाज से बहुत अच्छे होते हैं तो इन्हें खाने के बाद आलस भी नहीं आता है।



# शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें

**शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें। ये आपको कई गंभीर बीमारियों की तरफ धकेल सकती है. चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, हमारे शरीर का 30 प्रतिशत हिस्सा तरल है और बाकी 70 प्रतिशत में अस्थि और मज्जा शामिल है। यही वजह है कि जल को जीवन की संज्ञा दी गई है। क्योंकि मनुष्य बिना भोजन के कुछ समय रह सकता है लेकिन बिना पानी के रहना असंभव होता है। यानी जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पानी तो हम सभी लोग पीते हैं लेकिन ज्यादातर लोग शरीर की जरूरत के अनुसार उचित मात्रा में पानी नहीं पीते हैं। यही कारण है कि हमारे समाज में बड़े स्तर पर सूखे की बीमारी से पीड़ित पेशंट देखे जा सकते हैं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन के मरीजों की मानो बाढ़ आ जाती है।**

## हल्के में ना लें यह समस्या

- आमतौर पर शरीर में पानी की कमी होने को हम सभी बहुत हल्के में लेते हैं। यह एक बड़ी वजह है कि डिहाइड्रेशन के कारण बड़ी संख्या में रोगियों की मृत्यु हो जाती है। आइए, यहां जानते हैं शरीर के उन सामान्य लक्षणों के बारे में जो आपके शरीर में पानी की कमी को दर्शाते हैं। ताकि इन लक्षणों के आधार पर आप तुरंत इस समस्या से निजात पा सकें.

## पानी की कमी के सामान्य लक्षण

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो आपके होंठ बहुत सूखे-सूखे हो जाते हैं और उनकी बाहरी त्वचा फटने लगती है। कई बार होंठों से खून भी आने लगता है।
- पानी की कमी के कारण गला लगातार सूखा बना रहता है और बार-बार प्यास लगने पर पानी पीने के बाद भी प्यास नहीं मिटती है।
- शरीर में पानी की कमी के कारण सीने पर हल्की जलन, पेट में एसिडिटी या असहजता हो सकती है। साथ ही मुंह से सांसों के साथ लगातार दुर्गंध आती है। ब्रश करने के बाद भी आप सांसों की दुर्गंध फील कर पाते हैं।

## यूरिन, स्किन और मसल्स पर असर

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो पेशाब गाढ़े पीले रंग का आता है। इसके साथ मात्रा में सामान्य से कम होता है और पेशाब के बाद प्राइवेट पार्ट में जलन या खुजली की समस्या हो सकती है।
- डिहाइड्रेशन से जूझ रहे लोगों के शरीर की त्वचा भी बहुत रूखी और बेजान नजर आती है। जो लोग लंबे समय से पानी की कमी से जूझ रहे होते हैं, उनकी त्वचा पर कम उम्र में ही झुर्रियां नजर आने लगती हैं।
- पानी की कमी से मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन और जकड़न की समस्या हो सकती है। इसके साथ ही सिर में लगातार दर्द बना रहता है। इस कारण रोगी का चेहरा मुर्झाया हुआ और तेजहीन लगता है।
- जो लोग शरीर की जरूरत के अनुसार पानी नहीं पीते हैं, उनकी आंखों के नीचे काले घेरे साफ देखे जा सकते हैं। इन लोगों की आंखें अंदर धसने लगती हैं और इन्हें हर समय कमजोरी का अहसास बना रह सकता है।



# सेहत समस्याओं से निजात पाने के लिए पुदीने के घरेलू नुस्खे

**गर्मियों का मौसम आते ही भूख कम लगने लगती है, पेट व त्वचा की गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजें खाने की जरूरत होती है जो आपको ठंडक दे और पुदीना इस मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। गर्मियों में पुदीना या मिंट के अलग-अलग इस्तेमाल से कई सेहत लाभ पाए जा सकते हैं। आइए, जानते हैं पुदीना के ये 8 बेहतरीन घरेलू नुस्खे**

- पेट की गर्मी को कम करने के लिए पुदीने का प्रयोग बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा यह पेट से संबंधित अन्य समस्याओं से भी जल्द निजात दिलाने में लाभकारी है। इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।
- दिनभर बाहर रहने वाले लोगों को पैर के तलवों में जलन की शिकायत रहती है, ऐसे में उन्हें फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाना चाहिए ताकि तुरंत राहत मिल सके। इससे पैरों की गर्मी भी कम होगी।
- सूखा या गीला पुदीना छाछ, दही, कच्चे आम के पने के साथ मिलाकर पीने पर पेट में होने वाली जलन दूर होगी और ठंडक मिलेगी। गर्मी हवाओं और लू से भी बचाव होगा।
- अगर आपको अक्सर टॉंसिल्स की शिकायत रहती है और इसमें होने वाली सूजन से भी आप परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इस पानी से गरारे करना आपके लिए फायदेमंद होगा।
- गर्मी में पुदीने की चटनी का रोजाना सेवन सेहत से जुड़े कई फायदे देता है। पुदीना, काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, मुनक्का, जीरा, छुहारा सबको मिलाकर चटनी पीस लें। यह चटनी पेट के कई रोगों से बचाव करती है व खाने में भी स्वादिष्ट होती है। भूख न लगने या खाने से अरुचि होने पर भी यह चटनी भूख को खोलती है।
- पुदीने व अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर चाटने से खांसी ठीक हो जाती है। वहीं अगर आप लगातार हिचकी आने से परेशान हैं तो पुदीने में चीनी मिलाकर धीरे-धीरे चबाएं। कुछ ही देर में आप हिचकी से निजात पा लेंगे।
- पुदीने की पत्तियों का लेप करने से कई प्रकार के चर्म रोगों को खत्म किया जा सकता है। घाव भरने के लिए भी यह उत्तम है। इसके अलावा गर्मी में इसका लेप चेहरे पर लगाने से त्वचा की गर्मी समाप्त होगी और आप ताजगी का अनुभव करेंगे।
- पुदीने का नियमित रूप से सेवन आपको पीलिया जैसे रोगों से बचाने में सक्षम है। वहीं मूत्र संबंधी रोगों के लिए भी पुदीने का प्रयोग बेहद लाभदायक है। पुदीने के पत्तियों को पीसकर पानी और नींबू के रस के साथ पीने से शरीर की आंतरिक सफाई होगी।



# हल्की-हल्की भूख में लें इन तीन सूप का मजा

**नाश्ते के बाद और लंच से पहले वाली भूख को हैंडल करने के लिए ज्यादातर लोग चाय, कॉफी या फास्ट फूड और डिब्बाबंद फूड्स का सेवन करते हैं। लेकिन हम यहां आपको चंद मिनट में तैयार होनेवाले उन 3 खास सूप के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको 'अपनी तो लाइफ सेट है!' जैसा फील देंगे.**

## वेजिटेबल सूप

- मौसमी सब्जियों के साथ आप मिक्स वेज सूप तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप किसी एक सब्जी को उबालकर उसका सूप बनाएं और शिमला मिर्च, बीन्स, मशरूम, हरी प्याज और आलू को महीन टुकड़ों में काटकर इन्हें अलग उबाल लें।
- पहले से तैयार सूप में इन सब्जियों को मिलाएं और अपने स्वाद के हिसाब से काला नमक, जीरा पाउडर आदि मिलाएं। ध्यान रखें सूप को गाढ़ा करने के लिए कॉर्नफ्लोर मिलाया जाता है। आप इसका उपयोग कर सकते हैं लेकिन अधिक मात्रा मे इसे मिलाने से बचें। नहीं तो यह आपके वजन को बढ़ाने की वजह बन सकता है।

## चुकंदर का सूप

- चुकंदर का सूप बनाने के लिए आप टमाटर, आलू, प्याज, लहसुन, काली मिर्च का पाउडर और नींबू का रस जैसी चीजों का उपयोग करते हैं। ये सभी बहुत पौष्टिक और सेहत को फिट रखनेवाली चीजें हैं।
- चुकंदर का सूप तैयार करने के लिए एक कुकर में बारीक कटे प्याज और लहसुन भून लें। इसके बाद कटे हुए चुकंदर, आलू और टमाटर डालकर भूनें। इन्हें दो मिनट पकाने के बाद कुकर को बंद कर दें और इसमें धीमी आंच पर 4 सीटी आने दें।
- तैयार मिश्रण को मिक्सी में डालकर पीसें और गाढ़ा लिक्विड तैयार करें। इसे छान लें और काली मिर्च पाउडर तथा नींबू का रस मिलाकर सूप तैयार करें और इसे हरी धनिया पत्तियों के साथ गार्निश करके सूप का लुत्फ उठाएं।

## मूंग दाल का शोरबा



- मूंग दाल का शोरबा मात्र 10 मिनट में तैयार हो जाता है। इसके लिए आप बिना छिलके की मूंग दाल को धुलकर कुकर में 3 से 4 सीटी लगा लें। इसे तैयार करते समय आपको पानी की मात्रा सामान्य दाल बनाने से दोगुना रखें और गैस की धीमी आंच पर रखकर ही पकाएं।
- अब इसमें हरी धनिया पत्ती, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा कच्चा प्याज मिलाकर तड़का लगा दें। मसलों के नाम पर इसमें सिर्फ हल्दी पाउडर का उपयोग करें, हल्का काला नमक मिलाएं और काली मिर्च पाउडर मिक्स करके गर्मागर्म शोरबा का लुत्फ उठाएं।



**वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.**

# खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।



## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए।

## मेटाबोलिज्म बढ़ाने के लिए चाय आजमाएं

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नीबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।



## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस (अजमोद का रस)

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।



## वजन घटाने के पांच बुनियादी नियम भी जानें

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

CMYK CMYK CMYK CMYK